सूर्योदय 5:51 सूर्यास्त 6:57

आज का तापमान

शिमला	17.5 न्यू	24.5 अधि
धर्मशाला	22.0 न्यू	29.5 अधि

बाजार

सेंसेक्स	77,540
निफ्टी	24,252
सोना 1,60,000	चांदी 2,44,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 22 अगस्त 2026 | 6 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 234, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

तेलंगाना सीएम रेड्डी को अमेरिका जाने की परमिशन नहीं

एजेंसी, हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को अमेरिका जाने की केंद्र से मंजूरी नहीं मिली है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। सीएमओ के मुताबिक, रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाला तेलंगाना राइजिंग प्रतिनिधिमंडल अमेरिका दौरा नहीं कर सकेगा। विदेश मंत्रालय ने राजनीतिक आधार पर क्लियरेंस देने से इनकार किया है। रेवंत रेड्डी फिलहाल लंदन में हैं। उन्हें अमेरिका के बोस्टन जाना था और 30 अगस्त को हैदराबाद लौटना था, लेकिन अब वे 23 अगस्त को सीधे हैदराबाद लौटेंगे। हालांकि, सीएम रेड्डी ने अधिकारियों को अमेरिका जाए बिना वहां के संस्थानों के साथ सभी रूप और साझेदारी समझौते पूरे करने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

अमृतसर के सीमावर्ती गांव में घर पर ग्रेनेड हमला, तीन घायल

एजेंसी, अमृतसर। भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे अमृतसर के गांव जट्टा में बीती रात बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने एक घर पर ग्रेनेड फेंक दिया। धमाके में घर के शीशे टूट गए और परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार दोनों हमलावरों ने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। वारदात के बाद वे बाइक से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पंजाब पुलिस और सेना की टीम मौके पर पहुंची तथा इलाके को घेरकर जांच शुरू की। घटनास्थल से विस्फोटक के टुकड़े और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। एसपी ग्रामीण रमनदीप सिंह ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। एफएसएल रिपोर्ट के बाद धमाके की वजह स्पष्ट होगी और तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

24 अगस्त से नहीं मिलेगी 10वीं सिम

एजेंसी, नई दिल्ली। अगर आपके नाम पर 9 सिम कार्ड एक्टिव हैं तो आपको नया सिम कार्ड नहीं मिलेगा। सरकार ने वीरवार को टेलीकॉम कंपनियों को निर्देश दिया है कि जिन ग्राहकों के नाम पर पहले से तय लिमिट यानी 9 मोबाइल कनेक्शन हैं, उन्हें कोई भी नया सिम कार्ड जारी न किया जाए। यह नियम इसी महीने की 24 तारीख से देशभर में लागू हो जाएगा। दूरसंचार विभाग के मुताबिक, अगर आप तय सीमा से ज्यादा सिम लेने दुकान पर जाएंगे, तो कंपनियां आपको नया कनेक्शन देने से मना कर देंगी। इसके साथ ही आपको यह भी बताया जाएगा कि आपके नाम पर पहले से ही अधिकतम सिम कार्ड चालू हैं, इसलिए नया सिम नहीं दिया जा सकता। (अनंत ज्ञान)

गुजरात में जहरीली शराब पीने वाला शख्स ब्रेन डेड

एजेंसी, भावनगर। शराबबंदी वाले गुजरात में नकली शराब से अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, शुक्रवार को सूरत में रहने वाले संजयसिंह डोडिया नाम के एक युवक को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इस युवक ने भी 16 अगस्त की रात को भावनगर में शराब पार्टी की थी। शराब पीने के बाद संजय रात को ही सूरत लौट आया था। सुबह तक उसकी हालत बेहद नाजुक हो गई थी। उसे सूरत के आईएनएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। संजय पिछले तीन दिनों से वेंटिलेटर पर था। वीरवार की रात संजय को हार्ट अटैक आया और सुबह उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

विधानसभा मानसून सत्र के पहले ही दिन 'वंदे मातरम्' पर हंगामा

सदन में राष्ट्रीय गीत नहीं गाने को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक आमने-सामने

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को वंदे मातरम् को लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के बीच टकराव की स्थिति बन गई। सदन की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई। इसके बाद भाजपा विधायकों ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के दो छंद गाने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी विधायकों का कहना था कि सदन में राष्ट्रगीत गाया जाना चाहिए।

विपक्ष की ओर से भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस पर राष्ट्रगीत के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों ने सदन में राष्ट्रगीत गाने की विनम्र मांग की थी, लेकिन इसकी अनुमति नहीं दी गई। इस दौरान सत्ता पक्ष के विधायक और मंत्री भी अपनी सीटों पर खड़े हो गए और नारेबाजी

भाजपा विधायकों ने राष्ट्र गीत के दो छंद गाने को लेकर की नारेबाजी

करने लगे। हंगामा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन में व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि विधानसभा में सत्र की शुरुआत राष्ट्रगान से और सत्र के समापन पर राष्ट्रगीत गाने की परंपरा और नियम हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल विधानसभा अपने नियमों के अनुसार चलती है।

सदन में विपक्ष की ओर से विधायकों पर दर्ज एफआईआर तथा उनसे पूछताछ के मामलों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी की गई थी। इन मुद्दों पर विपक्ष की ओर से स्थगन प्रस्ताव लाए जाने की संभावना के बीच सदन की कार्यवाही प्रभावित हुई और अंततः शनिवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस विधायकों ने राष्ट्रगान के अपमान का लगाया आरोप

सदन के बाहर भी इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक दल ने राष्ट्रगान के कथित अपमान के विरोध में विधानसभा परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायकों ने एकजुट होकर नारेबाजी करते हुए राष्ट्रगान के सम्मान को सर्वोच्च बताते हुए विपक्ष के रवैये पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस विधायक दल के सदस्यों ने कहा कि राष्ट्रगान देश की एकता, अखंडता और संवैधानिक गरिमा का प्रतीक है। इसके सम्मान से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस विधायकों ने प्रदर्शन के दौरान विपक्ष पर राष्ट्रगान के सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए और कहा कि राष्ट्रीय सम्मान से जुड़े विषयों को राजनीतिक विवाद का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए।

जंतर-मंतर: छात्रों पर पैलेट गन चलाने का मामला

राहुल गांधी के धरने के बाद की गई एफआईआर

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर प्रदर्शनकारी छात्र साहिल की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि मामला अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया है। छात्र का आरोप है कि पैलेट गन के छर्रे लगने से उसकी आंख की रोशनी चली गई। राहुल गांधी केस दर्ज कराने के लिए शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे से संसद मार्ग में धरना दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होती, वे हटेंगे नहीं। इसके बाद 5.30 बजे पुलिस ने एफआईआर लिखना शुरू किया था। राहुल ने साहिल को लगे छर्रे दिखाकर कहा था- 'पैलेट गन चलने के सबूत हैं। ये छर्रे साहिल के शरीर से निकले हैं। अगर पुलिस ने गन नहीं चलाई तो किसने चलाई है। पुलिस कह रही है कि उन्हें एफआईआर नहीं करने के ऊपर से निर्देश हैं।'

राहुल के साथ प्रियंका गांधी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश भी मौजूद थे। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्र साहिल घायल हो गए थे। (अनंत ज्ञान)

राहुल बोले- शिकायत की कॉपी ही नहीं मिली

राहुल का आरोप है कि 20 जुलाई के प्रदर्शन में साहिल पैलेट गन से घायल हुए। 14 अगस्त को उन्होंने दिल्ली पुलिस को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन उन्हें शिकायत की कॉपी ही नहीं मिली। 17 अगस्त को ईमेल और फोन से भी शिकायत पर कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

शिकायत क्राइम ब्रांच को भेजी जाएगी : दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शिकायत पीड़ित ने खुद दी है। 20 जुलाई को दर्ज सभी मामलों की जांच पहले से क्राइम ब्रांच कर रही है। पुलिस ने शिकायतकर्ता को बताया है कि उसकी शिकायत भी क्राइम ब्रांच को भेजी जाएगी।

सिविल जज बनने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 3 साल की प्रैक्टिस घटाकर एक साल की

एजेंसी, नई दिल्ली

देश के उच्चतम न्यायालय ने जज बनने के लिए शुरुआती परीक्षा में शामिल होने के लिए तीन साल के अनिवार्य वकालत के अनुभव को घटाकर एक वर्ष कर दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने 2-1 के बहुमत से फैसला किया कि जज बनने की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को जुडिशियल एकेडमी में ट्रेनिंग लेने के अलावा एक साल का क्लर्कशिप भी करना होगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मई 2025 और मार्च 2027 के बीच आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने पुराने अनुभव का लाभ मिलेगा। बता दें कि 20 मई 2025 को उच्चतम न्यायालय ने जज बनने के लिए तीन वर्ष तक वकालत के अनुभव की अनिवार्यता बहाल करने का आदेश दिया था। इसी आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिकाएं दायर की गई थीं। वरिष्ठ वकील

कॉलिन गोंजाल्वेस ने दायर याचिका में कहा है कि उच्चतम न्यायालय ने पांच लॉ कमीशन की रिपोर्ट पर विचार नहीं किया, जिसमें सर्वसम्मति से जज बनने के लिए बतौर वकील तीन साल की प्रैक्टिस की बात को खारिज की गई है।

याचिका में दूसरे न्यायिक वेतन आयोग 2022 के रिपोर्ट का जिक्र किया गया था, जिसमें ऐसी किसी भी बाध्यता को लागू करने के पहले सभी पक्षों से सलाह-मशविरा करने पर जोर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

नशा तस्कर की 85.75 लाख की संपत्ति फ्रीज

अनंत ज्ञान, विवेक शर्मा, अंब। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ ऊना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अम्ब में आरोपी और उसकी पत्नी के नाम दर्ज करीब 85.75 लाख रुपए की संपत्ति फ्रीज की है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई फरवरी 2026 में दर्ज एनडीपीएस मामले की वित्तीय जांच के आधार पर की गई। पुलिस थाना अम्ब, सीआईडी और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने धुसाड़ा में नाकाबंदी के दौरान गोंदपुर बनेहड़ा निवासी संजीव कुमार को क्विड कार सहित गिरफ्तार किया था। तलाशी में उसके कब्जे से 31,800 ट्रामाडोल, 3,765 अल्प्राजोलम और 8,000 प्रीगाबालिन गोलियां बरामद होने का दावा किया गया था। वित्तीय जांच में आरोपी और उसकी पत्नी के नाम दर्ज दो मंजिला मकान, आठ मरला भूमि, दो एलएमवी, एक गुड्स ट्रांसपोर्ट वाहन, एक बैंक खाता और नौ पोस्टल सेविंग अकाउंट चिन्हित किए गए। इनकी कुल कीमत 85,75,012 रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार नशा तस्करी से अर्जित संपत्ति पर शिकंजा कसने की जिले में यह पहली बड़ी कार्रवाई है। पुलिस ने कहा कि नशे के नेटवर्क की आर्थिक कमर तोड़ने के लिए वित्तीय जांच आगे भी जारी रहेगी।

हिमाचल में अभी भी 128 सड़कें बंद; 18 ट्रांसफार्मर, 52 पेयजल योजनाएं प्रभावित

मानसून की रफ्तार हुई कमजोर, लेकिन बारिश से उपजी दुश्वारियां अभी भी बरकरार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को मानसून की रफ्तार कुछ कमजोर जरूर पड़ी है, लेकिन बारिश से उपजी दुश्वारियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। प्रदेश में 128 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं, जबकि 18 बिजली ट्रांसफार्मर और 52 पेयजल योजनाएं प्रभावित चल रही हैं। मंडी और कुल्लू जिलों में सबसे अधिक सड़कें बंद होने से लोगों की आवाजाही पर असर पड़ा है।

जानकारी के अनुसार मंडी में अकेले 52 सड़कें बंद हैं, जिनमें सिराज उपमंडल की 35 सड़कें शामिल हैं, जबकि कुल्लू में 43 मार्ग बाधित हैं। सरकाघाट और सुंदरनगर क्षेत्रों में 15 ट्रांसफार्मर खराब बताए गए हैं। हमीरपुर में पानी का संकट भी गहराया हुआ है और 46 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारों की संभावना बनी हुई है।

आज कुछ स्थानों पर बारिश के आसार

बीते 24 घंटों में नाहन में 13 मिलीमीटर और पांवटा साहिब में 12 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 22 अगस्त को कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है, इसलिए पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन, अचानक बाढ़ और सड़क अवरोध को लेकर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं, मानसून के कमजोर पड़ने के बीच प्रदेश के कई स्थानों पर तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऊना में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि केलांग में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

समुद्री लुटेरों के कब्जे वाले दो जहाजों में 22 भारतीय नाविक सवार, सभी सुरक्षित

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार यमन और सोमालिया तट के पास समुद्री लुटेरों के कब्जे में लिए गए दो वाणिज्यिक जहाजों में सवार सभी 22 भारतीय सुरक्षित हैं। शुक्रवार को प्रेस वार्ता में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी दी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, दो जहाज हैं; दोनों पर विदेशी झंडे लगे हैं और उन पर भारतीय नाविक सवार हैं। इनमें कुल 22 (एक जहाज पर 16 और दूसरे पर छह) भारतीय हैं। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, ये 22 नाविक सुरक्षित हैं

और हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस मामले में संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं। जानकारी के अनुसार, दो अलग-अलग घटनाओं में सशस्त्र समुद्री डाकुओं ने दो जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया। इसमें कथित तौर पर 22 भारतीय नाविक सवार थे। (अनंत ज्ञान)

कहां फंसे जहाज ?

यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स सेंटर के अनुसार उसे यमन के अल मुकल्ला से 136 नॉटिकल मील पूर्व में एक घटना की सूचना मिली थी। यहां 'सीमल' टैंकर ने मदद के लिए एक संदेश (डिस्ट्रेस कॉल) भेजा था कि अदन की खाड़ी में पश्चिम की ओर जाते समय एक अनधिकृत जहाज उसके पास आ रहा था। वहीं, कैमरून के ध्वज वाले एक अन्य पोत 'एम/वी लुतुफ' का 17 अगस्त को सोमालिया के पुंटलैंड तट के पास अगवा किया गया। इस पोत के चालक दल के 10 सदस्यों में छह भारतीय हैं।

सिर्फ इमारत नहीं, उम्मीद बन रहा बिलासपुर एम्स

अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद से क्रिटिकल केयर और जांच सुविधाएं होंगी सुदृढ़

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा का मतलब केवल अस्पताल की इमारत नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था है जहां सड़क हादसे में घायल या गंभीर मरीज को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्य की ओर रेफर न करना पड़े। इसी दिशा में एम्स बिलासपुर की बढ़ती चिकित्सा क्षमताएं पहाड़ के लिए नई उम्मीद बन रही हैं।

अगस्त में सामने आई अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद और टेंडर प्रक्रिया इस बदलाव का संकेत देती है। ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग के लिए ब्लड कोएगुलेशन टेस्टिंग मशीन, हाई-एंड कार्डियक आउटपुट मॉनिटर और एलसी-एमएस जैसी उन्नत तकनीकों से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत करने की प्रक्रिया सामने आई है। गंभीर सड़क हादसों में अत्यधिक रक्तस्राव, शॉक या ऑपरेशन की स्थिति में मरीज की रक्त जमने की क्षमता की तत्काल और सटीक जानकारी जरूरी होती है। ऐसे में ब्लड कोएगुलेशन टेस्टिंग मशीन केवल एक जांच उपकरण नहीं, बल्कि उपचार संबंधी निर्णय तेजी से लेने में मददगार साबित हो सकती है। अस्पताल में ही बेहतर जांच उपलब्ध होने से डॉक्टरों और मरीज दोनों का महत्वपूर्ण समय बच सकता है।

क्रिटिकल केयर में बेहतर निगरानी

हाई एंड कार्डियक आउटपुट मॉनिटर गंभीर मरीजों में हृदय द्वारा शरीर तक रक्त पहुंचाने की क्षमता और परिसंचरण व्यवस्था की निगरानी में मदद करता है। ऑपरेशन, गंभीर संक्रमण, शॉक और अन्य जटिल परिस्थितियों में मरीज की हालत तेजी से बदल सकती है। ऐसे में उन्नत मॉनिटरिंग डॉक्टरों को केवल सामान्य संकेतों के बजाय विस्तृत आंकड़ों के आधार पर उपचार का निर्णय लेने में मदद करती है।

जटिल जांच की दिशा में एलसी-एमएस तकनीक

एलसी-एमएस अत्यधिक संवेदनशील और विशिष्ट परीक्षणों के लिए इस्तेमाल होने वाली आधुनिक विश्लेषण तकनीक है। एम्स जैसे संस्थान में ऐसी क्षमता विकसित होना डायग्नोस्टिक सेवाओं को सामान्य जांच से आगे ले जाने वाला कदम है। जटिल और रेफरल स्तर के मरीजों के लिए सटीक जांच बेहतर चिकित्सकीय निर्णय की महत्वपूर्ण आधारशिला है।

होर्मुज पर जल्द होगा अमेरिका का कब्जा : ट्रंप

ईरान की नेवी और एयरफोर्स खत्म, सिर्फ कुछ मिसाइल और ड्रोन बचे

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट पर पूरी तरह कंट्रोल कर लेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों में ईरान की नेवी, एयरफोर्स और मिलिट्री लीडरशिप को बहुत नुकसान हुआ है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई करना जरूरी था। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर भविष्य में ईरान की ओर से फिर ऐसा खतरा पैदा हुआ, तो अमेरिका फिर से कड़े कदम उठाएगा। (अनंत ज्ञान)

ईरान से बातचीत करना मुश्किल

ट्रंप ने कहा कि ईरान के कई बड़े नेता अब नहीं रहे। इसके चलते नए समझौते पर बातचीत मुश्किल हो गई है। फिलहाल यह भी साफ नहीं है कि ईरान में फैसले कौन ले रहा है। ट्रंप ने एक बार फिर से दावा किया कि ईरान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश में महंगाई बहुत ज्यादा है। सेना को वेतन देने में भी दिक्कतें आ रही हैं।

ईरान की मदद करने वालों को चेतावनी

अमेरिका ने ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों और कंपनियों को चेतावनी दी है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बैसेंट ने कहा कि जो लोग ईरान के साथ कारोबार जारी रखेंगे, उनके खिलाफ अमेरिका कड़े आर्थिक कदम उठा सकता है। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को ईरान पर नई आर्थिक कार्रवाई का ऐलान किया है। इसका मकसद ईरान की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाकर उसे परमाणु कार्यक्रम खत्म करने और होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए मजबूर करना है। अमेरिका पहले ही ईरान के तेल, बैंकिंग और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर कई प्रतिबंध लगा चुका है। अब वह ईरान से जुड़े दूसरे देशों और कंपनियों पर भी दबाव बढ़ाने की तैयारी में है।

विधानसभा मानसून सत्र

देवभूमि के 36 मंदिरों में बरसी आस्था की दौलत, तीन साल में 4.19 अरब चढ़ा चढ़ावा

बाबा बालकनाथ, मां नयना देवी और चिंतपूर्णी में सबसे अधिक चढ़ावा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश की देवभूमि में श्रद्धा और आस्था की गहरी जड़ें एक बार फिर सामने आई हैं। प्रदेश सरकार के अधीन संचालित 36 प्रमुख मंदिरों में बीते तीन वर्षों के दौरान श्रद्धालुओं ने 4 अरब 19 करोड़ 88 लाख 37 हजार 451 रुपए का चढ़ावा अर्पित किया है। विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सामने आए लिखित जवाब में यह आंकड़ा सामने आया। खास बात यह है कि यह राशि केवल नकद चढ़ावे की है, इसमें मंदिरों में अर्पित सोना, चांदी, हीरे-जवाहरात और अन्य बहुमूल्य सामग्री को शामिल नहीं किया गया है। आंकड़ों से साफ है कि हिमाचल के प्रमुख शक्तिपीठों और सिद्धपीठों में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था कितनी मजबूत है।

◆ **विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सामने आया लिखित जवाब में मंदिरों का आंकड़ा**

चढ़ावे के मामले में दियोटसिद्ध स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर सबसे आगे रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यहां तीन वर्षों में 99 करोड़ रुपये से अधिक की भेंट श्रद्धालुओं ने अर्पित की। इसके बाद ऊना स्थित मां चिंतपूर्णी मंदिर में 85 करोड़ 72 लाख रुपए से अधिक और बिलासपुर स्थित मां नैना देवी मंदिर में 86 करोड़ 94 लाख रुपए से अधिक का चढ़ावा दर्ज किया गया। कांगड़ा के मां ज्वालामुखी मंदिर में भी 36 करोड़ 57 लाख रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई। इस आंकड़े में अष्टभुजा और टेढ़ा मंदिर का चढ़ावा भी शामिल है। वहीं, बिलासपुर के शाहतलाई स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर समूह में 14 करोड़ रुपए से अधिक की भेंट दर्ज हुई है।

शिमला के मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र बने हुए हैं। राजधानी के जाखू स्थित हनुमान मंदिर में तीन साल की अवधि में 8 करोड़ 82 लाख रुपए से अधिक का चढ़ावा आया, जबकि तारादेवी मंदिर में यह राशि 5 करोड़ रुपए से अधिक रही। विधानसभा में शाहपुर के कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया ने मंदिरों में तीन वर्षों के दौरान प्राप्त चढ़ावे और उसके उपयोग को लेकर सवाल पूछा था। सरकार की ओर से दिए गए जवाब में बताया गया कि मंदिरों में प्राप्त चढ़ावे की राशि का उपयोग संबंधित देवस्थलों के रखरखाव, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, गौशालाओं और अन्य धार्मिक एवं जनसुविधा से जुड़े कार्यों में निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाता है।

चढ़ावे के आंकड़ों ने दिखाई देवभूमि की आस्था की ताकत

कुल 4.19 अरब रुपए का यह आंकड़ा केवल धनराशि नहीं, बल्कि हिमाचल की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी श्रद्धा का बड़ा प्रमाण भी है। प्रदेश के शक्तिपीठों, सिद्धपीठों और प्राचीन मंदिरों में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार देवी-देवताओं के चरणों में भेंट अर्पित करते हैं। मंदिरों में बढ़ता चढ़ावा जहां धार्मिक पर्यटन की मजबूती को दर्शाता है, वहीं इससे प्राप्त राशि को पारदर्शी तरीके से मंदिरों के संरक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और जनकल्याणकारी कार्यों में लगाने की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती है।

सौहार्द और सामंजस्य से चलता हैं सदन : पठानिया

बोले-सदन की कार्यवाही में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का सहयोग जरूरी

विधानसभा अध्यक्ष पठानिया छात्रों से संवाद करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सदन की कार्यवाही सौहार्द, सामंजस्य और सभी सदस्यों के सहयोग से चलती है। मानसून सत्र के प्रथम दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले कॉन्वेंट ऑफ जीजस एंड मैरी, शेलडे तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दिओट, तहसील चौपाल के करीब 104 छात्र-छात्राओं ने विधानसभा परिसर में उनसे संवाद किया।

छात्रों ने सदन की कार्यप्रणाली, अध्यक्ष की भूमिका, विधानसभा के गठन तथा मंत्रिपरिषद से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका पठानिया ने विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि भारत की संसदीय व्यवस्था संघीय ढांचे पर आधारित है, जिसमें केंद्र में संसद तथा राज्यों में विधानमंडल कार्य करते हैं।

◆ **लोकतंत्र और कानून की गरिमा बनाए रखना भावी पीढ़ी की जिम्मेदारी**

पठानिया ने कहा कि वे 14वीं विधानसभा के सर्वसम्मति से निर्वाचित अध्यक्ष हैं और उनका प्रमुख दायित्व सदन की कार्यवाही का निष्पक्ष एवं सुचारु संचालन करना है। इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों का सहयोग आवश्यक है। कानून की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे देश के भावी अधिवक्ता और न्यायाधीश हैं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था और कानून के शासन की गरिमा बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में मोतीलाल नेहरू, विट्ठलभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे विधिवेत्ताओं के योगदान का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा की अपनी गौरवशाली परंपराएं और उच्च मर्यादाएं रही हैं। राष्ट्रीय असेंबली के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल ने संसदीय परंपराओं को मजबूत आधार दिया था और आज भी हिमाचल प्रदेश विधानसभा की कार्यप्रणाली तथा गरिमा की पूरे देश में चर्चा होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सदन की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मानसून सत्र में आक्रामक रहेगा सत्तापक्ष, तथ्यों से विपक्ष के सवालों का जवाब देगी सरकार

अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक में मंत्रियों-विधायकों को दिए पूरी तैयारी के निर्देश

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सत्तापक्ष भी विपक्ष के हमलों का मजबूती से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। सत्र से एक दिन पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले सवालों और मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और विधायकों को निर्देश दिए कि वे सदन में पूरी तैयारी के साथ आएं और विपक्ष के सवालों का जवाब आंकड़ों तथा तथ्यों के साथ दें। बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित कांग्रेस विधायक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले मुद्दों पर पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल और शून्यकाल में पूछे जाने वाले सवालों के जवाब में आंकड़ों और तथ्यों को प्रमुखता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष और नेता प्रतिपक्ष से भी तथ्यों के साथ सदन में आने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि विरोध और वॉकआउट विपक्ष का अधिकार है, लेकिन सरकार को भी सदन में अपनी बात रखने का अवसर दिया जाना चाहिए। सुक्खू ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में पहली बार 10 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया गया है और आशंका जताई कि चुनावी माहौल के चलते सोशल मीडिया पर सक्रिय बने रहने के लिए विपक्ष सदन में हंगामा कर सकता है।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में मानसून सत्र के दौरान सरकार की ओर से अपनाई जाने वाली रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। सरकार जलविद्युत परियोजनाओं से मिलने वाली मुफ्त बिजली, जल उपकर की वसूली और राज्य हितों के संरक्षण जैसे विषयों पर भी अपना पक्ष रखेगी। वहीं विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दोनों दलों से सदन की कार्यवाही के संचालन में सहयोग की अपील की है और कहा है कि सत्र की अवधि बढ़ भी सकती है। सत्ता पक्ष की रणनीति सदन की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से चलाते हुए विपक्ष के सवालों का तथ्यों के साथ जवाब देने की है, ताकि संसदीय परंपराओं और सदन की गरिमा का सदैव सम्मान बना रहे।

विश्वविद्यालय फीस वृद्धि पर सीएम सुक्खू ने दिए समीक्षा के निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। विधानसभा परिसर, शिमला में एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट कर विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि से विद्यार्थियों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर चिंता जाहिर की। प्रतिनिधिमंडल की मांग पर मुख्यमंत्री ने तत्काल विश्वविद्यालय के कुलपति से बातचीत की और फीस वृद्धि के मामले की समीक्षा के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और फीस वृद्धि के कारण किसी भी विद्यार्थी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आर्थिक कारणों से किसी भी बच्चे की पढ़ाई प्रभावित न हो। विद्यार्थियों को राहत देने और उनकी शिक्षा को आर्थिक बोझ से मुक्त रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

देश संविधान से चलेगा, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के फरमान से नहीं : जयराम

कहा-वंदे मातरम् के गायन में किसी प्रकार की काट-छांट बर्दाश्त नहीं

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वंदे मातरम के गायन को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत देश संविधान और संसद से पारित कानून के अनुसार चलेगा, कांग्रेस वर्किंग कमेटी अथवा गांधी परिवार के फरमान के अनुसार नहीं।

उन्होंने मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जिस गीत को गाकर देश के वीर सपूतों ने बलिदान दिया, उसके गायन में किसी भी प्रकार की काट-छांट या व्यवधान देश की राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है। उन्होंने मुख्यमंत्री के वंदे मातरम् के केवल दो छंद गाए जाने संबंधी बयान को

जयराम ठाकुर पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

भी दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे वापस लेने और देशवासियों से माफी मांगने की मांग की।

जयराम ठाकुर ने कहा कि वंदे मातरम के सभी छंदों के गायन को लेकर राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 संसद के दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद कानून बन चुका है। इसके तहत राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के सम्मान तथा उनके गायन में व्यवधान को लेकर प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के नाम पर राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों के साथ समझौता करने का समय अब समाप्त हो चुका है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 1937 में कांग्रेस ने मुस्लिम लीग को नाराज न करने के लिए संपूर्ण वंदे मातरम् के गायन से पीछे हटकर राष्ट्रीय गीत के साथ अन्याय किया था। उन्होंने कहा कि आज जब वंदे मातरम् फिर से पूर्ण रूप में देश की आवाज बन रहा है और लाल किले की प्राचीर से इसकी गूंज सुनाई दे रही है, तो कांग्रेस नेताओं को यह स्वीकार नहीं हो रहा।

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् का अपमान देश किसी भी स्तर पर सहन नहीं करेगा और इसके सम्मान को लेकर किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने हिमाचल विधानसभा की गरिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार और विधानसभा अध्यक्ष को सदन की परंपराओं के साथ-साथ संसद द्वारा बनाए गए कानून का भी पूरा सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विधानसभा में कानून के अनुरूप वंदे मातरम् का गायन नहीं किया गया या इसमें किसी प्रकार की काट-छांट की गई, तो भारतीय जनता पार्टी इसका डटकर विरोध करेगी।

उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से भी कानून का सम्मान करते हुए राष्ट्रगीत के पूर्ण और गरिमापूर्ण गायन को सुनिश्चित करने की मांग की। जयराम ठाकुर ने कहा कि सदन नियमों और संविधान के अनुसार चलेगा, न कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी अथवा गांधी परिवार के निर्देशों के अनुसार।

विधानसभा में भाजपा ने राष्ट्रगान का अपमान कर अपनी मानसिकता का दिया परिचय : विनय

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने प्रदेश विधानसभा के भीतर भाजपा नेताओं के आचरण की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा ने राष्ट्रगान का अपमान कर अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को देश के सम्मान से अधिक अपनी राजनीति की चिंता है। विनय कुमार ने आरोप लगाया कि भाजपा देश के इतिहास से छेड़छाड़ कर अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ा रही है तथा धर्म के नाम पर कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा देकर संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ध्रुवीकरण की राजनीति के जरिए देश के लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने नीट पेपर लीक सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

प्रदेश संगठन महामंत्री विनोद जिंटा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के निर्देश पर सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों को 22 अगस्त को अपने-अपने जिलों में भाजपा के कथित निंदनीय आचरण के विरोध में रोष प्रदर्शन करने के निर्देश दिए हैं। विनोद जिंटा ने भाजपा विधायकों की आलोचना करते हुए कहा कि राष्ट्रगान का अपमान देश का अपमान है और इसे किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा। कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन कर भाजपा के खिलाफ जनमत तैयार करने का ऐलान किया है।

प्रदेश में पंचायत चौकीदारों के 566 रिक्त पद खत्म

विधानसभा में विधायक लखनपाल के सवाल पर सामने आया जवाब

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंचायत चौकीदारों के 566 रिक्त पदों को समाप्त कर उन्हें डाइंग कैडर घोषित कर दिया है। प्रदेश में पंचायत चौकीदारों के कुल 3157 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 2591 पद भरे हुए हैं, जबकि 566 पद लंबे समय से रिक्त चल रहे थे।

सरकार के अनुसार इन पदों को समाप्त करने से हर वर्ष करीब 1.70 करोड़ रुपए की बचत होगी। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी सामने आई है।

पंचायतीराज विभाग ने पंचायतों में रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर 400 मल्टी टास्क वर्कर्स के पद आउटसोर्स आधार पर भरने का निर्णय लिया है। लिखित जवाब में सरकार ने कहा कि इस व्यवस्था का वित्तीय और प्रशासनिक अध्ययन किया गया है और इसे मौजूदा व्यवस्था की तुलना में अधिक उचित पाया गया। नए मल्टी टास्क वर्कर्स को पंचायतों में सुरक्षा के अलावा विभिन्न दूसरे कार्य भी सौंपे जा सकेंगे।

◆ **1.70 करोड़ रुपए सालाना बचेगा, 400 एमटीडब्ल्यू पदों से होगी वैकल्पिक व्यवस्था**

कांगड़ा में सबसे ज्यादा 140 पद रिक्त, लाहौल स्पीति में केवल पांच

रिक्त पंचायत चौकीदार पदों की संख्या जिलावार अलग-अलग रही। कांगड़ा में सबसे अधिक 140 पद रिक्त थे, जबकि मंडी में 74, शिमला में 51 और मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर में 39 पद खाली थे। वहीं लाहौल-स्पीति में सबसे कम पांच पद रिक्त पाए गए। सरकार का कहना है कि प्रशासनिक और वित्तीय दृष्टि से नई व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी, हालांकि 566 पदों को समाप्त किए जाने के बाद पंचायत स्तर पर सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी अब नए मल्टी टास्क वर्कर्स की व्यवस्था से निभाई जाएगी।

राजनीतिक प्रतिशोध से भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने बनाई सरकार को घेरने की रणनीति

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर भाजपा ने सरकार को आक्रामक तरीके से घेरने की रणनीति तैयार की है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में बीरवार शाम भाजपा विधायक दल की बैठक में विधानसभा के भीतर और बाहर उठाए जाने वाले मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों और प्रदेश के मौजूदा हालात को देखते हुए भाजपा इस बार राजनीतिक प्रतिशोध से लेकर भ्रष्टाचार तक के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है। पार्टी का कहना है कि सरकार की नीतियों से आम जनता प्रभावित हो रही है और विकास कार्य भी प्रभावित हुए हैं।

भाजपा विधायक दल कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार के आरोपों, कर्मचारियों और पेंशनरों के लंबित मामलों, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, आपदा राहत कार्यों तथा कांग्रेस की चुनावी गारंटियों को प्रमुखता से उठाएगा। विपक्ष विधायकों पर दर्ज एफआईआर और उनसे की जा रही पूछताछ का मुद्दा भी सदन में उठाने की तैयारी में है। इन मामलों को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाए जाने की संभावना है। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। विपक्ष ने पांच लाख रोजगार देने के वादे को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा है।

◆ **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की हुई बैठक**

◆ **विधानसभा के भीतर और बाहर आक्रामक रुख अपनाने की तैयारी**

मानसून सत्र शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने विधानसभा परिसर में हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर प्रदर्शन किया तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा का कहना है कि यह प्रदर्शन वर्तमान कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किया गया। पार्टी की रणनीति केवल राजनीतिक मुद्दों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रशासनिक और वित्तीय मोर्चों पर भी सरकार से जवाब मांगा जाएगा। विपक्ष का कहना है कि वह जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में मजबूती से उठाएगा और सरकार को तथ्यों के आधार पर जवाब देने के लिए मजबूर करेगा।

विधानसभा परिसर में सीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

लोगों से सीधे संवाद कर अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को विधानसभा परिसर, शिमला में पहुंचे विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों और व्यक्तिगत समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि और सरकार का जनता के बीच सीधे संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े और उनकी शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो।

विधानसभा परिसर, शिमला में जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

उन्होंने अधिकारियों को जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक व्यक्ति की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरतमंद लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, साथ ही यह भी प्रयास किया जा रहा है कि लोगों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके।

ब्यौरा

मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों के 228 विदेश दौरों की सदन में रखी जानकारी

विदेश यात्राओं पर सरकार ने खर्च किए 20 करोड़ रुपए

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में जनवरी 2023 से 31 जुलाई 2025 तक मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के विदेश दौरों पर 20 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने का मामला विधानसभा के मानसून सत्र में सामने आया है।

भाजपा विधायक राकेश जम्वाल और रणधीर शर्मा के संयुक्त सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विदेश दौरों से संबंधित विस्तृत जानकारी सदन में रखी। जवाब के अनुसार इस अवधि में विदेश यात्राओं से जुड़ी कुल 228 प्रविष्टियां दर्ज हैं।

सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री सुक्खू सहित आठ सदस्यीय दल ने दुबई का दौरा किया, जिस पर 11.73 लाख रुपए से अधिक खर्च हुए। यह दौरा पर्यटन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से

राकेश जम्वाल

रणधीर शर्मा

◆ **शिक्षा दल की सिंगापुर यात्रा सबसे महंगी**

किया गया था। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, तत्कालीन सीपीएस सुंदर ठाकुर तथा अधिकारियों के स्विट्जरलैंड और आस्ट्रिया दौरों पर 37 लाख रुपए से अधिक खर्च हुए।

उद्यान विभाग के अधिकारियों की नीदरलैंड यात्रा पर 30.37 लाख रुपए से अधिक और कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक मोहन लाल ब्राक्टा सहित अन्य अधिकारियों के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 25.43 लाख रुपए से अधिक खर्च हुए। विश्व बैंक पोषित बागवानी विकास परियोजना के तहत 36 अधिकारियों की सर्बिया यात्रा पर भी 97 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च हुई। विदेश यात्राओं में सबसे अधिक खर्च समग्र शिक्षा के तहत सिंगापुर, कंबोडिया सहित अन्य देशों की यात्रा पर हुआ। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, आशीष बुटेल, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, 353 शिक्षकों और 50 बच्चों सहित बड़े दल की इस यात्रा पर 11 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हुए।

वहीं, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, पांच विधायकों और अधिकारियों के जर्मनी, बेल्जियम, नीदरलैंड तथा चेक गणराज्य दौरे पर 2.91 करोड़ रुपये खर्च किए गए। पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार, दो विधायकों और अधिकारियों की पेरिस यात्रा पर 32.58 लाख रुपए से अधिक खर्च आया। इस दौरान कुछ यात्राएं प्रायोजित भी रहीं, जिनका खर्च संबंधित संस्थाओं या एजेंसियों ने वहन किया।

एक ही दौरे पर 11 करोड़ से अधिक की राशि

जुलाई 2025 में शहरी विकास विभाग से संबंधित अध्ययन दौरे के तहत कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह, चार कांग्रेस विधायकों और अधिकारियों ने दक्षिण कोरिया तथा जापान की 11 दिवसीय यात्रा की, जिस पर 72 लाख रुपए से अधिक खर्च हुए। विधानसभा में रखे गए इस पूरे ब्यौरे से स्पष्ट हुआ कि सरकार के प्रतिनिधियों और अधिकारियों के विदेश दौरों में अलग-अलग विभागों से जुड़े निवेश, प्रशिक्षण, अध्ययन और परियोजनाओं के उद्देश्य शामिल रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

टीएमसी में पर्ची बनाने को लगी लंबी कतारें

अनंत ज्ञान आशीष दमीर, कांगड़ा। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल टांडा मेडिकल कॉलेज में मरीजों को पर्ची बनवाने के लिए लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ रहा है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि सुबह पर्ची बनवाकर डॉक्टर को दिखाने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन लंबे इंतजार के कारण काफी परेशानी होती है। कश्मीर चंद, शकुन्तला देवी, अंशु कुमार, कुलभाष कुमार, चंचल देवी सहित अन्य मरीजों ने प्रशासन से व्यवस्था जल्द सुधारने की मांग की। उनका कहना है कि समस्या दूर न हुई तो सरकार और टांडा प्रशासन के खिलाफ आवाज उठानी पड़ेगी। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विवेक बुनैयल ने कहा कि पर्ची बनाने में करीब 10 मिनट लगते हैं। समस्या होने पर कार्रवाई की जाएगी।

हॉलमार्क चिह्नों के महत्व की दी जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला। भारतीय मानक ब्यूरो के परवाणू शाखा कार्यालय की ओर से जिला कांगड़ा के विभिन्न ब्लॉकों में महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 'शाइन' प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की अध्यक्षता बीआईएस परवाणू शाखा कार्यालय के निदेशक एवं प्रमुख एसपी नायक ने की। प्रशिक्षण में क्लस्टर स्तरीय संघों से जुड़ी करीब 600 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को आईएसआई, सीआरएस और हॉलमार्क चिह्नों के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही बीआईएस केयर ऐप के दैनिक जीवन में उपयोग और प्रमाणित उत्पादों की पहचान करने के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को गुणवत्ता मानकों के प्रति जागरूक और सशक्त बनाना रहा।

सुनील बने शाहपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। गुरुवार को काली माता मंदिर में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों के नाम तय किए गए। सुनील वर्मा को व्यापार मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। अंकज जामवाल को उपाध्यक्ष, सचिन महाजन और बॉबी शर्मा को महासचिव तथा नवनीत शर्मा उर्फ न्यू और सतीश गुप्ता को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। मेथराज शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। तनुज महाजन और वरुण नाग संगठन सचिव, जबकि नवल उपाध्याय मीडिया सलाहकार होंगे। नई कार्यकारिणी में अन्य व्यापारियों को भी सदस्य बनाया गया है। नई टीम ने व्यापारियों की समस्याओं को संगठित तरीके से उठाने और उनके हितों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करने की उम्मीद है।

टांडा में नाहलियस सेवा समिति लगा रही लंगर

अनंत ज्ञान आशीष दमीर, कांगड़ा। टांडा मेडिकल कॉलेज में नाहलियस सेवा समिति दल पिछले दो वर्षों से हर महीने लंगर लगाकर मरीजों और तीमारदारों की सेवा कर रहा है। समिति के मुख्य अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि दो वर्ष पहले दिल्ली में रहने के दौरान उन्हें डेंगू हो गया था। उनके परिजनों ने मां बज्रेश्वरी देवी से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मां के आशीर्वाद से स्वस्थ होने के बाद उन्होंने सेवा कार्य शुरू करने का संकल्प लिया। इसी के तहत टांडा में लंगर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करीब 40 लोग नियमित रूप से लंगर में सेवाएं दे रहे हैं।

शाहपुर में पीटीए की वार्षिक बैठक आज

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की वार्षिक बैठक 22 अगस्त को आयोजित की जाएगी। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास सहित विभिन्न विषयों पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच विचार-विमर्श किया जाएगा।

जिला कांग्रेस महासचिव बनने पर जताया आभार

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा के नवनियुक्त महासचिव एवं बार काउंसिल बैजनाथ के अध्यक्ष अधिवक्ता अजय अवस्थी ने अपनी नियुक्ति के लिए

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार, सांसद एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा सहित कांग्रेस के सभी विधायकों और नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी ईमानदारी, निष्ठा और मेहनत से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के दिशानिर्देशानुसार कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।

तानिया मिस और अरमान बने मिस्टर फ्रेशर

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। राजकीय महाविद्यालय मटौर के कला संकाय की ओर से प्रथम सेमेस्टर के नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने की। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नवागंतुकों का तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और अभिनय की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जबकि प्राध्यापकों के लिए भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में तानिया को मिस फ्रेशर, अरमान को मिस्टर फ्रेशर, सृष्टि को मिस पर्सनेलिटी और कृष को मिस्टर पर्सनेलिटी चुना गया। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को स्टार्टअप और बिजनेस आइडिया का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के बीबीए विभाग की ओर से उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश के सहयोग से निटकॉन लिमिटेड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राकेश पठानिया सहित विभागीय शिक्षक मौजूद रहे। विद्यार्थियों को उद्यमी सोच, बिजनेस आइडिएशन, गो-टू-मार्केट रणनीति, स्टार्टअप संचालन, फंडिंग और स्टार्टअप पिचिंग का प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन विद्यार्थियों ने अपने नवोन्मेषी स्टार्टअप विचार तैयार कर पिच के माध्यम से प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने कहा कि व्यावहारिक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को वास्तविक व्यावसायिक चुनौतियों को समझने और उनके समाधान विकसित करने में मदद मिलती है।

एचपीयू टीम ने किया कॉलेज का निरीक्षण

अनंत ज्ञान शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अधिकृत समिति ने प्रो. सुरेंद्र सिंह नारटा की अध्यक्षता में राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां का शैक्षणिक निरीक्षण किया। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. अजय कुमार ने समिति का स्वागत किया। निरीक्षण का उद्देश्य बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और पीजीडीसीए पाठ्यक्रमों की मान्यता प्रक्रिया को आगे बढ़ाना था। समिति ने पुस्तकालय, कंप्यूटर, भौतिकी व रसायन विज्ञान प्रयोगशालाओं सहित कक्षाओं का जायजा लिया व छात्रों से संवाद किया। इस दौरान कॉलेज में रिक्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों का मुद्दा भी उठाया गया। समिति ने आश्वासन दिया कि रिक्त पदों का उल्लेख निरीक्षण रिपोर्ट में किया जाएगा।

गैलेक्सी स्कूल में एचपीसीए वर्दी की वितरित

अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां। गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन धर्मशाला की ओर से संचालित सब सेंटर के खिलाड़ियों को सत्र 2026-27 की खेल वर्दियां वितरित की गईं। एचपीसीए की ओर से हर वर्ष सब सेंटर के बच्चों को खेल संबंधी पोशाक उपलब्ध करवाई जाती है। इस बार भी खिलाड़ियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के वर्दियां प्रदान की गईं। वर्दियां पाकर खिलाड़ी काफी खुश और उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. गुलशन कुमार, निदेशिका किरण लता वैद और प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा मौजूद रहे।

रेड रिबन क्लब ने निकाली जागरूकता रैली

अनंत ज्ञान पिंकी, डाडासीबा। बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में शुक्रवार को रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एचआईवी/एड्स की रोकथाम एवं बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को एचआईवी/एड्स के कारणों, बचाव के उपायों और इससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना रहा। रैली से पहले महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रजनी सांख्यान ने विद्यार्थियों को संक्रमण से बचाव, सुरक्षित व्यवहार और जागरूकता के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से सही जानकारी लोगों तक पहुंचाने और एचआईवी/एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ का महासम्मेलन कल

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ धर्मशाला जोन का महासम्मेलन 23 अगस्त को सुबह 10 बजे डी-पोली, शीला चौक धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बृजलाल ने बताया कि सम्मेलन की अध्यक्षता धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा करेंगे। भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक घनश्याम शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान कर्मचारियों और पेंशनर्स से जुड़ी समस्याओं और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

धर्मशाला की पेयजल आपूर्ति 4 दिन बाद बहाल, रोज आएगा 50 लाख लीटर पानी

गज खड्ड से धार जल उपचार संयंत्र तक क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन दुरुस्त

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। भारी बारिश और बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई गज खड्ड से धार जल उपचार संयंत्र तक की 200 मिलीमीटर व्यास की पेयजल लाइन को जल शक्ति विभाग ने चार दिन की मशक्कत के बाद दुरुस्त कर दिया है। लाइन का नेटवर्क बहाल होने से अब धर्मशाला शहर के लोगों को रोजाना करीब 50 लाख लीटर पानी की आपूर्ति मिल सकेगी। गज खड्ड स्रोत से धर्मशाला जल उपचार संयंत्र तक आने वाली पेयजल लाइन के क्षतिग्रस्त होने से पिछले चार दिनों से शहर में पेयजल आपूर्ति प्रभावित थी। भारी बारिश और बाढ़ के कारण लाइन के मार्ग में कई स्थानों पर नुकसान हुआ था। ऐसे में जल शक्ति विभाग की टीम के लिए मरम्मत कार्य पूरा करना चुनौती बना हुआ था। लगातार बारिश के बीच विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर काम जारी रखते हुए लाइन के नेटवर्क को दुरुस्त किया।

अब नियमित पेयजल आपूर्ति में नहीं होगी दिक्कत

जल शक्ति विभाग धर्मशाला डिविजन के अधिशासी अभियंता ई. सुमित विमल कटोच ने बताया कि गज खड्ड से धार जल उपचार संयंत्र तक आने वाली क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल कर दी गई है। बारिश के कारण मरम्मत कार्य में कई दिक्कतें आईं, लेकिन विभागीय टीम ने लगातार काम कर इसे पूरा किया। अब धर्मशाला शहर को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध करवाने में मदद मिलेगी।

अब मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद जल उपचार संयंत्र तक पानी की आपूर्ति बहाल हो गई है। इससे धर्मशाला शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू होने की उम्मीद है। प्रतिदिन करीब 50 लाख लीटर पानी उपलब्ध होने से शहरवासियों को पिछले चार दिनों से चल रही पानी की किल्लत से राहत मिलेगी।

एक घंटे स्टार्ट खड़ी रही एचआरटीसी बस, रूट पर निकलते ही हुई खराब

अनंत ज्ञान

पिंकी, डाडासीबा। देहरा से बाया डाडासीबा-तलवाड़ा रूट पर चलने वाली एचआरटीसी बस डाडा सीबा बस स्टैंड पर प्रतिदिन करीब एक घंटे तक स्टार्ट खड़ी रहने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को भी बस करीब एक घंटे तक स्टार्ट रही और करीब 11:30 बजे तलवाड़ा के लिए रवाना हुई, लेकिन कुछ ही देर बाद अचानक बंद हो गई। बस दोबारा स्टार्ट न होने पर उसे धक्का लगाकर सड़क किनारे करना पड़ा, जिससे सवारियों को परेशानी हुई।

जानकारी के अनुसार बस सुबह करीब 10:15 बजे डाडा सीबा पहुंचती है और 11:30 बजे तलवाड़ा के लिए रवाना होती है। बैटरी कमजोर होने के कारण बस को बंद नहीं किया जाता, जिससे करीब एक घंटे तक डीजल की खपत हो रही है। वहीं, धुएं और शोर से दुकानदारों व राहगीरों को भी परेशानी होती है। देहरा डिपो के अड्डा इंचार्ज पवन कुमार ने बताया कि बैटरी कमजोर होने के कारण बस बंद करने के बाद दोबारा स्टार्ट होने में दिक्कत आती है। नई बैटरी उपलब्ध होने पर इसे बदल दिया जाएगा। शुक्रवार को बस में तकनीकी खराबी आई थी, जिसे जल्द ठीक करवाया जाएगा।

◆ बैटरी कमजोर होने से बस बंद करने के बाद दोबारा स्टार्ट होने में आ रही दिक्कतः पवन

12वीं अनुपूरक परीक्षा का परिणाम जारी, 3271 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 1931 उत्तीर्ण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा (जुलाई-2026) का परिणाम घोषित कर दिया गया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा में कुल 3,271 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 1,931 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 59.07 प्रतिशत रहा। वहीं 1,123 परीक्षार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में रहे, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए। यह परीक्षा कक्षा 12वीं के कंपार्टमेंट, प्रदर्शन सुधार अतिरिक्त विषय तथा डिप्लोमा धारक परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा में सफलता विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

धरती का बढ़ता तापमान और प्रदूषण चिंता का विषय: डॉ. अशोक सोमल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। वन विभाग के रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सोमल ने पर्यावरण संरक्षण, विश्व शांति, सामाजिक सौहार्द और लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान शुरू किया है। पिछले 20 जुलाई से पैदल यात्रा कर रहे डॉ. सोमल फतेहपुर क्षेत्र की पंचायतों का भ्रमण करने के बाद इन दिनों धर्मशाला पहुंचे हैं।

उन्होंने शीला चौक से धर्मशाला तक करीब पांच किलोमीटर पैदल यात्रा की और इस दौरान करीब 50 से 60 लोगों से मुलाकात कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और प्रकृति इसका सबसे बड़ा कारण बढ़ता कार्बन उत्सर्जन तथा अन्य ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि है।

डॉ. सोमल ने कहा कि बढ़ते तापमान के कारण आने वाले समय में पानी की कमी, अनियमित बारिश और हवा, पानी तथा मिट्टी के प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ सकती हैं। इसका सीधा असर कृषि और हमारे खाद्य पदार्थों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर से करनी होगी।

उन्होंने विश्व शांति की जरूरत पर भी जोर दिया। रूस-यूक्रेन सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि युद्धों का प्रभाव केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और शांति प्रभावित होती है। उन्होंने आम नागरिकों से अपने गांव, कस्बे, जिले और देश से शुरुआत करते हुए आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण संबंधों को मजबूत करने का आह्वान किया। डॉ. सोमल ने देश में सामाजिक सौहार्द के कमजोर होने पर भी चिंता जताई।

पुलिस के सामने शराब से लदी कार लेकर फरार हुआ आरोपी

अनंत ज्ञान

पंकज सोनी, ज्वालामुखी। ज्वालामुखी में शराब से लदी कार को पुलिस के सामने ही एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा भगा ले जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने शिकायतकर्ता अजय कुमार के बयान पर शुक्रदीन उर्फ पोड्डू, ईलामदीन उर्फ शहीदों, राशपाल सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी देहरा संदीप धवल ने की है।

◆ पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल, रैखा में पकड़ी थी शराब से लदी कार

जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने ज्वालामुखी-चंबापत्तन रोड पर रैखा के पास टैक्सी नंबर एचपी-01डी-7129 कार को कथित तौर पर अवैध शराब की पेटियों के साथ पकड़ा और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि कार में करीब 15 से 18 पेटियां शराब की थीं। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन अज्ञात व्यक्ति कथित तौर पर कार को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब शराब की बरामदगी, वाहन और फरार आरोपी की पहचान को लेकर कार्रवाई कर रही है।

3.63 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, परागपुर। परागपुर तहसील के तहत पुलिस थाना मोइन की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंजाब के तरनतारन निवासी दो युवकों गोपी और हीरा को 3.63 ग्राम चिट्टे के साथ काबू किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21, 29, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस दिया गया। पुलिस खेप के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जांच कर रही है।

डमटाल में रेस्क्यू के दौरान हाइड्रा पलटा

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट। पंजाब-हिमाचल सीमा के डमटाल में पहाड़ी से उतरते समय कच्ची बोतलों से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक को सड़क से हटाने पहुंचा हाइड्रा क्रेन भी उठाने की कोशिश के दौरान पलट गया। हादसे में ट्रक चालक लुधियाना निवासी गोविंदर सिंह, उसका बेटा गुरविंदर और हाइड्रा चालक जोगिंदर बाल-बाल बच गए। दोनों वाहनों को भारी नुकसान हुआ। ट्रक का माल कठुआ के हिड्डी स्थित औद्योगिक इकाई में पहुंचाया जाना था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केवल चौधरी, नरेश का इच्छी में हुआ अभिनंदन

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। कांगड़ा जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए केवल चौधरी और सचिव नरेश सलारिया का एपीएमसी अध्यक्ष निशु मोंगरा ने इच्छी स्थित कार्यालय में फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार और अन्य नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। निशु मोंगरा ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके अनुभव से पार्टी को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई।

कुशल स्पेहिया उपाध्यक्ष, नीलम बनीं महासचिव

अनंत ज्ञान, परागपुर। जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक विस्तार में जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तीन नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कुशल स्पेहिया को जिला उपाध्यक्ष, नीलम चौधरी को महासचिव और वरिंदर राणा को सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्तियों से स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरिंदर मनकोटिया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि तीनों नेताओं का संगठन के प्रति समर्पण और सक्रियता सराहनीय रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इनके अनुभव से जिला कांग्रेस संगठन मजबूत होगा और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। कार्यकर्ताओं ने भी नियुक्तियों का स्वागत किया।

शाहपुर के अश्वनी चौधरी बने सचिव, क्षेत्र में खुशी

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अश्वनी चौधरी को जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा का सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी है। अश्वनी चौधरी पूर्व में शाहपुर पंचायत के उपप्रधान, शाहपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। नियुक्ति पर उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, विधायक केवल सिंह पठानिया और प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई।

पठानकोट में पंजाब बंद का मिला-जुला असर हाईवे पर 7 घंटे जाम; बाजार सामान्य खुले

अनंत ज्ञान, पठानकोट। कौमी इंसाफ मोर्चा के पंजाब बंद के आह्वान का पठानकोट में मिला-जुला असर देखने को मिला। शहर के बाजार सुबह 10 बजे तक सामान्य रूप से खुल गए, जबकि सरकारी समेत कुछ निजी स्कूल बंद रहे। लदपालवां टोल प्लाजा पर सुबह 7 से दोपहर 2 बजे तक धरना देने से पठानकोट-अमृतसर नेशनल हाईवे पर करीब सात घंटे जाम रहा। बसों का संचालन दोपहर 2 बजे तक बंद रखा गया। प्रदर्शनकारियों ने बंदी सिंहों की रिहाई, जगतार सिंह हवारा को पैरोल और अमृतपाल सिंह को पंजाब जेल में स्थानांतरित करने की मांग उठाई।

एयरपोर्ट विस्तार से प्रभावित 70-80 परिवारों ने डीसी ऑफिस पहुंचकर मांगा उचित मुआवजा

अनंत ज्ञान

◆ 60-70 वर्षों से रह रहे परिवारों ने 1 फीसदी मुआवजे पर जताई आपत्ति

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की जद में आने वाली गगल पंचायत लाइन के करीब 70-80 प्रभावित परिवारों ने उचित मुआवजे और पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आरएंडआर) की मांग को लेकर डीसी कार्यालय का रुख किया। दामिनी कटोच के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर प्रभावित परिवारों की समस्याएं रखीं और सरकार से उचित राहत देने की मांग की।

दामिनी कटोच ने बताया कि पंचायत लाइन में कई परिवार पिछले 60-70 वर्षों से रह रहे हैं। उनका दावा है कि सरकार की ओर से भी इन परिवारों को जमीनें आवंटित की गई थीं। ऐसे में एयरपोर्ट विस्तार के कारण प्रभावित होने वाले परिवारों के पुनर्वास और मुआवजे पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने प्रभावित परिवारों से पुराने दस्तावेज और संबंधित फाइलें मांगी हैं। दस्तावेज मिलने के बाद मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष भी रखा जाएगा।

दामिनी कटोच ने कहा कि यदि परिवारों को केवल एक फीसदी के हिसाब से मुआवजा मिलता है तो इससे उनका भविष्य सुरक्षित नहीं हो पाएगा। करीब तीन मरले जमीन पर कई स्थानों पर तीन-चार परिवार रह रहे हैं। ऐसे में सीमित मुआवजे से दोबारा बसना बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने सरकार से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा, आर एंड आर पैकेज और सम्मानजनक पुनर्वास उपलब्ध करवाने की मांग की।

बीडीसी सदस्यों के बजट और अधिकारों में कटौती पर रोष

अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला। जिला कांगड़ा में पंचायत समिति सदस्यों ने अपने अधिकारों और बजट को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। पंचायत समिति सदस्य संघ जिला कांगड़ा के सदस्यों ने डीसी कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर बीडीसी सदस्यों के लिए पर्याप्त बजट, विकास कार्यों में अधिकार और नियमों में राहत देने की मांग उठाई। संघ के जिलाध्यक्ष चमन लाल कपूर ने कहा कि पंचायत समिति सदस्य जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि हैं, लेकिन उनके पास विकास कार्य करवाने के लिए पर्याप्त बजट और अधिकार नहीं हैं। उन्होंने 16वें वित्त आयोग में पंचायत समिति की हिस्सेदारी बढ़ाने और अलग बजट का प्रावधान करने की मांग की।

कपूर ने टाइड और अनटाइड फंड से जुड़ी शर्तें खत्म करने तथा मनरेगा के तहत पंचायत समिति सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि कई बार पंचायत समिति द्वारा भेजे गए विकास कार्यों के प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो पाते और बजट वापस चला जाता है। उन्होंने पंचायत समिति के लिए तकनीकी व अन्य स्टाफ उपलब्ध करवाने की मांग भी की।

मोबाइल की लत से जुड़े आत्महत्या मामले में स्टेट्स रिपोर्ट तलब

अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला। जिला कांगड़ा बाल विकास समिति ने धर्मशाला के रक्कड़ क्षेत्र में मोबाइल फोन की कथित लत के चलते 14 वर्षीय किशोर की मौत के मामले में चिंता जताते हुए पुलिस से स्टेट्स रिपोर्ट तलब की है। समिति के अध्यक्ष विक्रमजीत शर्मा ने बताया कि समाचार माध्यमों से मिली जानकारी के आधार पर समिति ने मामले पर चर्चा की और रिपोर्ट मांगी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किशोर ने गेम खेलने के लिए मोबाइल फोन न मिलने पर कथित तौर पर आत्मघाती कदम उठाया। शर्मा ने कहा कि किशोरों में मोबाइल फोन की बढ़ती लत और इसके कारण सामने आ रहे आत्मघाती मामलों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। रिपोर्ट मिलने के बाद समिति नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेगी।

धर्मशाला के 17 वार्डों में घर-घर जाकर समस्याएं जुटाएंगे यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। यूथ कांग्रेस ने 48 घंटे के भीतर आम जन कि समस्या के समाधान का दावा किया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को धर्मशाला में मेरा शहर मेरा हक़ अभियान का एलान किया गया। हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता विठ्ठल भारद्वाज ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान 'मेरा शहर, मेरा हक' और 'बेटर सिटी' अभियान की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस और हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस की ओर से देशभर में यह अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य शहरों और गांवों को स्वच्छ, सुविधाजनक और बेहतर बनाने के साथ-साथ मौजूदा विकास कार्यों के उचित रखरखाव पर ध्यान देना है। विठ्ठल भारद्वाज ने कहा कि शिमला, कुल्लू और मंडी सहित प्रदेश के कई स्थानों पर अभियान की शुरुआत हो चुकी है। धर्मशाला नगर निगम के 17 वार्डों में भी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों की समस्याओं की जानकारी जुटाई जाएगी। स्ट्रीट लाइट, नालियों, गलियों, जलभराव, सड़कों और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष उठाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस जिला, ब्लॉक और नगर निकाय स्तर पर कमेटियां गठित करेगी। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। उनका दावा है कि समस्याओं के समाधान के लिए 48 घंटे की समयसीमा तय की जाएगी। अधिकारियों को भी समस्या के समाधान के लिए समय दिया जाएगा और समाधान नहीं होने की स्थिति में संबंधित कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

जिले में 3.72 लाख बच्चों को कृमिनाशक दवा पिलाने का लक्ष्य: अतिरिक्त उपायुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी)-2026 के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त कार्यालय में जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार ने की। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 18 सितंबर, 2026 को किया जाएगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए कृमि नाशक दवा दी जाएगी, जबकि 2 से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक बच्चे को इस अभियान के तहत कवर किया जाए। उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा में लगभग 3 लाख 72 हजार पात्र बच्चों को कृमिनाशक दवा की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुष्यंत ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत 18 सितंबर को प्री-स्कूल एवं स्कूल जाने वाले पात्र बच्चों को भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के पात्र बच्चों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार विटामिन-ए की खुराक भी प्रदान की जाएगी।

कमरों में कैद 'गांव की सरकार', 30 साल से नहीं खुला विकास का दरवाजा!

अनंत ज्ञान

◆ ब्लॉक परागपुर की हार मिट्ठा पंचायत में पर्याप्त भवन का इंतजार

◆ नई प्रधान रेनू कौशल ने उठाई समाधान की मांग

सालबिया शर्मा, गरली। ब्लॉक परागपुर की ग्राम पंचायत हार मिट्ठा में पंचायत व्यवस्था पिछले करीब 30 वर्षों से सीमित संसाधनों के बीच चल रही है। पंचायत का कामकाज आज भी महज तीन कमरों के भवन में सिमटा हुआ है। इसी भवन में पंचायत कार्यालय के साथ आंगनबाड़ी केंद्र और अन्य सार्वजनिक गतिविधियां भी संचालित हो रही हैं। स्थिति यह है कि ग्राम सभा जैसी महत्वपूर्ण बैठकों के लिए भी पंचायत के पास पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है।

तीन दशक के दौरान पंचायत के कई कार्यकाल पूरे हुए और सरकारें बदलीं, लेकिन पर्याप्त पंचायत भवन की समस्या जस की तस बनी रही। ग्रामीणों का कहना है कि जब पंचायतों को गांव के विकास की जिम्मेदारी दी गई है, तो पंचायत के लिए जरूरी आधारभूत ढांचा उपलब्ध न होना गंभीर सवाल खड़े करता है।

मामले में जमीन से जुड़ा पहलू भी सामने आया है। उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार खसरा नंबर 819 और 823 की कुल 0-20-34 हेक्टेयर भूमि "चरागाह द्रख्तान" दर्ज है। पंचायत की रिपोर्ट में इस भूमि पर पंचायत सामुदायिक केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्र सहित सार्वजनिक उपयोग के निर्माण होने का उल्लेख है। भूमि की किस्म दुरुस्ती के लिए वन विभाग से एनओसी लेने की प्रक्रिया का भी सरकारी पत्राचार में जिक्र है।

अब नई प्रधान रेनू कौशल ने कार्यभार संभालते ही इस पुराने मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने संबंधित विभाग से पंचायत की स्थिति को देखते हुए पर्याप्त और सुविधाजनक पंचायत भवन उपलब्ध करवाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि नई पंचायत के प्रयासों से तीन दशक पुरानी समस्या का समाधान होगा। सवाल अब सिर्फ भवन का नहीं, बल्कि गांव की सरकार को सम्मानजनक कार्यस्थल उपलब्ध करवाने का है।

न्यूज ब्रीफ

शिव मंदिर नौंहगी में गल्ले से पैसे चोरी

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन की नौंहगी पंचायत में नेशनल हाईवे किनारे स्थित शिव मंदिर में बीती रात चोरों ने दान पात्र तोड़कर हजारों रुपये चोरी कर लिए। रात करीब 1:30 बजे दो चोर मंदिर के मुख्य गेट से अंदर घुसे और लोहे के गल्ले को तोड़कर उसमें रखी नकदी निकाल ली। गल्ला तोड़ने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए। लोगों के उठने की भनक लगते ही चोर मौके से फरार हो गए, लेकिन अपनी बाइक और पर्स वहीं छोड़ गए। मंदिर समिति अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि पर्स में आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला है। सूचना मिलने पर नादौन पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक व पर्स को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। एसएचओ इंस्पेक्टर नाजर सिंह ने घटना की पुष्टि की है।

31 तक कर सकते हैं इग्नू में पंजीकरण

अनंत ज्ञान, नादौन। सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1179 में जुलाई सत्र 2026 के लिए नवीन पंजीकरण एवं पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। केंद्र के को-ऑर्डिनेटर प्रो. रविकांत ने बताया कि पहले से पंजीकृत विद्यार्थी अगली कक्षा के लिए ऑनलाइन पुनः पंजीकरण करवा सकते हैं। बीए, बीकॉम, बैचलर इन टूरिज्म स्टडीज सहित विभिन्न डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में नए प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर आवेदन और पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी नियमित कक्षाओं में उपस्थित हुए बिना अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं।

सीनियर सिटीजन संघ भरेड़ी ने किया पौधारोपण

अनंत ज्ञान, भोरंज। सीनियर सिटीजन संघ भरेड़ी की ओर से लज्याणी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संघ के सदस्यों और अन्य गणमान्य लोगों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में वन विभाग के बीईओ सुनील शर्मा, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच विद्यासागर शर्मा, मनोहर लाल शर्मा और कुलवंत राय शर्मा सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी नियमित देखभाल करना जरूरी है। उन्होंने लोगों से पौधारोपण अभियान से जुड़ने और लगाए गए पौधों की देखभाल करने का आह्वान किया।

अनुराग ने सुजानपुर सैनिक स्कूल की अंडर-17 फुटबॉल टीम से की मुलाकात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा की अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम से मुलाकात कर उन्हें प्री-सुब्रतो कप 2026 जीतने पर बधाई दी। देशभर के 111 सैनिक स्कूलों के बीच हुई प्रतियोगिता में टीम ने सैनिक स्कूल चंद्रपुर को हराकर खिताब अपने नाम किया। अनुराग ठाकुर ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को आगामी सुब्रतो कप के लिए शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमीरपुर और हिमाचल के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर टीम कोच आशा देवी, कप्तान इरा बोध सहित खिलाड़ी और स्कूल के अधिकारी मौजूद रहे।

मट्टनसिद्ध में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण पहली से

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। मट्टनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में महिलाओं के लिए पहली सितंबर से निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए एक बैच में 35 महिलाओं का चयन किया जाएगा। आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने बताया कि प्रशिक्षण की अवधि के दौरान प्रतिभागियों को रहने एवं खाने, वर्दी, प्रशिक्षण से संबंधित सारी सामग्री और अन्य सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हेयर कटिंग एवं स्टाइलिंग, फेशियल, मेकअप, स्किन केयर, मेहंदी तथा अन्य सौंदर्य सेवाओं से संबंधित आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अजय कतना ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं इस निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले सकती हैं। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। आरसेटी के निदेशक ने इच्छुक महिलाओं से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए अतिशीघ्र आवेदन करने की अपील की है।

पवन कुमार अध्यक्ष और डॉ. अजय बने सचिव

अनंत ज्ञान, धनेटा। राजकीय महाविद्यालय धनेटा में अभिभावक अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। प्राचार्य ज्ञान चंद राणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन हुआ। संघ की कार्यकारिणी को मुख्य संरक्षक, पवन कुमार को अध्यक्ष, मनोज को उपाध्यक्ष, रेखा को संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष, विशाल ठाकुर को तकनीकी सलाहकार तथा डॉ. अजय कुमार को सचिव चुना गया। कमल सिंह, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. प्रीतम चंद, प्रो. राकेश ठाकुर और डॉ. अंजना कुमारी को सदस्य बनाया गया। प्राचार्य ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए महाविद्यालय के विकास में सहयोग की उम्मीद जताई। डॉ. अजय कुमार ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

सुजानपुर में पीटीए की पहली आम सभा आज

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की पहली आम सभा एवं चुनाव बैठक 22 अगस्त को आयोजित होगी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने बताया कि बैठक में नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके अलावा पिछले शैक्षणिक सत्र में संघ द्वारा किए गए कार्यों का विवरण और वित्तीय रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सामाजिक और समग्र विकास में अभिभावकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी अभिभावकों से बैठक में सक्रिय रूप से भाग लेने और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए सहयोग करने का आह्वान किया है।

विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, नादौन। डीडीएम साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कल्लर जलाड़ी में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से किशोर स्वास्थ्य दिवस पर ड्रग एडिक्शन विषय पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीपिका और किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता डिंपल ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और साथियों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निधिका प्रथम, शीतल शर्मा द्वितीय और कोमल तृतीय रहीं, जबकि दिव्यांशी ने चौथा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से नशे से जुड़े सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी पाया। उपप्रधानाचार्य डॉ. मल्किया सिंह राणा ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को जरूरी बताया।

बैंकिंग एवं साइबर फ्रॉड पर दी जानकारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के लॉ विभाग की ओर से 'बैंकिंग व्यवस्था, बैंकिंग फ्रॉड एवं बढ़ते साइबर अपराध' विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। विशेषज्ञ वक्ता राजेंद्र जसरोटिया ने विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रणाली, भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका और बैंकिंग नियमन की जानकारी दी। उन्होंने बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 और बैंकिंग क्षेत्र में हुए महत्वपूर्ण बदलावों पर भी प्रकाश डाला। साइबर फ्रॉड को गंभीर चुनौती बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड और सीवीवी जैसी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह दी। साथ ही संदिग्ध लिंक, कॉल और संदेशों से सावधान रहने तथा ऑनलाइन लेनदेन के दौरान सतर्कता बरतने का आह्वान किया।

हमीरपुर कॉलेज में स्टील रूफ शेड का उद्घाटन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में प्रशासनिक ब्लॉक से साइंस ब्लॉक तथा साइंस ब्लॉक से पीटीए ब्लॉक तक नवनिर्मित स्टील रूफ शेड का उद्घाटन पीटीए अध्यक्ष अजय पटियाल ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी सहित पीटीए पदाधिकारी, प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे। पीटीए तकनीकी सलाहकार होशियार सिंह, मुख्य सलाहकार राजेश राणा और कोषाध्यक्ष मिलाप चंद भी उपस्थित रहे। रूफ शेड बनने से विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और आगंतुकों को बारिश व अन्य मौसम में आवागमन की सुविधा मिलेगी। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

दो साल से असुरक्षित भवन में चल रहा उपनिदेशक उच्च शिक्षा कार्यालय

नई छत का इंतजार बरकरार, डिप्टी डायरेक्टर बोले—जल्द स्पष्ट होगी स्थिति

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। हमीरपुर का डिप्टी डायरेक्टर सेकेंडरी एजुकेशन का भवन 'असेफ' घोषित हो चुका है, मगर विडंबना यह है कि दो साल से इस कार्यालय को नई 'छत' नहीं मिल पाई है। भीतरी व्यवस्था में और भी समस्याएं हैं। लेकिन जैसे-तैसे काम चल रहा है। डिप्टी डायरेक्टर सेकेंडरी देशराज डोगरा से 'अनंत ज्ञान' ने कई मुद्दों पर बातचीत की। उनका कहना था कि मौजूदा बिल्डिंग दो-तीन साल पहले अनसेफ घोषित हो चुकी है। बाद में इसे शिफ्ट करने के लिए भी प्रपोजल गया था, लेकिन उस पर अंतिम मोहर नहीं लग पाई। उन्होंने अभी कुछ समय पहले ही यहां ज्वाइन किया है। लेकिन उन्होंने बताया कि भवन की इतनी बुरी हालत भी नहीं है कि यह रहने लायक न हो।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

डोगरा ने कहा कि पुराने गर्ल्स स्कूल में बहुत जल्दी रौनक लौट आएगी। यहां के टीचर्स ब्वॉयज स्कूल में डिप्यूट किए गए थे। उनके ऑर्डर्स की इंतजार हो रही है। इससे संबंधित फाइल सरकार के पास में है। सूचना यही है कि एक-दो दिनों में इस प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। अगले सप्ताह के शुरू में स्कूल में पुरानी स्थिति बहाल हो जाएगी और इसे अब को-एजुकेशन बनाया गया है। यह पूछे जाने पर कि उनके इस कार्यालय में सात टीचर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें किन्हीं बेवजह से यहां डिप्यूट किया गया है। यानी डेपुटेशन पर रखा गया है, उनके लिए बैठने की व्यवस्था कैसे है? उन्होंने बताया कि इस कार्यालय में एक कांफ्रेंस हाल है, वहीं पर सबकी चेयर्स लगाई गई हैं और वहीं पर बैठते हैं। उम्मीद यही है कि इनका दूसरी जगह बहुत जल्दी समायोजन हो जाएगा। गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल को भी अब वहीं पर शिफ्ट किया जाएगा। क्योंकि स्कूल बंद होने के बाद से वे भी यहीं डिप्यूट की गई थीं।

> **फर्नीचर खरीद पर बैन**
>
> **कार्यालय** में फर्नीचर की स्थिति पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नई इस तरह की कोई खरीद फिलहाल बैन लगाया गया है और जो परिस्थितियां हैं, उन्हीं के मुताबिक स्थिति को सामान्य बनाया गया है। सरकार जब फर्नीचर की खरीद से बैन हटाएगी, तभी संभव हो पाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला भर के सभी स्कूलों में छुट्टियां खत्म होने के तुरंत पहले पीने के पानी की सभी टांकियों को साफ सफाई के जरिए दुरुस्त करने के आदेश दिए गए थे। क्योंकि कई दिनों तक पानी इनमें खड़ा रहा। इसलिए साफ सफाई का पूरा ख्याल रखा गया है।

मिड डे मील के तहत भी साफ सफाई का विशेष ख्याल रखा गया है कहीं से भी किसी तरह की कोई शिकायत इस कार्यालय को नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि जिला भर के सभी स्कूलों के भवन बेहतर स्थिति में हैं और अभी पिछले कल जो बारिश हुई है, उसमें हथोड़ स्कूल में कुछ नुकसान हुआ है। बाकी के सभी स्कूलों में मौजूदा बरसात के मौसम में सामान्य की स्थिति है।

बाबा बालकनाथ धाम में उतराई पर खड़ा टैंपो ट्रैवलर अचानक पलटा

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर बड़सर। उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ धाम में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। वन विहार वाटिका के समीप उतराई पर खड़ा एक टेंपो ट्रैवलर अचानक फिसलकर सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के समय वाहन में कोई सवार नहीं था, अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता था।

बताया जा रहा है कि मंदिर क्षेत्र में कुछ स्थानों पर भारी वाहनों को आगे ले जाने पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद कुछ चालक खाली सड़क देखकर खड़ी ढलान पर ही वाहन पार्क कर देते हैं। बरसात के मौसम में ऐसी लापरवाही बेहद खतरनाक साबित हो सकती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इन दिनों सराय नंबर नौ की पार्किंग में पर्याप्त जगह उपलब्ध है, लेकिन इसके बावजूद कुछ वाहन चालक सड़क किनारे और ढलान वाले हिस्सों में वाहन खड़े कर रहे हैं। संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त चेतावनी बोर्ड नहीं होने की बात भी सामने आई है।

लोगों ने मंदिर न्यास और प्रशासन से मांग की है कि खतरनाक स्थानों पर स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और भारी वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करवाया जाए। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पंजाब के श्रद्धालुओं से भरी बस भी अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिसमें दो श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हुई थी, जबकि एक ने एम्स में दम तोड़ा था। इसके बावजूद वाहन चालकों की लापरवाही चिंता का विषय बनी हुई है।

हमीरपुर जिला में अब मोबाइल ऐप के माध्यम से ही मिलेगी खाद

अनंत ज्ञान

◆ 26 से आरंभ की जा रही है नई डिजिटल व्यवस्था

हमीरपुर। किसानों को खाद की बिक्री एवं वितरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुविधाजनक एवं व्यवस्थित बनाने के लिए जिला हमीरपुर में भी 26 अगस्त से एक नई डिजिटल व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों को ही खाद दी जाएगी।

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. डीडी शर्मा ने बताया कि इस नई व्यवस्था के अंतर्गत किसान अब फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल यानि एफएफएस ऐप के माध्यम से खाद खरीदने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। एफएफएस ऐप को किसान अपने मोबाइल फोन के गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। किसान एग्रीस्टैक में पंजीकृत फार्मर आईडी या आधार संख्या के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एफएफएस प्रणाली में खाद खरीदने वाले किसानों की पहचान के लिए तीन विकल्प उपलब्ध करवाए गए हैं। एग्रीस्टैक के तहत फार्मर आईडी बनवा चुके किसान केवल अपना आधार नंबर दर्ज करके आवेदन कर सकेंगे। फार्मर आईडी और भूमि संबंधी रिकार्ड पहले से ही एग्रीस्टैक में लिंक होने के कारण आवश्यक विवरण प्रणाली द्वारा स्वतः प्राप्त कर लिया जाएगा।

जिन किसानों ने फार्मर आईडी नहीं बनवाई है, उन्हें अपना आधार नंबर तथा भूमि के खसरा या पार्सल नंबर दर्ज करने होंगे। इसके आधार पर भूमि रिकार्ड के साथ सत्यापन किया जाएगा। किरायेदार किसान, बटाईदार, सरकारी भूमि या मंदिर की भूमि पर खेती करने वाले किसान एवं काश्तकार अपने आधार नंबर, सर्वे नंबर तथा भूमि मालिक का नाम दर्ज करके स्व-घोषणा के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उपनिदेशक ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के बाद किसान को एक क्यूआर कोड मिलेगा। किसान इस क्यूआर कोड को संबंधित कृषि सहकारी सभा या खाद बिक्री केंद्र में दिखाकर अपनी पात्रता के अनुसार खाद प्राप्त कर सकेंगे।

हिम अकादमी स्कूल में इंटरैक्ट-रोटरेक्ट क्लब का स्थापना समारोह

अथर्व चौहान बने इंटरैक्ट क्लब के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर में इंटरैक्ट एवं रोटरेक्ट क्लब का संयुक्त स्थापना समारोह और वरिष्ठ नागरिक दिवस गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटेरियन प्रो. जेपी अग्निहोत्री रहे। रोटरी क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार, सचिव डॉ. अमरजीत अत्री और मुख्य वक्ता रोटेरियन डॉ. अजायब सिंह ने भी शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक और विद्यार्थी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

समारोह में इंटरैक्ट क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। टीचर इंचार्ज नीलम ठाकुर के मार्गदर्शन में कक्षा 11वीं के अथर्व चौहान को अध्यक्ष, एंजल को उपाध्यक्ष, अच्युतम को सचिव और प्रेषिता कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बैज पिन कर सम्मानित किया गया। उन्होंने रोटरी के मूल मंत्र 'स्वयं से पहले सेवा' को अपने कार्यों का आधार बनाने का संकल्प लिया।

◆ वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर मनाया वरिष्ठ नागरिक दिवस

वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब और विद्यालय परिवार की ओर से वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और जीवन-मूल्य युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

◆ वरिष्ठजनों के अनुभव और जीवन-मूल्य युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत

कार्यक्रम का संचालन पूजा शर्मा ने किया। उन्होंने प्रभावी एंकरिंग के माध्यम से समारोह को व्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से आगे बढ़ाया।

रोमांचक प्रश्नोत्तरी में ग्रैविटी स्क्वाड ने हासिल किया प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल दुगनेड़ा में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर-विद्यालयी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ज्ञान, त्वरित सोच और टीम भावना का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य विनीता गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को तीन टीमों में बांटा गया। कॉस्मिक क्रू में राशि, अनिकेत और अर्शिताय, न्यूटन निंजा में सूर्यांश, अभिषेक और अनन्या तथा ग्रैविटी स्क्वाड में ध्रुव और शिवांश शामिल रहे। सभी टीमों ने विभिन्न चरणों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल की सदस्य साक्षी शर्मा और सविता ने निष्पक्षता से किया। रोमांचक मुकाबले के बाद ग्रैविटी स्क्वाड ने प्रथम, न्यूटन निंजा ने द्वितीय और कॉस्मिक क्रू ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन महक और मीनाक्षी कपूर ने किया। प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में ज्ञान, आत्मविश्वास, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और टीम भावना को बढ़ावा मिला।

मसेड़रू गांव में किसानों को नैनो और जैव उर्वरकों के बारे में दी जानकारी

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। जिला हमीरपुर के मसेड़रू गांव में इफको की ओर से किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 50 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर इफको के फील्ड ऑफिसर हमीरपुर रोहन कश्यप, एसएमएस अनुज कुमार, प्रधान चेत राम, समिति सदस्य, सोसायटी सचिव जसविंदर कुमार और सेल्समैन मुकेश कुमार मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को नैनो एवं जैव उर्वरकों के महत्व, उनके वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग तथा टिकाऊ कृषि में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर सहित विभिन्न जैव उर्वरकों के उपयोग और उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में बताया गया।

किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक और असंतुलित प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों तथा मृदा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्वों का प्रबंधन करने और संतुलित कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर किसानों को उर्वरक बिक्री प्रणाली के निर्धारित ढांचे, बिक्री एवं वितरण प्रक्रिया तथा किसानों तक उर्वरकों की सुचारु उपलब्धता से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं से भी अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को नैनो उर्वरक परीक्षण के खेत का भ्रमण करवाया गया। यहां नैनो उर्वरकों के प्रयोग वाले प्लॉट और पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों वाले प्लॉट को दिखाया गया। किसानों ने दोनों प्लॉटों में फसल की वृद्धि और विकास में अंतर को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्हें नैनो उर्वरकों के प्रयोग की उचित विधि, मात्रा और समय के बारे में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर एवं संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें किसानों ने कृषि और उर्वरकों से जुड़े सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। किसानों ने आधुनिक, वैज्ञानिक और टिकाऊ कृषि तकनीकों को अपनाने में रुचि व्यक्त की।

दोनों शिक्षा मंत्री दें इस्तीफा : कृष कान्हा

अनदेखी का शिकार हिमाचल तकनीकी विवि, मांगें मनवाकर ही लेंगे दम

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की मांगों को लेकर एबीवीपी का धरना प्रदर्शन और क्रमिक भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। संगठन के बैनर तले चल रहे आंदोलन के दौरान विवि परिसर विद्यार्थियों के नारों से गूंजता रहा। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक विद्यार्थियों की जायज मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

विद्यार्थियों की प्रमुख मांगों में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति, विश्वविद्यालय को सेल्फ फाइनेंस व्यवस्था से बाहर निकालकर सरकार की ओर से पर्याप्त वित्तीय सहयोग देना, विद्यार्थियों पर फीस का अतिरिक्त बोझ कम करना, हॉस्टल और कैंटीन सुविधा उपलब्ध करवाना सहित अन्य छात्रहित के मुद्दे शामिल हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष कान्हा ने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय लंबे समय से अनदेखी का शिकार है। उन्होंने कहा कि करीब दो वर्ष से कुलपति का पद रिक्त है, लेकिन सरकार और प्रशासन अभी तक स्थायी कुलपति की नियुक्ति नहीं कर पाए हैं। उन्होंने इसे सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल बताया।

कृष कान्हा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि प्रदेश का एकमात्र तकनीकी विश्वविद्यालय है, लेकिन इसकी स्थिति चिंताजनक है। विश्वविद्यालय में सेल्फ फाइनेंस व्यवस्था के कारण विद्यार्थियों से भारी फीस वसूली जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य संस्थानों में समान पाठ्यक्रम अपेक्षाकृत कम फीस में उपलब्ध हैं, तो तकनीकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों पर इतना आर्थिक बोझ क्यों डाला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से भारी फीस लेने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। हॉस्टल और कैंटीन जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी विद्यार्थियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। एबीवीपी ने प्रदेश सरकार से विद्यार्थियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने और विश्वविद्यालय में आवश्यक पदों को शीघ्र भरने की मांग की।

कृष कान्हा ने कहा कि यदि सरकार विद्यार्थियों को सुविधाएं देने में असमर्थ है तो शिक्षा मंत्री और तकनीकी शिक्षा मंत्री दोनों को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और विद्यार्थी अपनी मांगें पूरी करवाकर ही धरना समाप्त करेंगे।

उत्तम शुगर मिल पर तय रेट से अधिक बिल बनाने का आरोप

अनंत ज्ञान

◆ विजय ट्रेडर्स का दावा—एडवांस भुगतान के बावजूद तय रेट पर नहीं दी गई चीनी

संजीव चौहान, टौणी देवी। उत्तम शुगर मिल की कार्यप्रणाली को लेकर टौणी देवी के विजय ट्रेडर्स ने गंभीर आरोप लगाए हैं। व्यापारी विजय बहल का दावा है कि चीनी का रेट पहले से तय कर बुकिंग की गई थी और इसके लिए एडवांस भुगतान भी किया गया था। इसके बावजूद ट्रक के मिल पहुंचने पर तय रेट पर चीनी उपलब्ध नहीं करवाई गई और बाद में जारी टैक्स इनवॉयस में अधिक राशि दर्शाई गई।

विजय ट्रेडर्स के अनुसार 1 किलोग्राम पैकिंग की 210 क्विंटल और 5 किलोग्राम पैकिंग की 20 क्विंटल, कुल 230 क्विंटल चीनी बुक की गई थी। उनका दावा है कि रेट ₹5,250 प्रति क्विंटल प्लस 5 प्रतिशत जीएसटी तय हुआ था। इस हिसाब से कुल राशि ₹12,67,875 बनती है। वहीं, उपलब्ध इनवॉयस में रेट ₹6,300 प्रति क्विंटल दर्शाया गया है। इसके अनुसार टैक्सेबल वैल्यू ₹14,49,000 और 5 प्रतिशत आईजीएसटी ₹72,450 है, जिससे कुल बिल ₹15,21,450 बनता है। व्यापारी के अनुसार दोनों राशियों में ₹2,53,575 का अंतर है।

व्यापारी का यह भी आरोप है कि ट्रक पिछले पांच दिनों से मिल परिसर में खड़ा है, जिससे संचालन और आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने ट्रक और चालक को रोके जाने का भी आरोप लगाया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

विजय बहल ने कहा कि बिल, भुगतान, बातचीत और अन्य दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कानून विशेषज्ञों से राय लेने के बाद कानूनी नोटिस भेजने तथा जरूरत पड़ने पर सक्षम प्राधिकरण या न्यायालय का रुख करने की तैयारी है। उन्होंने मानहानि सहित उपलब्ध कानूनी उपाय अपनाने की भी बात कही।

निरीक्षण सीएम के राजनीतिक सलाहकार ने ग्रामीणों की समस्याओं के जल्द समाधान का दिया भरोसा

बिट्टू ने बारिश प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो हमीरपुर। बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने वीरवार को ब्राहलड़ी पंचायत के थान गांव और बाड़ी दुग गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का मौके पर निरीक्षण किया तथा स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

थान गांव में बरसात के दौरान कई स्थानों पर भूस्खलन होने से डंगे क्षतिग्रस्त हुए हैं। डंगे गिरने से रास्तों और आसपास की जमीन को भी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर डंगों के क्षतिग्रस्त होने से रास्तों को खतरा पैदा हो गया है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुनील शर्मा बिट्टू ने स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि संवेदनशील स्थानों पर जल्द आवश्यक सुरक्षा एवं मरम्मत कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त डंगों की मरम्मत तथा आवश्यक स्थानों पर पुनर्निर्माण के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा बरसात के कारण उत्पन्न समस्याओं का जल्द समाधान करवाया जाएगा।

बाड़ी दुग गांव की क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि बारिश और बाढ़ के कारण सड़क को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

उन्होंने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन एवं एसडीओ सहित संबंधित अधिकारियों को सड़क को तत्काल चलने योग्य बनाने के लिए आवश्यक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खड्ड के ऊपर की ओर आवश्यक कार्य तुरंत शुरू करवाकर सड़क को जल्द से जल्द बहाल किया जाए, ताकि ग्रामीणों और स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी न हो। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि बरसात के मौसम में ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए भूस्खलन प्रभावित स्थानों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से प्रभावित स्थानों का तकनीकी निरीक्षण करवाकर प्राथमिकता के आधार पर उचित कार्रवाई करने को कहा, ताकि भविष्य में होने वाले नुकसान की आशंका को कम किया जा सके।

पंचायत प्रधान रवि प्रकाश ने क्षेत्र की समस्याओं को मौके पर जायजा लेने और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के लिए सुनील शर्मा बिट्टू का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 7 की पंच ममता कुमारी, दलजीत वालिया, गुलजीत, विजय कुमार, कृष्ण चंद, जगदीश, पूर्व उपप्रधान अशोक वालिया तथा प्रमोद सिंह सहित स्थानीय ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

असेंट स्कूल में मनाया दादा-दादी, नाना-नानी दिवस

अनंत ज्ञान, पधर। असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधर में दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस हर्षोल्लास और भावुक माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के दादा-दादी और नाना-नानी विशेष रूप से आमंत्रित रहे। बच्चों ने तिलक, फूल और गुलदस्ते भेंट कर बुजुर्गों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि कला अध्यापिका एवं संयोजिका आशा ठाकुर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। बारहवीं कक्षा की छात्रा वाणी ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने परिवार में बुजुर्गों के महत्व और सामाजिक मूल्यों पर आधारित प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की हिमाचली नाटी ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी परिवार की छत और सुरक्षा कवच होते हैं। बच्चों को प्रतिदिन कुछ समय बुजुर्गों के साथ बिताकर उनके अनुभव सुनने और आशीर्वाद लेने चाहिए। अंत में सभी बुजुर्गों और अभिभावकों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया। बुजुर्गों ने विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

वल्लभ कॉलेज के अधूरे कामों को 6.60 करोड़ की आस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के निर्माणाधीन भवन से जुड़े अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए करीब छह करोड़ 60 लाख रुपए की अतिरिक्त धनराशि मिलने की उम्मीद जगी है। सदर विधायक अनिल शर्मा ने महाविद्यालय भवन के जलरोधन, रैंप तथा दोनों भवनों के बीच बचे मैदान के भू-दृश्य सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्यों को पूरा करवाने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अतिरिक्त धनराशि की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद निदेशक उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालय के प्राचार्य को आवश्यक प्रारूप और औपचारिकताएं पूरी कर प्रस्ताव भेजने के आदेश दिए थे। महाविद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रारूप तैयार कर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं और प्रस्ताव निदेशक उच्च शिक्षा विभाग को भेज दिया। निदेशक उच्च शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव को आगामी कार्रवाई के लिए सचिव शिक्षा हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रेषित कर दिया है। इसके बाद अब सरकार की ओर से शीघ्र धनराशि जारी होने की उम्मीद बढ़ गई है। धनराशि जारी होने के बाद दोनों भवनों के बीच खाली पड़े मैदान का सौंदर्यीकरण कर उसे विद्यार्थियों के उपयोग के लिए विकसित किया जाएगा। प्रस्ताव में मंडी शिवरात्रि के दौरान देवी-देवताओं के विराजमान होने की व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया है। इससे शिवरात्रि के दौरान देवी-देवताओं के बैठने के लिए उचित और व्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

भोजपुर बाजार में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। भोजपुर बाजार और आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में बंदरों के बढ़ते आतंक से स्थानीय लोग परेशान हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को अपने घरों में भी सावधानी बरतनी पड़ रही है। बंदरों के झुंड घरों की छतों और आंगनों में पहुंचकर सामान को नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा खाने-पीने की वस्तुओं को उठाकर ले जा रहे हैं। बंदरों के उत्पात का एक वीडियो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है, जिसमें बंदरों को घरों और आसपास के क्षेत्र में घूमते तथा उत्पात मचाते देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। कई बार बंदर घरों में घुसने का प्रयास करते हैं और लोगों के पीछे दौड़ने से स्थिति भयावह हो जाती है। बाजार क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को भी बंदरों से बचकर निकलना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बंदरों के कारण घरों की खिड़कियां और दरवाजे बंद रखने पड़ते हैं, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि भोजपुर बाजार में बंदरों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। लोगों का कहना है कि विभाग को बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने के साथ ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे भविष्य में यह समस्या दोबारा न बढ़े। उन्होंने प्रशासन से भी इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई करने की मांग की है।

इनरव्हील क्लब ने घूघता मंदिर नेला में किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष नीरज शर्मा की अगुवाई में क्लब की सदस्यों ने घूघता मंदिर नेला में पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान वन विभाग के सहयोग से अमरूद और जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भी पौधरोपण किया गया। नीरज शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। क्लब का प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं और उनकी उचित देखभाल भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक दिन की गतिविधि न होकर निरंतर चलने वाला अभियान होना चाहिए। लगाए गए पौधे भविष्य में बड़े होकर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण में हो रहे बदलावों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। क्लब की सदस्यों ने पौधों की देखभाल करने और आसपास के लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस दौरान वन विभाग के सहयोग के लिए क्लब की ओर से आभार व्यक्त किया गया। अध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि इनरव्हील क्लब की ओर से भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ जारी रखा जाएगा, ताकि हमारी वसुंधरा हरी-भरी बनी रहे।

अलसू मत्स्य फार्म का निरीक्षण कर निदेशक ने उत्पादन बढ़ाने के दिए निर्देश

बोले-क्षतिग्रस्त जलापूर्ति लाइन होगी बहाल, तीन तालाबों को मिलाकर बनाया जाएगा बड़ा तालाब

अनंत ज्ञान

घर तक ताजा मछली पहुंचाने पर भी होगा विचार

अनिल शर्मा, मंडी। मत्स्य विभाग के निदेशक एवं प्रारक्षी ओमकांत ठाकुर ने सुंदरनगर तहसील के अलसू स्थित विभागीय मत्स्य फार्म का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं और मत्स्य उत्पादन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फार्म की आधारभूत संरचना का अधिकतम एवं वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के साथ स्थानीय लोगों को ताजा और गुणवत्तापूर्ण मछली उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया जाए।

निदेशक ने अलसेड खड्ड से कार्प फार्म अलसू तक आने वाली मुख्य जलापूर्ति लाइन को दोबारा बहाल करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा के कारण पिछले कुछ वर्षों से यह लाइन क्षतिग्रस्त होकर बंद पड़ी है। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति बहाल होने से फार्म में पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा और मत्स्य बीज उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने सहायक निदेशक मत्स्य मंडी को फार्म में क्षतिग्रस्त तीन पालन तालाबों को समायोजित कर एक बड़े तालाब के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इससे फार्म की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ मत्स्य बीज और 500 किलोग्राम मछली उत्पादन के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

स्थानीय उपभोक्ताओं को घर तक ताजा मछली उपलब्ध करवाने की व्यवस्था पर भी विचार करने को कहा गया। इसके अलावा फार्म की गतिविधियों और मत्स्य पालन की संभावनाओं के प्रचार के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने, सामाजिक माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने तथा मनाली-चंडीगढ़ फोरलेन के निकट संकेतक लगाने के निर्देश दिए, ताकि मत्स्य पालक और पर्यटक आसानी से फार्म तक पहुंच सकें। इस अवसर पर सहायक निदेशक मत्स्य मंडी नीतू सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जयदेवी में 50 व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा का पढ़ाया पाठ

अनंत ज्ञान

◆फूड सेफ्टी विभाग ने गुणवत्ता बिल और साफ-सफाई को लेकर किया जागरूक

राजेंद्र राजन, जयदेवी। महादेव व्यापार मंडल की ओर से जयदेवी वार्ड में फूड सेफ्टी विभाग का जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इसमें जयदेवी, कटेरू और चांबी वार्ड के करीब 50 व्यापारियों ने भाग लिया। सहायक आयुक्त एलडी ठाकुर और खाद्य सुरक्षा अधिकारी सचिन लखनपाल ने व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा व गुणवत्ता के प्रति जागरूक किया।

सहायक आयुक्त ने व्यापारियों से सामान खरीदते समय गुणवत्ता जांचने, बिल लेने तथा उत्पाद की डेट और रेट अवश्य देखने की अपील की। हलवाई, ढाबा और चिकन कॉर्नर संचालकों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई। उन्होंने खाद्य पदार्थ तलने में तेल का बार-बार इस्तेमाल न करने और इस्तेमाल किए तेल को निर्धारित व्यवस्था के तहत एकत्रित कर बेचने की जानकारी दी। व्यापार मंडल प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य सलाहकार मोहन लाल गुप्ता ने व्यापारियों से नशे के खिलाफ एकजुट होकर काम करने और नशे से जुड़ी गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने का आह्वान किया। उपस्थित व्यापारियों ने इसका समर्थन किया।

विश्व बंधुत्व दिवस पर सरकाघाट में 71 यूनिट रक्त किया एकत्रित

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। विश्व बंधुत्व दिवस के पावन अवसर पर राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सरकाघाट में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ बाबा इंद्र गिरी ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ब्रह्माकुमारीज सरकाघाट एवं समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित इस अभियान में कॉलेज, आईटीआई के विद्यार्थियों सहित स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर में करीब 71 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी केंद्र बरच्छवाड़ सरकाघाट की प्रभारी वीके निर्मला देवी, वीके उर्मिला देवी सहित अनेक ब्रह्माकुमारी भाई-बहन मौजूद रहे। वीके प्रोमिला ने रक्तदान के महत्व पर प्रेरणादायी संदेश देते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का महान सेवा कार्य है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं तथा नेरचौक मेडिकल कॉलेज की टीम का शिविर को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

डॉ. तारा देवी सेन को मिलेगा 'संत ईश्वर सेवा सम्मान'

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉ. तारा देवी सेन को हिमालयी जैव विविधता संरक्षण, जंगली खाद्य एवं औषधीय वनस्पतियों के संवर्धन और महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'संत ईश्वर सेवा सम्मान-2026' के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान 'महिला एवं बाल विकास' श्रेणी में प्रदान किया जाएगा। डॉ. सेन ने शोध को स्थानीय समुदायों की पारंपरिक वनस्पति जानकारी से जोड़ते हुए महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और महिला मंडलों को जंगली खाद्य वनस्पतियों के मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण और उपयोग का प्रशिक्षण दिया है। उनके नेतृत्व में हिमाचल की कई जंगली खाद्य एवं औषधीय वनस्पतियों का दस्तावेजीकरण भी किया गया। नई दिल्ली में होने वाले सम्मान समारोह में डॉ. सेन हिमालयी जैव विविधता और अपने सामुदायिक कार्यों से संबंधित पुस्तकों, छायाचित्रों तथा चीड़ की पत्तियों से तैयार पर्यावरण-अनुकूल हस्तशिल्प की प्रदर्शनी लगाएंगी। उन्हें सम्मान पत्र, ट्रॉफी, शॉल और प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

आपदा में त्वरित संचार का प्रभावी माध्यम हैम रेडियो : अपूर्व देवगन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में प्रशिक्षित हैम रेडियो ऑपरेटरों का मजबूत नेटवर्क आपदा प्रबंधन को और प्रभावी बना सकता है। वह शुक्रवार को डीआरडीए सभागार मंडी में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान मोबाइल नेटवर्क और अन्य संचार सेवाएं ठप होने पर हैम रेडियो के जरिए वैकल्पिक संचार स्थापित किया जा सकता है। उपायुक्त ने बगला पहुंचकर हैम रेडियो का संचालन कर इसकी कार्यप्रणाली का भी परीक्षण किया।

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण में छह जिलों के 35 लाइसेंसधारी प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागियों को एंटीना, रेडियो प्रोपेगेशन, एचएफ, वीएचएफ और यूएचएफ बैंड सहित आपातकालीन संचार तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षकों ने फील्ड एंटीना स्थापना, रेडियो नेट संचालन, संदेश रिले और आपातकालीन संचार प्रोटोकॉल का अभ्यास भी करवाया।

बीएसएल परियोजना की सरकारी संपत्ति रामभरोसे

सलापड़ क्षेत्र में अव्यवस्था पर सवाल, सामग्री गायब होने का आरोप

अनंत ज्ञान

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। बीएसएल परियोजना क्षेत्र के सलापड़ हिस्से में सरकारी संपत्ति की कथित अनदेखी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुराने क्वार्टरों और अन्य परिसरों में पड़ी सामग्री के गायब होने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से खाली पड़े भवनों और आसपास के क्षेत्रों की समुचित देखभाल नहीं हो रही है।

सलापड़ के पुराने पानी के टैंक स्थल की हालत भी अव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रही है। लोगों के अनुसार यहां लगी लोहे की बड़ी बाड़ गायब है और पूरा परिसर बदहाल होता जा रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि परियोजना क्षेत्र में स्टाफ की कमी के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। वहीं, रात के समय अनधिकृत लोगों की आवाजाही और परिसर में ताश खेलने जैसी गतिविधियों की शिकायत भी सामने आई है।

स्थानीय लोगों ने परियोजना के चीफ इंजीनियर से सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अनधिकृत गतिविधियों पर रोक लगाने और लापरवाही की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

छात्रों पर बल प्रयोग युवा विरोधी सोच का प्रमाण : इंद्र सिंह गांधी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी ने मंडी में मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं पर कथित बल प्रयोग की निंदा की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाना छात्रों का अधिकार है, लेकिन सरकार संवाद के बजाय बल प्रयोग कर रही है। गांधी ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने विद्यार्थियों के हित में सरदार पटेल विश्वविद्यालय की स्थापना की थी, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार इसका दायरा घटाकर इसे कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हर वर्ष एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन युवा आज भी रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को लॉटरी नहीं, रोजगार चाहिए। गांधी ने छात्रों पर कार्रवाई की निष्पक्ष जांच और विश्वविद्यालय को मजबूत करने की मांग की।

◆सरदार पटेल विवि को कमजोर करने का आरोप, युवाओं को रोजगार देने की मांग

कनैड सर्विस रोड पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग तेज

अनंत ज्ञान

◆तेज रफ्तार वाहनों से विद्यार्थियों और राहगीरों को खतरा, एनएचएआई के रवैये पर लोगों में रोष

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। निर्माण कार्यों में अनियमितता बरते जाने को लेकर सवालों से घिरे रहे किरतपुर-मनाली फोरलेन के कनैड फोरलेन के यहां भी जनसमस्याओं की अनदेखी के लिए भी जनता बार बार आवाज उठा रही है, जिसमें खासतौर पर सर्विस रोड पर ढंग के गति अवरोधक लगाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

अत्यधिक घनी आबादी वाली कनैड पंचायत के एक बड़े भाग में सर्विस रोड पर गतिअवरोधक का पुख्ता इंतजाम न होने के कारण विद्यार्थियों सहित अन्य लोगों के लिए तेज गति से आने जाने वाले वाहनों से आवागमन की स्थिति में खतरा महसूस हो रहा है। बढ़ते यातायात के चलते सर्विस रोड भी अछूता नहीं है जो भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के ढुलमुल रवैए के कारण लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। समाजसेवी भूपेंद्र वालिया, चमन, हेमराज, मुकेश आदि का कहना है कि सर्विस रोड पर गतिअवरोधक लगाने की बार बार की मांग को नजरंदाज किया जा रहा है जिससे उन्हें संबंधित प्राधिकरण के प्रति बड़ा ही रोष-अफसोस इसलिए भी है, क्योंकि अगर ढंग के गति अवरोधक नहीं होंगे तो स्वाभाविक सी बात है कि सड़क दुघर्टना को बल मिलेगा और इसके लिए कोई और नहीं बल्कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जिम्मेदार होगा। समाजसेवियों ने उपायुक्त मंडी से कनैड के सर्विस रोड पर ढंग के गति अवरोधक लगवाने की पुरजोर मांग की है।

पंडोह में जातीय उत्पीड़न से परेशान परिवार पहुंचा एसपी दरबार

अनंत ज्ञान

◆पांच लोगों पर प्रताड़ना के आरोप, एससी एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग

बालक राम, पंडोह। हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति समुदाय पर जातिगत भेदभाव और अत्याचार बढ़ने के आरोपों के बीच पंडोह के एक पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक मंडी से न्याय की गुहार लगाई है। शुक्रवार को पंडोह पंचायत के अनुसूचित परिवारों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी मंडी विनोद कुमार से मिला और अपनी शिकायत रखी।

पीड़ित महिला भारतीय देवी और उनके पति पवन कुमार ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि जयूणी पंडोह गांव में कुछ लोग जातिगत मानसिकता के चलते उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि कभी उनके रास्ते बंद किए जाते हैं तो कभी जातिसूचक गाली-गलौज कर अपमानित किया जाता है। परिवार का कहना है कि उन्हें घर छोड़ने के लिए भी मजबूर किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 18 अगस्त को हुई भारी बारिश के दौरान मंदिर सराय की छत से पानी की निकासी के लिए लगे डाउन पाइप को कथित तौर पर अवरुद्ध कर सारा पानी उनके घर की ओर मोड़ दिया गया। इससे घर के भीतर पानी घुस गया और परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। बच्चों के सहमे रहने और स्कूल न जा पाने की बात भी शिकायत में कही गई है। परिवार ने नल का गंदा पानी भी उनकी ओर मोड़े जाने का आरोप लगाया है।

पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि यह सब मंदिर के पुजारी द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसमें कुछ स्थानीय लोगों के उकसाने का भी आरोप लगाया गया है। परिवार ने पांच लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

परिवार का कहना है कि पिछले दो वर्षों से कथित जातिगत उत्पीड़न जारी है और पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच नहीं की जा रही। स्थानीय लोगों ने एसपी मंडी से पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने की मांग की।

एसपी मंडी विनोद कुमार ने पीड़ित परिवार को हरसंभव पुलिस सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या का जल्द समाधान करवाया जाएगा और जो भी कानून संगत होगा, पुलिस उसके अनुसार कार्रवाई करेगी।

भरनाल में जर्जर मकान, स्कूल में शरण लेने को मजबूर परिवार

अनंत ज्ञान

◆समाजसेवी चंद्र मोहन शर्मा ने दिए बीस हजार रुपए

सरकाघाट। ग्राम पंचायत भरनाल में वर्ष 2023 की प्राकृतिक आपदा में क्षतिग्रस्त हुआ मेहर सिंह और देवकी देवी का मकान इस बरसात में पूरी तरह असुरक्षित हो गया है। परिवार के पास उपलब्ध भूमि भी मकान निर्माण के योग्य नहीं है, जिससे सुरक्षित आशियाने का संकट गहरा गया है।

देवकी देवी ने बताया कि 2023 की आपदा के दौरान भी परिवार को घर छोड़कर भरनाल स्कूल में शरण लेनी पड़ी थी। इस बरसात में हालात फिर बिगड़ने पर परिवार स्कूल में रहने को मजबूर है। थौना वार्ड के पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं समाजसेवी चंद्र मोहन शर्मा की टीम ने मौके पर पहुंचकर परिवार की स्थिति का जायजा लिया और 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। टीम के सदस्य सुनील कुमार शर्मा ने परिवार से मुलाकात कर क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत प्रधान भी मौजूद रहे। पीड़ित परिवार ने सरकार और प्रशासन से घर बनाने योग्य भूमि उपलब्ध करवाने के साथ सुरक्षित मकान निर्माण की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि उन्हें बार-बार विस्थापन का सामना न करना पड़े।

बदहाली | उप-डाकघर का दर्जा और नए भवन की मांग लंबित

वर्षों से किराये के भवन में चल रहा कनैड डाकघर

अनंत ज्ञान

महेंद्र सिंह राणा, भौर। सुंदरनगर तहसील के कनैड डाकघर की बदहाल व्यवस्था सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। आजादी के बाद से क्षेत्र में डाक सेवाओं का प्रमुख केंद्र रहे इस डाकघर को आज तक अपना भवन नसीब नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार डाकघर लंबे समय से किराये के भवन में चल रहा है, जबकि इसे उप डाकघर का दर्जा देने और नए भवन के निर्माण की मांग वर्षों से लंबित है।

फोरलेन के किनारे स्थित होने के कारण यहां रोजाना हजारों लोगों और पर्यटकों की आवाजाही रहती है। ऐसे में जर्जर भवन, पुरानी पत्र पेटी, खराब हालत में लगा बोर्ड और छत पर उगी बेल डाकघर की बदहाली को साफ दर्शाते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन निर्माण की फाइल वर्षों से विभागीय स्तर पर घूम रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका आरोप है कि सरकार किराये के भवन का भुगतान कर रही है, लेकिन अपने भवन के निर्माण को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही।

लोगों ने सरकार और डाक विभाग से कनैड डाकघर को शीघ्र उप डाकघर का दर्जा देने तथा नए भवन का निर्माण करवाने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और फोरलेन किनारे स्थित इस महत्वपूर्ण संस्थान की बदहाली दूर हो।

'सच्ची सेवा वही है जिसमें किसी प्रतिफल की अपेक्षा न हो।'
— विनोबा भाव

संपादकीय

भारत के पक्ष में अमेरिकी संकेत

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का जम्मू-कश्मीर दौरा केवल एक सामान्य राजनयिक यात्रा नहीं है, बल्कि इसके पीछे व्यापक राजनीतिक और रणनीतिक संदेश भी छिपे हैं। श्रीनगर पहुंचकर उनका यह कहना कि कश्मीर भारत का एक अहम हिस्सा है, पाकिस्तान के लिए निश्चित रूप से असहज करने वाला है। यही कारण है कि पाकिस्तान ने अमेरिकी प्रभारी राजदूत को तलब कर इस बयान पर विरोध दर्ज कराया। यह घटनाक्रम बताता है कि कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच पुराना विवाद अब भी संवेदनशील है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों देशों की स्थिति में बड़ा अंतर दिखाई देता है।

सर्जियो गोर का बयान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने यह बात कश्मीर की धरती पर कही है। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद किसी मौजूदा अमेरिकी राजदूत की जम्मू-कश्मीर की यह पहली यात्रा है। ऐसे समय में जब भारत जम्मू-कश्मीर में विकास, पर्यटन, निवेश और सामान्य जनजीवन को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है, अमेरिकी राजदूत का घाटी में पहुंचना और वहां की स्थिति को प्रत्यक्ष रूप से देखना महत्वपूर्ण संकेत माना जा सकता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए जम्मू-कश्मीर अब केवल सुरक्षा या विवाद के नजरिए से देखने वाला क्षेत्र नहीं रह गया है।

पाकिस्तान लंबे समय से कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय विवाद के रूप में पेश करता रहा है। उसका प्रयास रहा है कि संयुक्त राष्ट्र और दूसरे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को लगातार उठाकर भारत पर राजनीतिक दबाव बनाया जाए। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान की यह रणनीति अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाई है। अधिकांश प्रमुख देश कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विषय के रूप में देखते हैं और किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से दूरी बनाए रखते हैं। अमेरिका का मौजूदा रुख भी इसी व्यापक अंतरराष्ट्रीय सोच के अनुरूप दिखाई देता है।

अमेरिकी राजदूत का बयान पाकिस्तान के लिए इसलिए भी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि अमेरिका वैश्विक राजनीति में प्रभावशाली भूमिका रखता है। वॉशिंगटन की ओर से कश्मीर को लेकर भारत की संप्रभुता के संदर्भ में दिया गया कोई भी सकारात्मक संकेत पाकिस्तान के उस नैरेटिव को कमजोर करता है जिसे वह दशकों से अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखने की कोशिश करता रहा है। हालांकि अमेरिका समय-समय पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की जरूरत पर जोर देता रहा है, लेकिन कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय विवाद बनाकर किसी तीसरे पक्ष की सक्रिय भूमिका की मांग को वह स्वीकार करता हुआ दिखाई नहीं देता।

जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ वर्षों में हुए बदलाव भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण हैं। पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि, बुनियादी ढांचे का विकास, निवेश की कोशिशें और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की बहाली ने घाटी की तस्वीर बदलने का प्रयास किया है। ऐसे में विदेशी राजनयिकों और प्रतिनिधियों की यात्राएं भारत के लिए अपने दृष्टिकोण को दुनिया के सामने रखने का अवसर भी बनती हैं। अमेरिकी राजदूत की यात्रा से यह संदेश गया है कि जम्मू-कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय रुचि अब केवल विवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि वहां के सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक बदलावों को भी देखा जा रहा है।

यात्रा सलाह की समीक्षा का संकेत भी इस पूरे घटनाक्रम का महत्वपूर्ण पहलू है। यदि अमेरिका भविष्य में जम्मू-कश्मीर को लेकर अपनी यात्रा संबंधी सलाह में सकारात्मक बदलाव करता है तो इसका सीधा असर विदेशी पर्यटकों की धारणा पर पड़ सकता है। पर्यटन किसी भी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण होता है और जम्मू-कश्मीर के लिए इसकी भूमिका और भी अधिक है।

आज की प्रमुख हस्ती

चिरंजीवी का शानदार फिल्मी सफर

चिरंजीवी
जन्म : 22 अगस्त 1955

दक्षिण भारतीय सिनेमा के मेगास्टार चिरंजीवी का जन्मदिन हर वर्ष 22 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाता है। उनका जन्म 22 अगस्त 1955 को हुआ था। दशकों लंबे अपने शानदार फिल्मी सफर में चिरंजीवी ने अभिनय के साथ-साथ नृत्य, एक्शन और संवाद अदायगी से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। उनकी लोकप्रियता केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं है बल्कि देशभर में उनके प्रशंसक मौजूद हैं।

चिरंजीवी का असली नाम कोनिडेला शिव शंकर वर प्रसाद है। उन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखने के बाद अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर अलग पहचान बनाई। शुरुआती दौर में उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं और धीरे-धीरे वह तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में शामिल हो गए। उनकी फिल्मों में मनोरंजन के साथ सामाजिक संदेश और आम लोगों से जुड़ी कहानियां भी देखने को मिलीं।

चिरंजीवी की खासियत यह रही कि उन्होंने समय के साथ खुद को लगातार बदला। एक्शन फिल्मों से लेकर भावनात्मक और सामाजिक भूमिकाओं तक उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। उनका ऊर्जावान नृत्य और पर्दे पर दमदार उपस्थिति आज भी दर्शकों को आकर्षित करती है। उनकी कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की और उन्हें लोकप्रियता के साथ अनेक सम्मान भी मिले।

अभिनय के अलावा चिरंजीवी ने समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। जरूरतमंदों की मदद और सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने प्रशंसकों के बीच उनकी छवि को और मजबूत किया। राजनीति में भी उन्होंने अपनी भूमिका निभाई और सार्वजनिक जीवन का हिस्सा बने।

आज चिरंजीवी केवल एक अभिनेता नहीं बल्कि तेलुगु सिनेमा की एक प्रतिष्ठित पहचान माने जाते हैं। उनके जन्मदिन पर प्रशंसक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने पसंदीदा सितारे के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हैं। 22 अगस्त उनके प्रशंसकों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होता। चिरंजीवी का फिल्मी सफर आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर सफलता की प्रेरणा देता रहेगा।

कविता

बारिश में एक स्त्री...!

संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक) इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

भीगती हुई शाम, वह चुपचाप खड़ी थी, बादलों से नहीं, पुराने ख़त से बात करती। बालों से टपकती बूँदें गालों पे ठहर जातीं, आँखें-ज्यूं आसमां में अनकहे उत्तर खोजतीं। बारिश तो राज़ होती है, मगर हर एक बूँद एक जैसी कहीं भी न होती। कुछ मिट्टी को भिगोती, कुछ यादों को। उसके होंठों पर कोई शिकायत न थी, बस, एक अधूरा-सा प्रश्न कौंध रहा था- 'क्या ? लौटकर आएगा वह मौसम, जो कभी मेरे हिस्से में था ?' पेड़ की छाँव उसे पूरा नहीं ढक पाई, क्योंकि कुछ बारिशें बाहर नहीं, अंदर होती। वह भीगती रही, आकाश को निहारती रही, और बारिश उसके चेहरे से होकर धीरे-धीरे उसकी ख़ामोशी में उतरती रही। आज शायद वह उदास नहीं थी, वह बस अपने भीतर बचे एक छोटे-से सपने को बारिश से सींच रही थी। क्योंकि कुछ स्त्रियाँ टूटकर भी नहीं बिखरतीं- वे बारिश की तरह चुपचाप गिरती रहती हैं, और किसी की सूनी ज़िंदगी में प्यारी 'हरियाली' लेकर आती हैं।

मोबाइल हमारी मुट्ठी में है या हम मोबाइल की मुट्ठी में?

सुमन डोगरा सोनू
स्वतंत्र लेखक
औद्योगिक क्षेत्र बिलासपुर हिमाचल प्रदेश

कभी बच्चे सुबह उठकर बाहर भागते थे और मां की आवाज पर घर लौटते थे। आज कई घरों में सुबह बच्चे की पहली तलाश खिलौने या स्कूल बैग की नहीं बल्कि मोबाइल की होती है। कभी शाम का मतलब दोस्तों के साथ मैदान में खेलना था अब कई बच्चों के लिए शाम का मतलब स्क्रीन पर अगला स्तर पार करना है। सवाल यह नहीं कि समय बदल गया है। सवाल यह है कि बदलते समय के साथ कहीं हम खुद को तो नहीं बदलते जा रहे?

मोबाइल फोन ने हमारी जिंदगी को आसान बनाया है। एक छोटी-सी स्क्रीन में बैंक बाजार स्कूल दफ्तर मनोरंजन और पूरी दुनिया समा गई है। दूर बैठे व्यक्ति से बात करने के लिए अब दूरी कोई मायने नहीं रखती। जानकारी चाहिए तो इंटरनेट है भुगतान करना है तो कुछ सेकंड काफी हैं। तकनीक ने सचमुच जीवन की रफ्तार बदल दी है। लेकिन हर सुविधा की एक कीमत होती है। तकनीक की कीमत अगर हमारी नींद हमारा स्वास्थ्य हमारे रिश्ते और हमारी मानसिक शांति बनने लगे तो फिर हमें रुककर सोचना होगा।

आज घर में चार लोग हैं तो कई बार चार अलग-अलग स्क्रीन भी हैं। एक कमरे में बैठे लोग एक-दूसरे से कम और अपने-अपने मोबाइल से ज्यादा जुड़े दिखाई देते हैं। बातचीत कम हुई है संदेश बढ़े हैं। मुलाकातें कम हुई हैं वीडियो कॉल बढ़ी हैं। दोस्त सामने बैठा है लेकिन नजर फोन पर है। हम जुड़ तो बहुत गए हैं लेकिन क्या सच में करीब भी आए हैं?

बच्चों की दुनिया में इसका असर और गहरा है। बचपन स्वाभाविक रूप से गतिविधि जिज्ञासा और संवाद का समय होता है। बच्चे खेलकर सीखते हैं सवाल पूछकर समझते हैं और लोगों के साथ रहकर सामाजिक व्यवहार सीखते हैं। लेकिन जब खेलने की जगह लगातार स्क्रीन ले लेती है तो बच्चे के दिन का एक बड़ा हिस्सा निष्क्रिय हो जाता है। यहां समस्या केवल स्क्रीन पर बिताए घंटों की नहीं है। असली सवाल है कि उस स्क्रीन ने बच्चे से क्या छीन लिया। क्या उसने मैदान का समय छीन लिया? क्या नींद कम हुई? क्या किताब से दूरी बढ़ी? क्या परिवार से बातचीत घट गई? क्या बच्चा मोबाइल हटते ही बेचैन होने लगा?

यदि इन सवालों के जवाब हां में हैं तो मामला केवल मोबाइल इस्तेमाल करने का नहीं रह जाता। फिर यह हमारी आदतों और जीवनशैली का सवाल बन जाता है। बच्चों को तकनीक से दूर रखना संभव नहीं है और शायद जरूरी भी नहीं। लेकिन उन्हें तकनीक का सही इस्तेमाल सिखाना परिवार की जिम्मेदारी जरूर है।

और फिर आता है डिजिटल दुनिया का दूसरा ज्यादा खतरनाक चेहरा—ऑनलाइन गेमिंग। गेम खेलना अपने आप में कोई अपराध नहीं है। खेल मनोरंजन का हिस्सा हो सकते हैं। लेकिन जब खेल में पैसा जुड़ जाए और जीत को आसान कमाई समझ लिया जाए तो यही मनोरंजन आर्थिक जाल में बदल सकता है।

शुरुआत अक्सर छोटी होती है। कोई व्यक्ति कुछ रुपये लगाता है जीत जाता है और उसे लगता है कि पैसा कमाना कितना आसान है। फिर वह ज्यादा लगाने लगता है। हार होती है तो नुकसान वापस पाने के लिए फिर पैसा लगाता है। यही वह चक्र है जिसमें आदमी कई बार यह समझ ही नहीं पाता कि वह खेल नहीं रहा बल्कि खेल उसे चला रहा है।

सस्ते इंटरनेट और स्मार्टफोन ने ऑनलाइन दुनिया को देश के कोने-कोने तक पहुंचाया। डिजिटल भुगतान ने लेन-देन को और आसान बनाया। ऑनलाइन रम्मी फैंटेसी स्पोर्ट्स और दूसरे वास्तविक धन वाले मंच तेजी से लोकप्रिय हुए। कानूनी बहसें और अदालतों के फैसलों ने कुछ खेलों को कौशल आधारित गतिविधियों के रूप में भी देखा। लेकिन कानून अपनी जगह है और सामाजिक जोखिम अपनी जगह। किसी खेल का कानूनी होना यह नहीं बताता कि हर व्यक्ति उसके परिणामों से सुरक्षित रहेगा।

आज देश में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े आर्थिक नुकसान और मानसिक दबाव की अनेक घटनाएं चिंता पैदा कर रही हैं। कुछ मामलों में युवाओं ने भारी रकम गंवाई और उसके बाद अवसाद तथा तनाव में बेहद खतरनाक कदम उठाए। ऐसी घटनाएं हमें झकझोरने के लिए काफी हैं। इन घटनाओं को केवल गेमिंग की वजह से हुई घटना कहकर छोड़ देना आसान है। असली सवाल उससे बड़ा है—हमने अपने युवाओं को ऐसा अकेला क्यों छोड़ दिया कि आर्थिक नुकसान के बाद उन्हें कोई रास्ता दिखाई ही नहीं दिया?

परिवार की भूमिका यहां सबसे महत्वपूर्ण है। कई बार माता-पिता बच्चे को मोबाइल तो दे देते हैं लेकिन यह जानने की कोशिश नहीं करते कि वह मोबाइल पर कर क्या रहा है। फिर जब समस्या बड़ी हो जाती है तो फोन छीन लेना ही समाधान समझ लिया जाता है। फोन छीनने से ज्यादा जरूरी है बच्चे का मन समझना। उसे मैदान देना होगा। बातचीत देनी होगी। परिवार का समय देना होगा। हार और असफलता को स्वीकार करना सिखाना होगा। यह भरोसा देना होगा कि पैसा खो जाने से जिंदगी खत्म नहीं होती और परेशानी आने पर घर का दरवाजा हमेशा खुला है।

युवाओं के लिए भी यह समझना जरूरी है कि ऑनलाइन गेम में पैसा लगाना कमाई का भरोसेमंद रास्ता नहीं है। जीत की चमक दिखाई देती है लेकिन हार की कीमत अक्सर छिपी रहती है। जिस पैसे को परिवार की जरूरत शिक्षा या भविष्य के लिए बचाया जा सकता है उसे कुछ मिनट की उम्मीद पर दांव लगाना समझदारी नहीं है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

'शिक्षा, शिक्षक और शिष्य में सामंजस्य समय की पुकार'



तुलसी राम डोगरा
(स्वतंत्र लेखक), पालमपुर।

शिक्षा के संबंध में महात्मा गांधी ने कहा था कि हम जहां-जहां नजर डालते हैं वहां-वहां दिखाई पड़ता है कि नींव पर भारी इमारतें खड़ी की गई हैं। प्रारम्भिक शिक्षा के लिए चुने गए शिक्षकों को शिष्याचारवश भले ही शिक्षक कहा जाए लेकिन यथार्थ में उन्हें यह नाम देना शिक्षक शब्द का दुरुपयोग है। वास्तव में शिक्षक द्वारा शिष्य को दी गई शिक्षा उसके वर्तमान और भविष्य का फैसला करती है जिसकी जद में परिवार समाज और देश के प्रति उत्तरदायित्व की दिशा निर्धारित होती है। पाश्चात्य संस्कृति की दौड़ में आज गुरु और शिष्य का आपसी सामंजस्य शायद ही सौहार्दपूर्ण हो क्योंकि इस भागदौड़ भरी जिंदगी और समय अभाव के कारण एक-दूसरे से नजदीक होने के बजाय गुरु और शिष्य में दूरी बनती जा रही है।

कुछ दशक पहले शिष्य द्वारा गुरु की महिमा का चौतरफा गुणगान किया जाता था लेकिन नैतिक मूल्यों के क्षरण के कारण शनैः-शनैः इसमें गिरावट आ रही है। यह हैरान करने वाली बात नहीं है क्योंकि पूरे विश्व में वैश्वीकरण और इस आधुनिक युग में शिक्षा एक नए मोड़ पर खड़ी नजर आ रही है और यही वजह है कि विद्यार्थियों और शिक्षक यानी गुरु के साथ-साथ पढ़ाई के तौर-तरीकों में भी बदलाव आ रहा है। एक तरह से देखा जाए तो अब शिक्षा और गुरुओं के अर्थ बदल रहे हैं। आज की शिक्षा के आधुनिकीकरण ने गुरु महिमा की उस परिभाषा को तोड़ा है जो वर्षों से अविरल चली आ रही थी।

वर्तमान गुरु होने का मतलब सिर्फ इतना ही नहीं है कि वह आए और कक्षा में किताबी ज्ञान देकर चलते बने। भारतीय परिदृश्य में शिक्षा के मायने बदल रहे हैं तो शायद कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसका जीवंत उदाहरण आज देश के कई स्कूलों में देखा जाता है जहां बच्चों को आधुनिक तरीके से शिक्षा दी जा रही है। हिमाचल प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कुछ समय पूर्व राज्य में समग्र शिक्षा निदेशालय में शिक्षा से संबंधित कुछ अहम विषयों पर चर्चा के तुरंत बाद हिमाचल के सरकारी स्कूलों में बच्चों व अध्यापकों के लिए मोबाइल फोन स्मार्ट वॉच हैडफोन और टैबलेट ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाकर सराहनीय कदम उठाया है। छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय वास्तव में आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा।

इस निर्णय की सर्वत्र प्रशंसा हुई है और सभी को दलगत राजनीति से उठकर कंधे से कंधा मिलाकर सरकार का समर्थन करना चाहिए। जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश देवभूमि में आकंठ फैल रहे चिट्टे नशे के खिलाफ वर्तमान सरकार ने हुंकार भरी है जिसका समर्थन व स्वागत सभी राजनीतिक दलों तथा सामाजिक संस्थाओं ने किया और उसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई थी उसी तरह बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में मोबाइल फोन व अन्य व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण न ले जाने के निर्णय का भी सभी ने स्वागत करना चाहिए। आने वाले समय में यह निर्णय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है।

वास्तव में आज अधिकांश बच्चे पढ़ाई की तरफ ध्यान न देकर मोबाइल फोन व इंटरनेट में घंटों-घंटों चिपक रहते हैं और मां-बाप के मना करने के बावजूद भी बच्चे उनकी बातों को नजरअंदाज अथवा अनसुना कर देते हैं। वर्तमान समय में मोबाइल फोन इंटरनेट और सामाजिक माध्यमों ने बच्चों और युवाओं को अपने वास्तविक ध्येय से भटका दिया है और यही कारण है कि आज मानवीय संवेदनाओं से विमुख होती जा रही युवा पीढ़ी चिंता का विषय बन रही है। मोबाइल व इंटरनेट की संस्कृति बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न कर रही है। वहीं कुछ युवा चिट्टे के नशे के आगोश में आकर अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रहे हैं जो चिंतनीय है। यह भी सत्य है कि मोबाइल और इंटरनेट का सही इस्तेमाल करने से वर्तमान तथा भविष्य के संदर्भ में कई ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त होती हैं। वहीं दूसरी ओर इसके दुष्परिणाम बच्चों तथा अभिभावकों को गर्त में भी डाल रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

सियासी बयानबाजी से घट रही विधानसभा की गरिमा

सुखदेव सिंह
नूरपुर

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन को लेकर राजनीति करना बिल्कुल गलत है। केंद्र सरकार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और खुद की सरकार विपक्ष के नेताओं पर राष्ट्रीय गीत का अपमान किए जाने का आरोप लगा रही है। हिमाचल प्रदेश सरकार के आज से शुरू हुए विधानसभा मानसून सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा सदन का वाकआउट करना समय और बजट की बर्बादी है। दस दिनों तक चलने वाले इस सदन की अहमियत को माननीय जरूर समझें। माननीयों को जनता चुनकर विधानसभा भेजती है कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे और नवीन योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। हिमाचल प्रदेश की गरीब जनता के लिए खेद का विषय है कि माननीय विधानसभा परिसर के समक्ष अपना शक्ति प्रदर्शन करके जनता को गुमराह करते हैं। मीडिया में सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कम और आरोप-प्रत्यारोपों का अधिक हो रहा है।

भाजपा विधायकों के खिलाफ विजिलेंस में रिपोर्ट दर्ज करवाने का सुख की सरकार ने अभियान छेड़ रखा है। नतीजन सरकार के खिलाफ भाजपा नेताओं द्वारा भड़ास निकालना भी स्वाभाविक है। हिमाचल प्रदेश में राजनीति का स्तर दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। कुछेक माननीय अमर्यादित भाषा का उच्चारण करके देवभूमि की संस्कृति के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। माननीय एक-दूसरे को खालड़ी में रहने का सुझाव देकर सनसनी फैला चुके हैं। आपसी तीखी नोकझोंक में हू आर यू और नॉनसेंस जैसे शब्द विधानसभा सत्र में बोलकर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचा चुके हैं। विधानसभा सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष के नेता सदैव आपसी टकराव की स्थिति में रहते हुए जनहित के मुद्दों पर सही से चर्चा करने में सफल नहीं हो पाते हैं।

जनता पर सरकारों की कर्जदारी का आर्थिक बोझ निरंतर बढ़ रहा है जिसकी माननीयों को अवश्य चिंता करनी होगी। धर्मशाला विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता लामबंद हैं। इस बाबत विधायक का पुतला जलाने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की एवज में कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने की खबर सामने आई है। शांतिप्रिय हिमाचल प्रदेश में प्रतिशोध की भावना से काम करने पर नेताओं को अंकुश लगाकर एकता का मार्ग अपनाना चाहिए। माना कि विधायक सुधीर शर्मा द्वारा प्रदेश मुखिया पर की गई टिप्पणी सही नहीं ठहराई जा सकती है। मगर आज हमें इस बात पर जरूर सोचना होगा कि सभ्य, हंसमुख, मिलनसार और मृदुभाषी विधायक के मुंह से ऐसे कटु शब्द आखिर निकले क्यों? जब कोई जनता द्वारा चुने हुए विधायक को सरगना का खिताब देकर संबोधित करेगा तो उस नेता के हल्के की जनता का अपमान कहलाएगा जिसने उसे चुना है।

सुख की सरकार अपने कांग्रेसी विधायकों के साथ तालमेल बैठाने में पिछड़ गई। नतीजन कांग्रेसी विधायकों ने धर्मशाला विधायक सुधीर शर्मा की अगुवाई में भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को अपना मत डाल दिया था। लोकतंत्र में मत अपनी इच्छानुसार डालने का मौलिक अधिकार हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक को देता है। विधायक सुधीर शर्मा द्वारा भाजपा प्रत्याशी राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को अपना वोट डालना कांग्रेस नेताओं को पसंद नहीं आया। सुख सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायक सुधीर शर्मा को बिकाऊ और सरगना का खिताब देने में कोई गुरेज नहीं किया था। प्रदेश मुखिया द्वारा अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ विधायक को सरगना कहना बिल्कुल गलत था।

सुख की सरकार ने विधायक सुधीर शर्मा और राजेंद्र राणा को समय रहते मान-सम्मान दिया होता तो आज अवसरवादी शब्द एक-दूसरे के खिलाफ मुंह से नहीं निकलते। विधायक सुधीर शर्मा ने इस अपमान की वजह से कांग्रेस सरकार से त्यागपत्र देकर भाजपा का दामन थामा। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के करीबी रहे विधायक सुधीर शर्मा के मन में यह टीस अवश्य चुभती होगी कि उसे प्रदेश मुखिया की वजह से कांग्रेस से वर्षों पुराना नाता तोड़ना पड़ा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चेतावनी

केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतन्त्र लेखक,
गांव-कोटला,घुमारवीं।

आज के दौर में देश में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति अत्यंत चिंताजनक और दुखद सामाजिक समस्या बनती जा रही है। जीवन में आने वाली परेशानियाँ, मानसिक दबाव, पारिवारिक तनाव, आर्थिक कठिनाइयाँ, सामाजिक अपेक्षाओं और भविष्य को लेकर असुरक्षा के कारण अनेक लोग स्वयं को बेहद अकेला और असहाय महसूस करने लगते हैं। यह केवल किसी एक व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि परिवार, समाज और व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। जरूरत इस बात की है कि हम इस विषय को केवल व्यक्तिगत समस्या मानकर नजरअंदाज न करें, बल्कि इसे सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से समझें।

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में लोगों पर सफल होने का दबाव लगातार बढ़ रहा है। विद्यार्थियों पर अच्छे अंक लाने, युवाओं पर करियर बनाने और नौकरी पाने तथा परिवार के कमाने वाले सदस्यों पर आर्थिक जिम्मेदारियां पूरी करने का दबाव रहता है। जब अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं तो व्यक्ति स्वयं को असफल समझने लगता है। कई बार छोटी-सी असफलता भी व्यक्ति को इतनी बड़ी लगने लगती है कि उसे आगे का रास्ता दिखाई नहीं देता। ऐसे समय में परिवार और समाज का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है।

ऐसे समय में मानसिक परेशानी को कमजोरी मानने के बजाय उसे गंभीरता से समझना आवश्यक है। किसी व्यक्ति का लगातार उदास रहना, लोगों से दूरी बनाना, निराशा व्यक्त करना या अपने भविष्य को लेकर बार-बार नकारात्मक बातें करना इस बात का संकेत हो सकता है कि उसे भावनात्मक सहारे की आवश्यकता है। ऐसे संकेतों को नजरअंदाज करने के बजाय परिवार और आसपास के लोगों को संवेदनशीलता के साथ उसकी बात सुननी चाहिए। कई बार किसी व्यक्ति को समाधान से पहले केवल यह भरोसा चाहिए होता है कि कोई उसके साथ खड़ा है।

संयुक्त परिवारों के कमजोर होने और व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवार के सदस्यों के बीच संवाद कम हुआ है। कई बार घर में सभी लोग एक-दूसरे के साथ रहते हुए भी अपनी समस्याएं साझा नहीं कर पाते। बच्चों और युवाओं को डांटने या उनकी तुलना दूसरों से करने के बजाय उनकी बातें धैर्यपूर्वक सुनना जरूरी है। हर बच्चा और हर युवा अपनी अलग क्षमता और परिस्थिति के साथ आगे बढ़ता है। इसलिए उसकी तुलना किसी दूसरे से करना उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर सकता है। कई समस्याओं का समाधान केवल इतना करने से शुरू हो सकता है कि सामने वाले व्यक्ति को यह महसूस हो कि कोई उसे समझने और सुनने के लिए मौजूद है।

बेरोजगारी, कर्ज, पारिवारिक विवाद, असफल रिश्ते, परीक्षा या करियर का दबाव तथा सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखने की चिंता भी व्यक्ति के मानसिक तनाव को बढ़ा सकती है। सोशल मीडिया ने भी तुलना की प्रवृत्ति को बढ़ाया है। लोग दूसरों के जीवन की चमक-दमक देखकर अपने जीवन को कमतर समझने लगते हैं, जबकि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली तस्वीरें किसी व्यक्ति के पूरे जीवन की वास्तविकता नहीं होतीं। हमें यह समझना होगा कि हर व्यक्ति के जीवन में संघर्ष और कठिनाइयां होती हैं। इसलिए आभासी दुनिया को वास्तविक जीवन का पैमाना बनाना उचित नहीं है।

आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। परिवार, विद्यालय, महाविद्यालय, कार्यस्थल और समाज सभी को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जिसमें व्यक्ति अपनी परेशानियों के बारे में बिना डर और संकोच के बात कर सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

आरटीआई में नहीं मिला पुरुषों की बच्चेदानी निकालने का रिकॉर्ड

आईजीएमसी, टांडा और केएनएच ने 2019 से 2022 तक किसी पुरुष मरीज का ऑपरेशन होने से किया इनकार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश सरकार की हिमकेयर योजना में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के बीच पुरुष मरीजों की बच्चेदानी निकालने के ऑपरेशन के दावे को लेकर सामने आई आरटीआई जानकारी ने तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी है।

आरटीआई के तहत वर्ष 2019 से 2022 के बीच इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल शिमला, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा तथा कमला नेहरू अस्पताल से बच्चेदानी निकालने के ऑपरेशन से संबंधित तीन बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी। इनमें इस अवधि के दौरान कुल कितने ऑपरेशन हुए, इनमें पुरुष मरीजों पर कितने ऑपरेशन किए गए और यदि ऐसे कोई ऑपरेशन हुए तो उनके वर्षवार विवरण तथा संबंधित रिकॉर्ड की प्रतियां उपलब्ध करवाने को कहा गया था। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में आरटीआई आवेदनकर्ता का नाम स्पष्ट नहीं है। आरटीआई से मिली जानकारी को भरमौर से भाजपा विधायक डॉ. जनक राज ने सार्वजनिक किया।

आरटीआई के जवाब में तीनों संस्थानों ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2019 से 2022 के बीच उनके यहां किसी भी पुरुष मरीज की बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन नहीं हुआ। अस्पतालों ने पुरुष मरीजों पर इस तरह की किसी प्रक्रिया किए जाने से साफ इनकार किया है। वहीं, इसी अवधि में महिला मरीजों की बच्चेदानी निकालने से संबंधित ऑपरेशन के आंकड़े भी उपलब्ध करवाए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईजीएमसी शिमला, केएनएच और डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में क्रमशः 11, 2633 और 155 महिला मरीजों की बच्चेदानी निकालने के ऑपरेशन की जानकारी दी गई है।

हिमकेयर योजना में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रहे विजिलेंस ब्यूरो की विशेष जांच टीम ने वीरवार को आईजीएमसी एवं अस्पताल शिमला के पूर्व एमएस और भरमौर से भाजपा विधायक डॉ. जनक राज से पूछताछ की थी। पूछताछ के ठीक एक दिन बाद डॉ. जनक राज ने हिमकेयर में बच्चेदानी के ऑपरेशन को लेकर आरटीआई के तहत प्राप्त जानकारी सार्वजनिक की। विधायक के अनुसार प्रदेश के तीन प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों से जानकारी मांगी गई थी। आरटीआई के जवाब सामने आने के बाद पुरुष मरीजों की। बच्चेदानी निकालने के दावे पर सवाल खड़े हो गए हैं, क्योंकि तीनों संस्थानों के रिकॉर्ड में वर्ष 2019 से 2022 के बीच ऐसा कोई ऑपरेशन दर्ज नहीं है।

आरटीआई के जवाब से उठे सवालों को मिला स्पष्ट आधार

आरटीआई से मिली जानकारी हिमकेयर योजना में बच्चेदानी के ऑपरेशन को लेकर उठे विवाद की पड़ताल में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खासतौर पर पुरुष मरीजों पर ऐसे ऑपरेशन किए जाने के सवाल पर तीनों अस्पतालों के स्पष्ट जवाब ने स्थिति को काफी हद तक साफ कर दिया है। उपलब्ध रिकॉर्ड में किसी भी संस्थान ने पुरुष मरीज की बच्चेदानी निकालने के ऑपरेशन की पुष्टि नहीं की है। ऐसे में इस अवधि के दौरान दर्ज आंकड़े महिला मरीजों से संबंधित ऑपरेशन के ही हैं।

नलटड़ी खड्ड पर पुल को तरसे ग्रामीण

हर बरसात में जान जोखिम में डाल रहे ग्रामीण

अनंत ज्ञान

रस्सी के सहारे नलटड़ी खड्ड पार करते ग्रामीण।

ब्यूरो, शिमला। जुन्गा और ठियोग तहसील की सीमा पर बहने वाली नलटड़ी खड्ड के कांवती में आजादी के दशकों बाद भी स्थायी पुल नहीं बन पाया है। पीरन पंचायत के बटोला, नालटा, मीमू और नट समेत आसपास के गांवों के लोगों को हर बरसात में उफनती खड्ड पार करने के लिए जान जोखिम में डालनी पड़ती है। करीब 20 वर्ष पहले बनाया गया फुटब्रिज पहली ही बरसात में बह गया था।

वर्ष 2023 में भी रस्सी के सहारे एक बच्चे को खड्ड पार कराने का वीडियो सामने आया था, जिसके बाद डीआरडीए शिमला को पुल निर्माण के निर्देश दिए गए, लेकिन मामला अब तक आगे नहीं बढ़ पाया। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों ओर एंबुलेंस योग्य सड़कें बन चुकी हैं, ऐसे में वाहन योग्य पुल बनने से कई गांवों को बड़ी राहत मिलेगी।

पुल के अभाव में ग्रामीणों की रोजमर्रा की आवाजाही के साथ घासनी, चारागाह और घराट तक पहुंच भी प्रभावित हो रही है।

पीरन क्षेत्र के लोगों की ठियोग तहसील के धरेच, सतोग, अलोटी और सिरमौर के शीलावण व कलयोंपाब क्षेत्रों में रिश्तेदारियां होने से यहां नियमित आवागमन रहता है। पंचायत सचिव राजीव ठाकुर ने बताया कि प्रस्तावित पुल का स्पैन करीब 53 मीटर है और फुटब्रिज का निर्माण डीआरडीए शिमला द्वारा किया जा रहा है। पंचायत के पास पुल निर्माण के लिए अलग से धनराशि नहीं है।

ग्रामीणों का कहना है कि नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के सामने नलटड़ी खड्ड पर पुल बनवाना सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

ठियोग में क्रेच के दो पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। बाल विकास परियोजना अधिकारी ठियोग कार्यालय की ओर से क्रेच कार्यकर्ता और क्रेच सहायिका के एक-एक पद को भरने के लिए पात्र महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक महिलाएं 15 सितंबर, तक निर्धारित आवेदन पत्र के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न कर कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकती हैं। आवेदक का संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के फीडर क्षेत्र से संबंध होना जरूरी है तथा वार्षिक पारिवारिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। क्रेच कार्यकर्ता पद के लिए 10+2 तथा क्रेच सहायिका के लिए दसवीं पास होना अनिवार्य है। उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित क्रेच कार्यकर्ता को 5,500 रुपए और सहायिका को 3,000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। आय प्रमाण-पत्र तहसीलदार, नायब तहसीलदार अथवा कार्यकारी दंडाधिकारी स्तर के अधिकारी से प्रमाणित होना आवश्यक है। पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार 28 सितंबर, 2026 को उपमंडलाधिकारी (नागरिक) ठियोग के कार्यालय में होगा। भर्ती से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र की पर्यवेक्षक अथवा बाल विकास परियोजना अधिकारी ठियोग कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं।

पेंशनभोगियों को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग के अंतर्गत कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा, हिमाचल प्रदेश, शिमला की ओर से राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों सहित 89 पेंशनभोगियों ने भाग लिया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के साथ स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा और डिजिटल सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डीडीयू जोनल अस्पताल के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच के अलावा आंखों, दांतों, फेफड़ों और ईसीजी की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल अरेस्ट से बचाव के उपाय बताए। वहीं, आयुष चिकित्सकों ने आयुर्वेदिक आहार, योग और स्वस्थ वृद्धावस्था की जानकारी दी।

वैज्ञानिक चेतना दिवस पर दाभोलकर को श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने शुक्रवार को रोटरी टाउन हॉल शिमला में डॉ. नरेंद्र दाभोलकर के शहीदी दिवस पर राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस मनाया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क के पूर्व महासचिव दीप भ्रद्दाचार्य ने दाभोलकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अंधविश्वास और अवैज्ञानिक सोच के खिलाफ जनजागरूकता का अभियान चलाया। इस अवसर पर भारत ज्ञान विज्ञान समिति के संस्थापक सचिव डॉ. एमपी परमेश्वरन को भी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने विज्ञान और तकनीक को आम जनता के सरोकारों से जोड़ने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया। समिति के पदाधिकारियों ने उनके विचारों और जन विज्ञान आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

शिमला में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

अनंत ज्ञान, शिमला। राजधानी शिमला के कई स्कूलों को शुक्रवार को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। एहतियातन कुछ स्कूलों में बच्चों की छुट्टी कर दी गई। पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने स्कूल परिसरों की जांच की। धमकी मिलने वाले स्कूलों में डीएवी लक्कड़ बाजार, दयानंद पब्लिक स्कूल, डीएवी टुटू और सेंट एडवर्ड स्कूल शामिल हैं। ई-मेल में हिमाचल विधानसभा को भी निशाना बनाने की धमकी दी गई। सूचना के बाद स्कूलों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। एएसपी शिमला सिटी मेहर पंवर ने धमकी की पुष्टि की। पुलिस ई-मेल के स्रोत और धमकी भेजने वाले की पहचान में जुटी है। अधिकारियों के अनुसार जांच पूरी होने के बाद ही धमकी की वास्तविकता स्पष्ट होगी।

किसानों-बागवानों को आधुनिक तकनीक के दिए टिप्स

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग के सौजन्य से रामपुर के मिनी सचिवालय में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। तीन दिवसीय इस शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए किसानों और बागवानों ने भाग लिया।

इस दौरान किसानों व बागवानों को कृषि और बागवानी की नई आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उत्पाद को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के तरीके भी सुझाए गए। इसके अलावा उत्पाद के उत्पादन विपणन के बारे भी जानकारी दी गई। रामपुर की उपरोक्त शिविर का संचालन की हिमार्ड संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर आरएस मिन्हास एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। शिविर में वीईएससीएफएफ फाउंडेशन के सीईओ पुनीत के झामटा, हिमार्ड अध्यक्ष डॉक्टर आरएस मिन्हास, देवभूमि इंपोर्ट के पूर्व सीनियर मैनेजर अखिल चौहान, सचिन शर्मा आदि ने किसानों को अपने उत्पाद की लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन तथा एफपीओ प्रबंधन की जानकारी दी। पुनीत के झामटा ने कम लागत पर डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, बिजनेस रिस्क आदि के बारे में विस्तार से लोगों को अवगत करवाया।

शिविर के समापन पर बागवानी विभाग के विषय वाद विशेषज्ञ डॉक्टर संजय चौहान ने विभाग द्वारा किसानों/बागवानों को दी जा रही सरकारी योजनाओं और सब्सिडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बाद में शिविर के संचालक व हिमार्ड के अध्यक्ष डॉक्टर आरएस मिन्हास ने बताया कि शिविर में जिला कांगड़ा, कुल्लू और किन्नौर के करीब 30 किसानों और बागवानों ने भाग लिया।

विजिलेंस मुख्यालय में सुधीर शर्मा से हुई पूछताछ

संपत्ति और वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेज मांगे, समर्थकों की भी जुटी भीड़

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा शुक्रवार को शिमला के खलीनी स्थित राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (विजिलेंस) मुख्यालय पहुंचे। आय से अधिक संपत्ति से जुड़े मामले में विजिलेंस की ओर से उन्हें पूछताछ के लिए अलग से नोटिस जारी किया गया था। विधायक के मुख्यालय पहुंचने के साथ ही बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी विजिलेंस कार्यालय के बाहर जुट गए। यह मामला पहले से विजिलेंस के समक्ष दर्ज प्राथमिक जांच के सिलसिले में आगे बढ़ाया जा रहा है।

विजिलेंस के अनुसार प्राथमिक जांच के दौरान विधायक से कुछ अनुपलब्ध अथवा असत्यापित वित्तीय एवं दस्तावेजी रिकॉर्ड मांगे गए थे। इनमें शेयरों और प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री व सरेंडर, डीमैट खाते, ब्रोकर और बैंकिंग ट्रेल, अचल संपत्तियों की खरीद-फरोख्त, बैंकिंग विवरण, वाहनों की खरीद व उनके वित्तपोषण का रिकॉर्ड, असुरक्षित ऋण व एडवांस, निवेश, बैंक खातों तथा अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की जानकारी शामिल थी। इसके अलावा भारत और विदेश में विधायक अथवा उनके परिवार के सदस्यों के स्वामित्व या लाभ वाली चल-अचल संपत्तियों का पूरा ब्योरा भी मांगा गया था। विजिलेंस के मुताबिक पूर्व सूचना के बावजूद महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए थे, जिसके चलते विधायक से अतिरिक्त जानकारी और जवाब मांगा गया है।

नोटिस के जवाब से आगे बढ़ेगी जांच

विजिलेंस मुख्यालय में सुधीर शर्मा से इसी दस्तावेजी और वित्तीय जानकारी के संबंध में पूछताछ की गई। उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जारी नोटिस का लिखित जवाब भी प्रस्तुत करना है। विजिलेंस की कार्रवाई को लेकर विधायक के समर्थकों की मौजूदगी ने मामले को राजनीतिक रूप से भी चर्चा में ला दिया है। हालांकि, जांच की प्रक्रिया अभी जारी है और विजिलेंस की ओर से जुटाए जा रहे दस्तावेजों तथा विधायक के जवाब के आधार पर ही मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

किन्नौर में दो मंजिला मकान जलकर राख

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। किन्नौर जिले के कल्पा खंड की ग्राम पंचायत सापनी के कनई गांव में वीरवार देर रात एक दो मंजिला लकड़ी के मकान में अचानक आग भड़कने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरा मकान जलकर राख हो गया।

अग्निकांड में मकान के करीब 10 कमरे, घर में रखा सामान, नकदी, गहने और खाद्य सामग्री पूरी तरह जल गई। मकान के साथ बनी गोशाला में बंधी एक गाय और एक बछड़ी भी आग की चपेट में आकर जिंदा जल गई। इसके अलावा घर के साथ लगे बगीचे में सेब के करीब 15 पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा है।

घटना की सूचना मिलते ही सापनी, बटूरी और कनई गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पुलिस चौकी कड़छम

गाय और बछड़ी जिंदा जल

और जिला प्रशासन को भी दी गई। पुलिस चौकी प्रभारी राकेश कुमार नेगी की अगुवाई में पुलिस टीम तथा जिला मुख्यालय रिकांगपिओ, सांगला और जेपएसडब्ल्यू से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का भरपूर प्रयास किया और साथ लगते नए मकान को आग की चपेट में आने से बचा लिया। हालांकि, दमकल वाहन पहुंचने तक पुराना मकान पूरी तरह जल चुका था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। एसपी किन्नौर सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि अग्निकांड में किसी प्रकार की जानी नुकसान की सूचना नहीं है। तहसीलदार सांगला हृदयाल सिंह ने मौके का जायजा लेकर प्रभावित परिवार को 20 हजार रुपये की फौरी राहत और एक तिरपाल प्रदान किया।

जुब्बल में अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, शिमला। शिमला जिले के जुब्बल में पुलिस ने नशे की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक 21 वर्षीय युवक को 78 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को 20 अगस्त को परहाट पुल के पास एचपीपीसीएल डैम के नजदीक गश्त और जांच के दौरान पकड़ा गया।

पुलिस के मुताबिक जुब्बल पुलिस की टीम इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को एक व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 78 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी की पहचान मानस चौहान के रूप में की है। वह शिमला जिले के झगटन का रहने वाला है और उसकी उम्र 21 वर्ष बताई गई है। अफीम बरामद होने के बाद पुलिस थाना जुब्बल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत के सामने पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार मामले की आगे की जांच जारी है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि आरोपी के पास अफीम कहां से आई थी।

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा ट्हाई गांव

शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। जुन्गा तहसील के ट्हाई गांव में पांच दिवसीय शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा और सामाजिक समरसता का संदेश देकर संपन्न हुआ। समारोह के दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। गिरिनदी से पवित्र जल लेकर करीब 300 महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। मंदिर में स्थापित शिवलिंग मध्यप्रदेश के नर्मदा क्षेत्र से लाया गया है।

सभी जाति-वर्गों के लिए खुला शिवालय

मंदिर संस्थापक सत्यपाल ठाकुर ने बताया कि उनकी स्वर्गीय माता की शिव मंदिर निर्माण की इच्छा थी, जिसे पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि मंदिर में बिना किसी भेदभाव के सभी जाति-वर्ग और समुदाय के लोग दर्शन व पूजा-अर्चना कर सकेंगे। समापन पर आयोजित भंडारे में जुन्गा के साथ सिरमौर और सोलन से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

खाची बोले-मैं कांग्रेस का 'बब्बर शेर' सियासी षड्यंत्रों से नहीं डरता

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में चल रही अंदरूनी सियासी खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। कांग्रेस विधायक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर पर टिप्पणी के मामले में हिमाचल प्रदेश वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची को पार्टी संगठन ने कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब मांगा है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ठियोग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान खाची की राठौर को लेकर की गई टिप्पणी के बाद कांग्रेस के भीतर बयानबाजी तेज हुई थी। पार्टी संगठन के सचिव विनोद जनता ने नोटिस जारी किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा है कि खाची से सात दिन में जवाब मांगा गया है और जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संगठन स्तर पर कार्रवाई की जा सकती है। नोटिस के बाद खाची ने सीधे तौर पर पार्टी के नोटिस पर प्रतिक्रिया देने के बजाय सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट के जरिए अपने तेवर साफ कर दिए। उन्होंने लिखा, 'मैं कांग्रेस पार्टी का बब्बर शेर हूं, ऐसे-वैसे

राठौर पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस का कारण बताओ नोटिस सात दिन में मांगा जवाब

राजनीतिक षड्यंत्र से नहीं डरता, जय कांग्रेस।' खाची की इस पोस्ट को उनके आत्मविश्वास और पार्टी के भीतर चल रही सियासी खींचतान के बीच एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

ठियोग में खाची ने राठौर पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि वर्ष 2022 तक ठियोग में उन्हें 11 लोग भी नहीं जानते थे और कांग्रेस के लोगों ने एकजुट होकर उन्हें चुनाव जिताया। इसके बाद दोनों नेताओं को लेकर कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति गरमा गई और मामला संगठन के स्तर तक पहुंच गया।

खास बात यह है कि खाची और राठौर दोनों को कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के करीबी नेताओं में माना जाता है, ऐसे में सार्वजनिक मंचों से एक-दूसरे पर टिप्पणियों ने पार्टी के भीतर चल रही राजनीतिक खींचतान को और हवा दे दी है। अब संगठन की नजर खाची के सात दिन के भीतर आने वाले जवाब पर टिकी है। बड़ा सवाल यही है कि क्या कारण बताओ नोटिस के बाद यह विवाद शांत होगा या फिर खाची के 'बब्बर शेर' वाले तेवर कांग्रेस की अंदरूनी सियासत में नए टकराव की शुरुआत करेंगे।

मिड डे मील वर्कर्स ने मांगा तीन माह का बकाया वेतन

सीटू प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक प्रारंभिक शिक्षा से उठाया मुद्दा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश मिड डे मील वर्कर्स यूनियन (सीटू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को निदेशक प्रारंभिक शिक्षा आशीष कोहली से मिलकर मई, जून और जुलाई के बकाया वेतन तथा एरियर के भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। जिला कोषाध्यक्ष बालक राम और महासचिव शांति देवी के नेतृत्व में हुए प्रतिनिधिमंडल को निदेशक ने आश्वस्त किया कि लंबित वेतन और एरियर का भुगतान शीघ्र किया जाएगा। साथ ही हर महीने समय पर पूरा वेतन देने और नियमित मेडिकल चेकअप जैसे मुद्दों पर सकारात्मक समाधान की दिशा में कार्रवाई का भरोसा भी दिया। बैठक में जानकी मेहता, सुनीता, जयवंती, बिमला, सुमन, कविता, रीना, रीता, यशोदा, दलीप और श्रीकांत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पेंशनभोगी 30 सितंबर तक प्रस्तुत कर सकेंगे जीवन प्रमाण-पत्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश सरकार ने पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की है। सरकार के निर्देशों के अनुसार पेंशनभोगी जीवन प्रमाण-पत्र जीवन प्रमाण एप्लिकेशन के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। चिकित्सकीय रूप से अयोग्य और बायोमेट्रिक सत्यापन करवाने में असमर्थ पेंशनभोगी संबंधित चिकित्सक से विधिवत प्रमाणित मैनुअल जीवन प्रमाण-पत्र पूर्ववत प्रस्तुत कर सकेंगे।

जीवन प्रमाण एप्लिकेशन के माध्यम से ही होगा डिजिटल सत्यापन

पेंशनभोगी कॉमन सर्विस सेंटर, लोक मित्र केंद्र, जीवन प्रमाण पोर्टल अथवा मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनवा सकते हैं। राज्य सरकार ने भारतीय डाक भुगतान बैंक को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र के सत्यापन एवं निर्गमन के लिए अधिकृत किया है।

पेंशनभोगी राज्यभर में आईपीपीबी की शाखाओं, डाकघरों तथा घर-द्वार सेवा के माध्यम से भी यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। आधार आधारित प्रमाणीकरण से ऑनलाइन जारी डिजिटल प्रमाण-पत्र वैध माना जाएगा तथा जीवन प्रमाण के माध्यम से किया गया बायोमेट्रिक सत्यापन एक वर्ष तक मान्य रहेगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत अरलू खास
विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

दिनांक 21/08/2026 को पंचायत की बैठक, जिसमें उपस्थिति 7/7 रही, में पारित प्रस्ताव के अनुसार ग्राम पंचायत अरलू खास में वित्तीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों हेतु निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो/व्यक्तियों से निम्नलिखित सामग्री एवं कार्य हेतु दरें आमंत्रित की जाती हैं। सामग्री का विवरण - 1. बजरी-10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम-प्रति वर्ग फुट, 2. रेता, क्रशर डस्ट तथा रेता धुला प्रति वर्ग फुट, 3. पत्थर (सोलिंग) प्रति वर्ग फुट, 4. शेट्रिंग लोहे के प्रति वर्ग फुट, 5. शेट्रिंग लकड़ी की प्रति वर्ग फुट, 6. मिक्सर प्रतिदिन (डीजल व कार्य स्थान पर पहुँच सहित) 7. साइन बोर्ड लिखाई सहित, 8. पानी टैंकर प्रति दिन कार्य स्थल पर खड़ा करने का किराया, 9) इंट लॉक टाइल/फुट ब्लॉक 40, 60, 80 एमएम (ISI मार्का) 10. ईंट (Bricks) ISI मार्का (1 व 2 अलग-अलग ग्रेड) 11. सरिया 2 सूत. 2.5 सूत. 3 सूत. 4 सूत आदि, 12.1 स्टील शीट प्रति बढ़िया (ISI मार्का), 13. नट प्रति किलोग्राम, 14. लोहे के एंगल प्रति किलो ग्राम, 15. PVC पाइप ISI मार्का, 16. सीमेंट किराया, Loading/Unloading सहित बंगाणा से, 17. लोकल चक्कर (ट्रिप किराया) सीमेंट शेट्रिंग आदि, 18. J.C.B. खुदाई पक्की कच्ची प्रति घंटा। **नियम एवं शर्तें:-** 1. इच्छुक फर्म/व्यक्ति का GST/SGST धारक होना आवश्यक है। 2. निविदायें दिनांक 11/09/2026 को शाम 05:00 बजे तक अवकाश को छोड़कर, पंचायत कार्यालय में बन्द लिफाफे में जमा करवानी होंगी। 3 किसी भी प्रतिनिधि व संबंधी की निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 4. कम दर वाली निविदा ही स्वीकार की जायेगी। 5. यदि फर्म द्वारा सामान समय पर उपलब्ध नहीं करवाया गया तो निविदा रद्द कर दी जायेगी। 6. बजरी/रेता 200 वर्ग फुट के वाहन में ही कार्यस्थल तक, जहाँ तक गाड़ी जाती हो, उपलब्ध करवाये जायें। 7. बिलों के साथ M/X फॉर्म होना आवश्यक है। 8. प्राप्त कोटेशन दिनांक 14/09/2026 को प्रातः 11:00 बजे पंचायत निविदा कमेटी के समक्ष खोली जाएगी। 9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार पंचायत निविदा कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा। **प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत अरलू खास विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)**

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, चन्द्रा देवी पत्नी भूतपूर्व सैनिक नं. 5033577-P हवलदार (स्व) नायब सूबेदार श्री कालू राम थापा की पत्नी, निवासी गांव एवं डाकघर जलपेहर, तहसील जोगिंद्र नगर, जिला मंडी, (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरा सही और वास्तविक नाम 'चन्द्रा देवी' है जबकि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम 'चंदा देवी' गलत दर्ज है। अतः मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम 'चंदा देवी' के स्थान पर 'चन्द्रा देवी' दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड नगर, जिला कुल्लू (हि.प्र.) के अधीन नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों के बुनियादी प्रशिक्षण हेतु, जिस हेतु स्वच्छिता, नाश्ता, लंच, डिनर, व ठहरने हेतु होटल व्यवस्थाओं हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति / फर्म दिनांक 28/08/2026 प्रातः 11 बजे तक अपनी निविदा विकास खण्ड कार्यालय नगर में जमा करवा लें, व इसी दिन दोपहर बाद 3:00 बजे कमेटी द्वारा निविदा खोली जाएगी। कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड नगर जिला कुल्लू (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत नौरा
सुलह स्थित भेड़ू महादेव तहसील धीरा जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

पंचायत बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ कि वर्ष 2026-27 के लिए विभाग कार्यो के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर, ट्रटा पत्थर, सीमेंट व सेटरिंग की ढुलाई के लिए गाड़ी आदि की निविदाओं की अवश्यकता है। निविदाएं दिनांक 4.9.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत नौरा के किसी भी कार्य दिवस समय तक पहुंच जानी चाहिए ताकि इन्हें पंचायत 05.09.2026 को प्रातः 11:00 कार्यालय ग्राम पंचायत नौरा में खोला जाए। निविदाता के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत नौरा
सुलह स्थित भेड़ू महादेव तहसील धीरा जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

बिजली बोर्ड कर्मचारियों का सब्र टूटा

2 सितंबर को विस घेराव का शंखनाद, 26 अगस्त तक का अल्टीमेटम, एचपीएसईबी प्रबंधन की बेरुखी पर भड़के

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड प्रबंधन की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों व पेंशनरों की लंबित मांगों के प्रति अनदेखी रवैये से नाराज कर्मचारियों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया है। एचपीएसईबी एम्प्लॉयज यूनियन ने 2 सितंबर से शुरू हो रहे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सत्र के दौरान शिमला में राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन और घेराव का ऐलान कर दिया है। यह निर्णय कुल्लू में आयोजित यूनियन की जनरल हाउस बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष नितिश भारद्वाज ने की, जिसमें प्रदेश महासचिव प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ उप-प्रधान झाबे राम शर्मा, उप-प्रधान लीला चंद और चंद्रकांता विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के शीर्ष नेतृत्व ने कहा कि बोर्ड प्रबंधन कर्मचारियों की जायज समस्याओं को हल करने में पूरी तरह विफल रहा है। कर्मचारियों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए यूनियन ने प्रबंधन को एक औपचारिक नोटिस दिया है, जिसकी समय सीमा 26 अगस्त को समाप्त हो रही है। प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक कदम न उठाए जाने के चलते 19 अगस्त को आपातकालीन बैठक बुलाकर 2 सितंबर को विधानसभा के बाहर उग्र प्रदर्शन करने का अंतिम निर्णय लिया गया।

कर्मियों ने प्रबंधन के समक्ष रखीं 10 सूत्रीय मांगें

यूनियन ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रबंधन के समक्ष 10 सूत्रीय मांगें रखी हैं। प्रमुख मांगों में 15 मई 2003 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार पुरानी पेंशन बहाल करना और 15 अक्टूबर 2025 को शिमला में आयोजित राज्य सम्मेलन में की गई घोषणाओं को लागू करना शामिल है। यूनियन ने पदोन्नति शक्तियों का पुनः प्रत्यायोजन, समयबद्ध पदोन्नति और वरिष्ठता विवादों के समाधान की मांग की है। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए रोजगार सुरक्षा वाली व्यापक नीति बनाने पर भी जोर दिया गया है। इसके अलावा अनुबंध सेवा को अर्हक सेवा मानकर वित्तीय, पदोन्नति, वरिष्ठता और पेंशन लाभ देने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देय लाभ समयबद्ध तरीके से जारी करने की मांग उठाई गई। स्मार्ट मीटरों की समीक्षा, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, मैनपावर की कमी दूर करने तथा गैर-आईटीआई टी/मेट्स और एएलएम को एकमुश्त पदोन्नति देने की मांग भी शामिल है।

जेएसी से समर्थन की अपील

यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष नितिश भारद्वाज और महासचिव प्रशांत शर्मा ने बिजली बोर्ड की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सह-संयोजक हीरा लाल वर्मा से संपर्क कर 2 सितंबर के प्रस्तावित प्रदर्शन के लिए पूर्ण समर्थन मांगा है। केंद्रीय नेतृत्व ने चेतावनी दी है कि यदि 26 अगस्त तक मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो शिमला में होने वाले प्रदर्शन की संपूर्ण जिम्मेदारी एचपीएसईबीएल प्रबंधन की होगी। कुल्लू में आयोजित इस बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य रोशन ठाकुर, कुल्लू यूनिट प्रधान भूपिंदर, सचिव धर्म चंद, मनाली यूनिट प्रधान विपिन पॉल, थलॉट यूनिट प्रधान संजीव कुमार सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। कुल्लू और आसपास की सभी इकाइयों ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि 2 सितंबर के विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए क्षेत्र से सैकड़ों कर्मचारी शिमला के लिए कूच करेंगे।

डीएवी मौहल की छात्रा सेजल का आईआईटी मद्रास में चयन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में बनाएंगी भविष्य

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू। कुल्लू जिला के मौहल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की 12वीं कक्षा की होनहार छात्रा सेजल शर्मा ने अपनी मेहनत, वैज्ञानिक सोच और लगन के बल पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सेजल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) की ओर से आयोजित क्वालीफायर परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। इसके साथ ही उनका चयन आईआईटी मद्रास के प्रतिष्ठित बीएस प्रोग्राम के फाउंडेशन लेवल के लिए हुआ है।

12वीं कक्षा में अध्ययनरत रहते हुए यह उपलब्धि हासिल कर सेजल ने अपने विद्यालय के साथ कुल्लू और प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। आईआईटी मद्रास की ओर से जारी जानकारी के अनुसार सेजल ने 19 जुलाई को आयोजित क्वालीफायर परीक्षा पास की है। अब 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह बीएस इन एरोनॉटिक्स एंड स्पेस टेक्नोलॉजी अथवा बीएस इन इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स जैसे उच्च स्तरीय पाठ्यक्रमों में आगे की पढ़ाई कर सकेंगी।

◆ 12वीं की पढ़ाई के साथ क्वालीफायर परीक्षा पास कर हासिल की उपलब्धि

अंतरिक्ष और विमानन क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छुक सेजल के लिए यह उपलब्धि नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाली है। उनकी सफलता पर डीएवी मौहल परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षक वर्ग ने सेजल तथा उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सेजल के पिता रमण शर्मा, जो वर्तमान में एसडीएम फतेहपुर के पद पर कार्यरत हैं, और माता ऋतु गोस्वामी ने बेटी की उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि सेजल की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हुई है। स्कूल के प्रधानाचार्य रणधीर राणा ने कहा कि सेजल की उपलब्धि उसकी अकादमिक उत्कृष्टता, जिज्ञासा और कुछ नया करने की सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सेजल की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

अंतरिक्ष विज्ञान और एरोनॉटिक्स जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कदम रखने जा रही सेजल अब अनुसंधान और नवाचार की दिशा में अपनी नई यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं।

मनाली में शिक्षकों के पद खाली, छात्रों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़: गोविंद

अनंत ज्ञान

◆ पूर्व शिक्षा मंत्री ने सरकार पर साधा निशाना, रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग

मनाली। पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर ने मनाली विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अध्यापकों के पद खाली होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि मनाली वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, हिंदी, भूगोल, अर्थशास्त्र और कला सहित सात विषयों के अध्यापकों के पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण विषयों के नियमित शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावित होना स्वाभाविक है और इसका सीधा असर विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ रहा है।

पूर्व शिक्षा मंत्री ने कटराईं विद्यालय में शिक्षकों की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां पहले से पद खाली होने के बावजूद इतिहास विषय का पद भुंतर स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने सरकार से मांग की कि पदों को दूसरी जगह भेजने के बजाय पहले स्थानीय विद्यालयों की जरूरत पूरी की जाए।

गोविंद ठाकुर ने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के कई सरकारी विद्यालयों में विभिन्न विषयों के पद रिक्त हैं। क्षेत्र से संबंधित कई शिक्षक दूसरे जिलों में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी सेवाओं का स्थानीय स्तर पर उपयोग करने की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने सरकार से सभी सरकारी विद्यालयों में रिक्त पदों का तत्काल आकलन करवाकर आवश्यकतानुसार शिक्षकों की नियुक्ति करने तथा शिक्षा व्यवस्था को राजनीतिक भेदभाव से ऊपर रखते हुए मजबूत बनाने की मांग की।

बाड़ी स्कूल मिड-डे मील मामला: 3 दिन बाद भी बच्चों की सेहत में पूर्ण रूप से सुधार नहीं

बच्चों ने पहले ठंडी फिर गर्म खीर परोसने का किया खुलासा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू के पतलीकुहल स्थित बाड़ी प्राथमिक पाठशाला में मिड-डे मील के दौरान परोसी गई खीर खाने से बीमार हुए बच्चों की सेहत में अभी तक पूर्ण रूप से सुधार नहीं हो पाया है। घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी बच्चों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिसके चलते शुक्रवार को उन्हें दोबारा क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती कराना पड़ा। शुक्रवार दोपहर तक कुल 6 बच्चे अस्पताल में उपचाराधीन पाए गए हैं, जिन्हें पेट दर्द, सिरदर्द, बदन दर्द और कुछ भी खाने के बाद पेट फूलने जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर बच्चों के अभिभावकों में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ भारी गुस्सा देखने को मिल रहा है। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन को इस घटना का सीधा दोषी ठहराते हुए कहा है कि जब बच्चों की तबियत अचानक बिगड़ी, तो प्रबंधन ने तुरंत माता-पिता को इसकी सूचना तक देना उचित नहीं समझा। नतीजतन, कई बच्चे रास्ते में ही बेहोश होकर गिर गए या पास की दुकानों के पास अचेत अवस्था में मिले, जिन्हें परिजनों ने ढूंढकर पतलीकुहल अस्पताल पहुंचाया था। हालांकि गत दिवस अधिकांश बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, लेकिन घर पहुंचते ही तीन बच्चों की हालत एक बार फिर से बिगड़ गई, जिसके बाद शुक्रवार को उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर करना पड़ा। अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि स्कूल में अक्सर पिछले दिन का बचा हुआ खाना परोसा जाता है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि यदि यह समस्या पानी से जुड़ी होती, तो पूरे गांव के अन्य बच्चे भी बीमार पड़ते, जबकि वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। वहीं, उपचाराधीन बच्चों ने बताया कि उस दिन उन्हें पहले ठंडी और बाद में गर्म खीर परोसी गई थी, जो कि एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा करती है। फिलहाल, सभी 6 बच्चे—कमल (पुत्र चुनी लाल), ऋषिका (पुत्री देवेंद्र), नव्या (पुत्री सूरत राम), दिव्यांश (पुत्र सूरत राम), सारिका (पुत्री सुनील कुमार) और दीक्षा (पुत्री रमेश)—क्षेत्रीय अस्पताल में उपचाराधीन हैं और परिजन इस मामले में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

कुल्लू अस्पताल में 6 बच्चे अभी भी उपचाराधीन

सनद रहे कि मनाली उपमंडल की हलाण-2 पंचायत स्थित बाड़ी प्राइमरी स्कूल में गत मंगलवार को मिड-डे मील के तहत परोसी गई खीर खाने के बाद 39 बच्चे बीमार हो गए थे। बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद सीएचसी पतलीकूहल में भर्ती करवाया गया था, जहां से कुछ बच्चों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू भी रेफर किया गया। अधिकतर बच्चों की हालत में उसके बाद सुधार होने के बाद अस्पताल से घर भेज दिया था, लेकिन 6 बच्चे अभी भी उपचाराधीन हैं।

विधायक अनुराधा ने किया बाढ़ प्रभावित मयाड़ घाटी का दौरा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने विभागीय अधिकारियों ग्रामीणों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मयाड़ घाटी के तमलू नाला, धौंधल नाला, करपट और उडगौस के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

विधायक ने बताया कि बाढ़ के बाद सड़क को तुरंत बहाल कर दिया गया था। करपट पुल के डूबने के कारण झूले को दुरुस्त कर आवाजाही बहाल की गई, जबकि प्रभावित परिवारों को नवनिर्मित सामुदायिक भवन करपट में शिफ्ट किया गया है। करपट से फसलों को निकालने के लिए विभाग को दो बड़ी मशीनें लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दूसरे दिन ही प्रभावित लोगों को राशन व दवाईयां उपलब्ध करवा दी गई थीं। विधायक ने बुजुर्गों और महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि मुश्किल की हर घड़ी में वह जनता के साथ खड़ी हैं। अधिकारियों को राहत एवं पुनर्स्थापना कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पंचायत प्रधान रंजना, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल ठाकुर, बीडीसी उपाध्यक्ष दिलीप बौद्ध, जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर राहुल ठाकुर सहित पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए बाजार से जुड़ाव जरूरी: राजेश

कृषक विकास संगठनों की प्रबंधन समितियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-II) जायका-ओ.डी.ए. के अंतर्गत खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई, कुल्लू द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, बजौरा में कृषक विकास संगठनों की प्रबंधन समितियों के सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला कुल्लू की 16 उप-परियोजनाओं से जुड़े 42 प्रबंधन समिति सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड परियोजना प्रबंधक, कुल्लू डॉ. जयंत रत्ना ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि कृषक विकास संगठनों को प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने में प्रबंधन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सदस्यों को अपने दायित्वों एवं जिम्मेदारियों की जानकारी होने से संगठनों में पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा सकता है।

प्रशिक्षण के दौरान कृषक विकास संगठनों के गठन एवं संचालन, प्रबंधन समिति की भूमिका, अभिलेखों के रख-रखाव, बैठकों के आयोजन, सामूहिक निर्णय लेने, वित्तीय प्रबंधन तथा परियोजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों के साथ व्यावहारिक समस्याओं, किसानों की भागीदारी तथा सिंचाई योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक, मंडी डॉ. हेम राज वर्मा ने मुख्य सलाहकार हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-II) जायका-ओ.डी.ए. बलजीत सिंह संधू, उप-परियोजना निदेशक डॉ. राजेश ठाकुर तथा पीएमसी के विशेषज्ञों डॉ. नरदेव व डॉ. आर.एस. ठाकुर का स्वागत एवं सम्मान किया।

डॉ. राजेश ठाकुर ने किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध करवाने के लिए उत्पादन के साथ-साथ संग्रहण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग एवं विपणन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को उत्पादन से लेकर बाजार तक पूरी मूल्य श्रृंखला से जोड़ना आवश्यक है। सामूहिक प्रयासों और मजबूत बाजार संपर्क के माध्यम से कृषि को अधिक लाभकारी एवं व्यवसायिक गतिविधि बनाया जा सकता है।

डॉ. आर.एस. ठाकुर ने कृषक विकास संगठनों की प्रबंधन समितियों के सदस्यों की भूमिका एवं उत्तरदायित्वों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नियमित बैठकें आयोजित करने, अभिलेखों का उचित रख-रखाव, सामूहिक निर्णय लेने तथा किसानों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने फसल विविधीकरण, नई कृषि तकनीकों, प्रदर्शन कार्यक्रमों, प्रसार गतिविधियों तथा एफपीओ के माध्यम से बाजार संपर्क मजबूत करने की आवश्यकता बताई। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सामूहिक विपणन, मूल्य संवर्धन, डेयरी, मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन एवं सूखी सब्जियों जैसी आयवर्धक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई।

पीएमसी के पोस्ट-हार्वेस्ट विशेषज्ञ डॉ. नरदेव ठाकुर ने छोटे स्तर के एफपीओ से बड़े एवं सफल एफपीओ के विकास तक के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने सामूहिक खरीद, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और सामूहिक विपणन को एफपीओ की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

प्रतिभागियों ने अपने अनुभव समस्याएं, सुझाव किए साझा

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव, समस्याएं एवं सुझाव साझा किए। प्रश्नोत्तर एवं संवादात्मक सत्र में किसानों की वास्तविक समस्याओं, बाजार से जुड़ाव, कृषि उत्पादों के उचित मूल्य, सिंचाई योजनाओं के रख-रखाव तथा सामूहिक विपणन से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कृषि विज्ञान केंद्र, बजौरा के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेंद्र कुमार ठाकुर ने केंद्र की विभिन्न गतिविधियों एवं किसानों के लिए उपलब्ध तकनीकी सेवाओं की जानकारी दी।

लाहौल-स्पीति यूथ बास्केटबॉल टीम का ट्रायल 23 को

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। 34वीं राज्य स्तरीय यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति की टीम का चयन ट्रायल 23 अगस्त को आदर्श स्कूल कटराइं के बास्केटबॉल खेल मैदान में होगा। प्रतियोगिता 11 से 13 सितंबर तक जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में आयोजित की जाएगी। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष अंकुर राणा ने बताया कि राज्य स्तरीय अंडर-17 प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। संघ के महासचिव मदन बोद्ध ने बताया कि ट्रायल चेयरमैन संजय अंगरूप की देखरेख में आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि ट्रायल में 1 जनवरी 2010 के बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इसमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल होंगे। ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य किया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि पर समय पर पहुंचने और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने का आग्रह किया है। ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों के लिए आगामी दिनों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम तैयार की जाएगी।

आनी के पुराना बस अड्डे में अब गाड़ियां पार्क करने पर लगेगी फीस

अनंत ज्ञान

आनी। आनी कस्बे के पुराना बस अड्डा स्थित पुल के साथ वाली जगह में अब निशुल्क स्थायी गाड़ियां पार्क नहीं हो सकेगा। अब यह जगह रेडक्रॉस की पेड पार्किंग के रूप में संचालित होगी। यहां आगामी 1 सितंबर से वाहनों को प्रति घंटे की निर्धारित अवधि के अनुसार पार्किंग शुल्क देना होगा। पार्किंग में किसी भी वाहन को छह घंटे से अधिक समय तक खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने बताया कि उक्त पार्किंग स्थल की 1 सितंबर 2026 से 31 अगस्त 2027 तक एक वर्ष के लिए 1 लाख 41 हजार 111 रुपये में नीलामी हुई है। पार्किंग से प्राप्त होने वाली आय रेडक्रॉस को जाएगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद यहां अब वाहनों को केवल अल्पावधि के लिए ही पार्क किया जा सकेगा।

पार्किंग शुल्क के अनुसार तीन घंटे तक वाहन खड़ा करने पर 40 रुपये, जबकि तीन घंटे से अधिक और छह घंटे तक 50 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं, रातभर वाहन पार्क करने पर 120 रुपये पार्किंग शुल्क अदा करना होगा। इस पार्किंग सुविधा से आनी कस्बे में खरीदारी करने आने वाले दूरदराज के लोगों, बैंक व विभिन्न सरकारी विभागों में अपने कार्यों के लिए आने वाले लोगों तथा आनी से होकर गुजरने वाले पर्यटक वाहनों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। विशेषकर ऐसे वाहन चालक जो चाय-पानी अथवा भोजन के लिए कुछ समय के लिए कस्बे में रुकते हैं, वे इस पार्किंग स्थल का उपयोग कर सकेंगे। छह घंटे की अधिकतम पार्किंग सीमा तय किए जाने से पार्किंग स्थल पर लंबे समय तक वाहन खड़े रहने की समस्या कम होने तथा अधिक लोगों को अल्पावधि के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद है।

बॉटनी सोसाइटी में दामिनी शर्मा ईको क्लब में एशले बने अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

आनी। राजकीय महाविद्यालय आनी में शुक्रवार को सत्र 2026-27 के लिए बॉटनी सोसाइटी एवं इको क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, जैव-विविधता तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पुष्पा गुलेरिया के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित हुई।

बॉटनी सोसाइटी में दामिनी शर्मा को अध्यक्ष, ऋषिका पॉल को उपाध्यक्ष, लवनीश ठाकुर को सचिव, चांद किशोर को सहसचिव तथा मुस्कान नेगी को मीडिया प्रभारी चुना गया। इरशाद, आर्यन और संगम को सदस्य बनाया गया। वहीं, इको क्लब में एशले को अध्यक्ष, अंजलि को उपाध्यक्ष, मुस्कान को सचिव, ऋषिका पॉल को सहसचिव तथा आर्यन को मीडिया प्रभारी चुना गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए विद्यार्थियों से पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संयोजिका डॉ. पुष्पा गुलेरिया ने बताया कि सत्र के दौरान पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जैव-विविधता संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता, औषधीय पौधों के प्रति जागरूकता सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

अनदेखी समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

35-40 साल पुराना खोबड़ा फुटब्रिज जर्जर

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

जितेंद्र गुप्ता, आनी। आनी बाजार को खोबड़ा मोहल्ले से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 35-40 वर्ष पूर्व निर्मित खोबड़ा फुटब्रिज वर्तमान में बेहद जर्जर हालत में पहुंच गया है। पुल की स्थिति को देखते हुए समय रहते इसकी मरम्मत नहीं की गई तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

पुल की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए लोक निर्माण विभाग आनी के सहायक अभियंता मनीष कुमार तथा मैकेनिकल विंग के अभियंताओं की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। टीम ने पुल के विभिन्न हिस्सों की बारीकी से जांच की और इसकी मौजूदा स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि खोबड़ा फुटब्रिज काफी जीर्ण-शीर्ण हो चुका है और इसकी भार क्षमता भी कम हो गई है। ऐसे में पुल पर बाइक चलाना अथवा भारी सामान लेकर गुजरना जोखिमपूर्ण बताया गया है। विभागीय टीम ने पुल पर इस प्रकार के आवागमन पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता जताई है, ताकि किसी अप्रिय घटना की आशंका को टाला जा सके। अधिकारियों के अनुसार पुल की जल्द मरम्मत किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के बाद तैयार रिपोर्ट शीघ्र ही विभाग के उच्च अधिकारियों तथा एसडीएम आनी को सौंपी जाएगी। साथ ही संबंधित स्थानीय पंचायतों को भी पुल की शीघ्र मरम्मत के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

◆ बाइक और भारी सामान लेकर गुजरना जोखिमपूर्ण

स्थानीय लोगों ने भी जर्जर हो चुके इस महत्वपूर्ण पैदल पुल की जल्द मरम्मत करवाने की मांग की है, ताकि आनी बाजार और खोबड़ा मोहल्ले के बीच आवाजाही करने वाले लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

तीन दिन नाटी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गुलजार रहेगा निथर

अनंत ज्ञान

निरमंड। आनी के निथर क्षेत्र का सुप्रसिद्ध प्राचीन एवं ऐतिहासिक 12 भादो मेला इस वर्ष 26 से 28 अगस्त तक मनाया जाएगा। बूढ़ा महादेव का यह मेला मुख्य रूप से भाद्रपद मास के 12 प्रविष्टे को बड़े स्तर पर धूमधाम से मनाया जाता है।

मंदिर कमेटी के कारदार कर्म चंद तथा जमा दो स्कूल निथर के अध्यापक हर्षानंद शर्मा ने बताया कि इस मेले के लिए बूढा महादेव का बड़ा और छोटा रथ दोनों भादों संक्रान्ति के दिन सजाये जाते हैं तथा नवे दिन कुपरदढ़ के लिए रथ यात्रा निकलती है। उन्होंने बताया कि बूढा महादेव 27 अगस्त तक कुपरदढ़ में विराजमान रहेंगे। बारह भादों को रथ यात्रा बड़ी भीड़ भड़ाके के साथ निथर देहरा में पहुंच जाएगी और यह मेले का मुख्य और आखरी दिन होगा।मेला तीन दिन तक 26 से 28 अगस्त तक बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें लोग नाटी इत्यादि के द्वारा भरपूर मनोरंजन करेंगे। इस बार मेले में 27 और 28 को कमेटी द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ प्रदेश के नामी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करके लोगों का अत्याधिक मनोरंजन करेंगे।

सोलन सब्जी मंडी में पहुंचा किन्नौर का सेब, 3700 रुपए तक मिले भाव

रक्षाबंधन और जन्माष्टमी तक दामों में और उछाल की उम्मीद

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। प्रदेश के प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों से नई फसल की आवक बढ़ने के साथ ही सोलन सब्जी मंडी में सेब कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। अब मंडी में शिमला के साथ किन्नौर की भी सेब की खेप पहुंचने लगी है। किन्नौर के बेहतरीन गुणवत्ता वाले रॉयल सेब को अधिकतम 3700 रुपये प्रति बॉक्स तक का भाव मिला है। वहीं शिमला के रॉयल की बेहतर गुणवत्ता वाली खेप 3100 रुपये प्रति बॉक्स तक बिकी।

सेब के अच्छे दाम मिलने से बागवानों को राहत मिली है और आने वाले दिनों में कारोबार और बढ़ने की उम्मीद है। मंडी कारोबारियों के अनुसार सेब की आवक लगातार बढ़ रही है। रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे त्योहारों के नजदीक आने से फलों की मांग बढ़ने की संभावना है। ऐसे में अच्छी गुणवत्ता वाले सेब के दामों में और तेजी आ सकती है। हालांकि, भाव मुख्य रूप से आवक, गुणवत्ता और बाजार की मांग पर निर्भर करेंगे।

शिमला के रॉयल को 3100 रुपये तक भाव:

सोलन मंडी में शिमला क्षेत्र से पहुंच रहे रॉयल सेब की बेहतरीन गुणवत्ता को 2900 से 3100 रुपये प्रति बॉक्स तक भाव मिल रहे हैं। वहीं बी ग्रेड रॉयल सेब 1400 से 1500 रुपये प्रति बॉक्स के आसपास बिक रहा है। रेड गोल्डन की बेहतर गुणवत्ता करीब 1800 रुपये प्रति बॉक्स तक पहुंची, जबकि अन्य गुणवत्ता के सेब 1200 से 1300 रुपये के बीच बिके। गाला सेब के हाफ बॉक्स को करीब 1800 रुपये तक भाव मिला। गोल्डन के ट्रे पैक में गुणवत्ता के आधार पर 500 से 751 रुपये तक के भाव दर्ज किए गए।

अनंत ज्ञान

मौसम और खराब सड़कें बनी चिंता:

मंडी में अच्छे दाम मिलने से बागवानों को राहत जरूर मिली है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में बदलता मौसम उनकी चिंता बढ़ा रहा है। मौसम में उतार-चढ़ाव से फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा कई सेब उत्पादक क्षेत्रों से मंडियों तक पहुंचने वाली सड़कें खराब होने के कारण परिवहन में अधिक समय लग रहा है। इससे ढुलाई लागत बढ़ने के साथ फल को रास्ते में नुकसान पहुंचने का खतरा भी रहता है। बागवानों का कहना है कि सड़कें बेहतर होने और उपज समय पर मंडियों तक पहुंचने से उन्हें अपनी फसल का अधिक लाभ मिल सकता है। रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के कारण आने वाले दिनों में फलों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। इसका सीधा असर सेब कारोबार पर पड़ सकता है।

किन्नौर के सेब की मजबूत मांग

किन्नौर से मंडी पहुंच रहे सेब को इस समय बेहतर दाम मिल रहे हैं। किन्नौर के रॉयल की बेहतरीन गुणवत्ता 3700 रुपये प्रति बॉक्स तक बिकी, जबकि एक अन्य लॉट को करीब 3500 रुपये का भाव मिला। किन्नौर के गाला हाफ बॉक्स को करीब 2300 रुपये और फुल बॉक्स को 3200 रुपये तक भाव मिला। किन्नौर के सेब की गुणवत्ता, स्वाद और आकर्षक रंग के कारण बाजार में इसकी मांग बनी हुई है। कारोबारियों को उम्मीद है कि त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने पर प्रीमियम गुणवत्ता वाले सेब के भाव और मजबूत हो सकते हैं।

हिमाचल के डॉ. दीपक पुरी को मिला 'मोस्ट इनोवेटिव कार्डियोवैस्कुलर व थोरेसिक सर्जन' अवार्ड

चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार के लिए डॉ. दीपक पुरी को मिला प्रतिष्ठित सम्मान

अनंत ज्ञान

सोलन। हिमाचल के डॉ. दीपक पुरी को नई दिल्ली में आयोजित 'नेशनल लीडर्स समिट एंड अवार्ड्स 2026' में 'मोस्ट इनोवेटिव कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जन ऑफ द डेकेड' अवार्ड से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नरोलिया और बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, गायक एवं अभिनेता मनोज तिवारी और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

डॉ. पुरी को यह सम्मान कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी के क्षेत्र में उनके तीन दशक लंबे योगदान और नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए दिया गया है। विशेष रूप से जटिल हृदय एवं छाती संबंधी रोगों के उपचार के लिए एकीकृत, व्यापक और किफायती चिकित्सा दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में उनके योगदान को सराहा गया। डॉ. पुरी ने वर्ष 2011 में 'कार्डियोमर्शन' की शुरुआत की थी। इसके माध्यम से जटिल रोगों के उपचार में व्यापक और लागत-प्रभावी प्रबंधन को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

उनका कहना है कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार का उद्देश्य उपचार को केवल तकनीकी रूप से जटिल बनाना नहीं होना चाहिए, बल्कि मरीजों के लिए इसे अधिक सुरक्षित, सुलभ और किफायती बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य सेवा का भविष्य एकीकृत और लागत-प्रभावी उपचार व्यवस्था में निहित है। बेहतर चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से मरीजों को सुरक्षित उपचार और बेहतर दीर्घकालिक परिणाम उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

डॉ. पुरी को मिला यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान माना जा रहा है। चिकित्सा क्षेत्र में उनके नवाचार और योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान माना जा रहा है।

राज्यसभा सांसद माया नरोलिया और बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह,डॉ. पुरी को अवार्ड देते हुए। अनंत ज्ञान

न्यूज ब्रीफ

मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन को लेकर नाहन में तनाव से निपटने के दिए टिप्स

अनंत ज्ञान, नाहन। रोटरी नाहन सिरमौर हिल्स की ओर से एचपी होम गार्ड्स की चौथी बटालियन प्रशिक्षण केंद्र, विक्रम कैसल नाहन में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक संतुलन पर कार्यशाला आयोजित की गई। रोटरी नाहन सिरमौर हिल्स तथा रोटरी फेलोशिप ऑफ हिप्नोसिस एंड हीलिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. हरलीन कौर और डॉ. हरसिमरा चौधरी ने प्रतिभागियों को तनाव के कारणों, नकारात्मक विचारों से बाहर निकलने और सकारात्मक सोच विकसित करने की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि काम के दबाव और बदलती जीवनशैली के बीच मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। कार्यक्रम में रोटरी अध्यक्ष प्रगति सबलोक, सचिव विकास रत्तन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फीस वृद्धि व छात्र संघ चुनाव बहाली को लेकर एबीवीपी का धरना प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, नाहन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यार्थियों की मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय सिरमौर के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने छात्र संघ चुनाव बहाल करने, 25 से 30 प्रतिशत फीस वृद्धि वापस लेने और महाविद्यालयों में रिक्त पद भरने की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

'एंटी चिट्टा अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक की अध्यक्षता में सलोगड़ा और आंजी के सरकारी स्कूलों में नशा निवारण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को चिट्टा सहित अन्य मादक पदार्थों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभाव बताए। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, खेल, व्यायाम और रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान देकर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

परमाणु बैरियर शराब ठेके पर कार्रवाई, 15 अगस्त के वीडियो की फाइल भेजी शिमला

अनंत ज्ञान, परवाणु। परवाणू बैरियर स्थित शराब ठेके पर 15 अगस्त को कथित बिक्री का वीडियो वायरल होने के मामले में आबकारी विभाग ने कार्रवाई की फाइल शिमला भेजी है। ठेका बकाया राशि जमा न करने पर सील है। राशि नहीं चुकाने पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई हो सकती है। 26 जनवरी को भी इसी ठेके का वीडियो वायरल हुआ था, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की थी।

सेक्टर-4 निवासी कल्याण संघ ने अधिकारियों से की मुलाकात

अनंत ज्ञान, परवाणू। सेक्टर-4 निवासी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। संघ ने सहायक आयुक्त शेफाली शर्मा से मुलाकात कर विभिन्न जनहित मुद्दे उठाए। उन्होंने जल्द सेक्टर-4 का दौरा करने का आश्वासन दिया। पुलिस उपाधीक्षक अनिल शर्मा से नशे की रोकथाम, तस्करों पर कार्रवाई, यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और रात में पुलिस गश्त बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। पार्कों में युवाओं के जमावड़े का मुद्दा भी उठाया गया। संघ ने क्षेत्र की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग अधिकारियों के समक्ष रखी।

बढ़ते अपराध के बीच पांवटा साहिब में अलग पुलिस जिला बनाने की उठी मांग

अनंत ज्ञान

पांवटा साहिब। औद्योगिक एवं धार्मिक नगरी पांवटा साहिब में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर स्थानीय जनता और बुद्धिजीवी वर्ग में चिंता बढ़ रही है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पांवटा साहिब को अलग पुलिस जिला घोषित करने तथा बद्दी की तर्ज पर यहां पुलिस अधीक्षक की तैनाती की मांग उठने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पांवटा साहिब में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और विभिन्न राज्यों से रोजगार के लिए लोग पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना बेहद जरूरी है। लोगों के अनुसार क्षेत्र में समय-समय पर हत्या, चोरी, लूट, दुष्कर्म और नशे से जुड़ी घटनाएं सामने आती रही हैं। हाल ही में विश्वकर्मा चौक पर शिलाई क्षेत्र के एक युवक की हत्या ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ाई है।

लोगों का कहना है कि अंतरराज्यीय सीमा से नजदीकी के कारण पांवटा साहिब में नशे की तस्करी रोकना चुनौती बना हुआ है। बाहरी राज्यों से नशे की सप्लाई के कारण युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसके चलते चोरी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियां भी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवी वर्ग ने सभी जनप्रतिनिधियों, विशेषकर उद्योग मंत्री से मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस जिला बनाने की मांग उठाने का आग्रह किया है।

विश्व फोटोग्राफी दिवस पर हिमाचल स्टूडियो ने प्रतिष्ठित हस्तियों को भी किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

सोलन। विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में हिमाचल स्टूडियो सोलन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सोलन के एएसपी रमेश शर्मा ने मुख्य अतिथि और एसएपी कंप्यूटर्स के संस्थापक प्रदीप अग्रवाल ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को फोटोग्राफी सीखने और इसे करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस दौरान फोटोग्राफी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले साहिल ठाकुर और रितेश को सम्मानित किया गया।

फिल्म निर्देशक सैम मेहता, समाजसेवी व्यवसायी बृज मोहन और पुलिसकर्मी भूषण कुमार को भी सम्मानित किया गया। भूषण कुमार ने हाल ही में ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर में रजत पदक जीता है और वर्ष 2027 में ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में होने वाले वर्ल्ड पुलिस गेम्स में हिस्सा लेंगे। हिमाचल स्टूडियो के संस्थापक सुरेंद्र भट्टी ने बताया कि यह छठा वार्षिक आयोजन है और हर वर्ष प्रतियोगिता में युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है।

भारी बरसात से जल शक्ति विभाग को करीब 50 लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान

परवाणू। परवाणू शहर और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित होने के साथ जल शक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं को भी बड़ा नुकसान हुआ है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार विभाग को करीब 50 लाख रुपये की क्षति हुई है। तेज बारिश और पानी के बहाव से कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइनें बह गईं या क्षतिग्रस्त हो गईं।

परवाणू शहर के प्रमुख जल स्त्रोत कौशल्या नदी पर कामली गांव के समीप बनाए गए स्टोरेज टैंकों की सुरक्षा के लिए लगाया गया डंगा भी कई जगह से क्षतिग्रस्त होकर गिर गया है। इससे स्टोरेज टैंकों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। यदि इस योजना को नुकसान पहुंचता है तो परवाणू शहर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा सकता है।

मसूलखाना और चदरैणी में भी पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुंचा है। बारिश के तेज बहाव में करीब 400 मीटर लंबी पाइपलाइन बह गई। अंबोटा पंचायत में नाले के किनारे बिछाई गई पाइपलाइन भी पानी में बह गई। विभाग ने यहां अस्थायी प्लास्टिक पाइपलाइन बिछाकर पेयजल आपूर्ति बहाल की है। टकसाल पंचायत में भी कई जगह नुकसान हुआ। सेक्टर-5 में नाले के तेज बहाव से टकसाल गांव को पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन बह गई।

परमाणु शहर में सीवरेज और सड़कों के जीर्णोद्वार की दिशा में हो रहा कार्य: ठाकरदास शर्मा

परवाणू के विकास कार्यों में सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने पर अध्यक्ष ने दिया जोर

अनंत ज्ञान

परवाणू। नगर परिषद परवाणू के अध्यक्ष ठाकुरदास शर्मा ने शहर की जल निकासी, सीवरेज व्यवस्था, आईएचएसडीपी आवास योजना और लंबित विकास कार्यों को लेकर परिषद की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहर की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय किया जाएगा।

अध्यक्ष ने बताया कि शहर के कई स्थानों पर मेनहोल सही तरीके से नहीं बने हैं। इसके अलावा पुरानी सीवरेज लाइनों के स्तर में भी अंतर पाया गया है, जिससे व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इन कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि करीब एक महीने के भीतर अधिकारियों के साथ दोबारा बैठक कर समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस योजना तैयार की जाएगी।

उन्होंने बताया कि परवाणू के लिए 86.2 करोड़ रुपये की सीवरेज परियोजना स्वीकृत की गई थी, लेकिन इसमें से करीब 47 करोड़ रुपये ही शहर में लगाए गए। परियोजना के तहत तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाने थे, लेकिन अब तक दो ही स्थापित हो पाए हैं। अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी कमियों को दूर कर सीवरेज व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

◆ **मेनहोल और पुरानी सीवरेज लाइनों की कमियां दूर करने में जुटा नगर परिषद।**

प्रेसवार्ता के दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष मोहन आजाद सहित कांग्रेस समर्थित पार्षदों की अनुपस्थिति भी चर्चा में रही। इस पर ठाकुरदास शर्मा ने कहा कि सभी पार्षदों को बैठक की सूचना दी गई थी, लेकिन किसी कारणवश वे उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि शहर के विकास से जुड़े मामलों में सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना जरूरी है। अध्यक्ष ने लंबित मामलों के समाधान के लिए उपाध्यक्ष मोहन आजाद को साथ लेकर शिमला जाने की बात कही। वहां उद्योग विभाग और शहरी विकास विभाग के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर परवाणू की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की जाएगी।

पांवटा पुलिस ने 5.95 ग्राम चिट्टा के साथ पकड़े दो आरोपी

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर पुलिस की विशेष जांच इकाई ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांवटा साहिब में 5.95 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि भूपपुर पांवटा साहिब में एक पेंटर की दुकान के पास दो व्यक्ति चिट्टा लेकर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को काबू किया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान कबीर सिंह निवासी गांव एवं डाकघर दुगाणा, तहसील कमरऊ तथा विपिन शर्मा निवासी गांव पाब, डाकघर शिल्ला, तहसील कमरऊ, जिला सिरमौर के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से 5.95 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ पांवटा साहिब पुलिस थाना में संबंधित अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

सामाजिक समावेशन' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

अनंत ज्ञान

सोलन। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन दिव्यांशु सिंगल ने सामाजिक समावेशन विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों और ट्रांसजेंडर समुदाय को सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों की मुख्यधारा से जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक समावेशन केवल सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तक सीमित नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, अवसर, भागीदारी और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका, वित्तीय सेवाओं, कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना जरूरी है। अतिरिक्त उपायुक्त ने सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों से प्रशिक्षण में मिली जानकारी को गांव-

गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी कमजोर या वंचित व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से बाहर न रहे। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कमजोर वर्गों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने तथा बैंक खाता, बचत, ऋण, बीमा और अन्य वित्तीय सेवाओं की जानकारी दी गई। कृषि, पशुपालन, गैर-कृषि गतिविधियों, खाद्य प्रसंस्करण और छोटे व्यवसायों के माध्यम से स्थायी आय के साधन विकसित करने पर भी चर्चा हुई।

गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल की टीम बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बनी रनर-अप

अनंत ज्ञान

नाहन। गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बास्केटबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-16 गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट में स्कूल की टीम ने उपविजेता का स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में कुल 46 टीमों ने हिस्सा लिया। इतने बड़े स्तर की प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करना स्कूल की छात्राओं के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कोच गुरनाम सिंह के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, टीम भावना और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। टीम की खिलाड़ी अनुष्का तोमर, भूमि, सान्वी शर्मा, श्रुति सैनी, अश्विका चौहान, प्रेरणा शर्मा, रिधिका चौहान, भवकीरत कौर, अन्नायका, सौम्या पंवार और हर्षिता सैनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस उपलब्धि से विद्यालय

परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय के निदेशक गुरजीत सिंह सैनी और प्रधानाचार्या गुरविंदर कौर चावला ने सभी खिलाड़ियों और कोच को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेलों में इस तरह की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। निदेशक गुरजीत सिंह सैनी और प्रधानाचार्या गुरविंदर कौर चावला ने खिलाड़ियों तथा कोच को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी और विद्यालय का गौरव बढ़ाएगी।

सोलन अस्पताल से एक मात्र मनोरोग एक्सपर्ट डॉक्टर का तबादला

तनाव, अनिद्रा और नशे की लत से जूझ रहे मरीजों की बढ़ी परेशानी

अनंत ज्ञान

सोलन। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मनोरोग विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दे रहे डॉ. अमित रंजन तलवार का शिमला तबादला होने के बाद जिले में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चिंता बढ़ गई है। डॉ. तलवार अस्पताल में जिला स्वास्थ्य अधिकारी की जिम्मेदारी संभालने के साथ मनोरोग और नशे की लत से जूझ रहे मरीजों की काउंसलिंग और उपचार भी कर रहे थे।

उनके तबादले के बाद तनाव, अनिद्रा, चिंता और नशे की समस्या से परेशान मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श मिलने में दिक्कत आने की आशंका है। डॉ. तलवार ने मनोरोग के क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण हासिल किया है और लंबे समय से सोलन में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मरीजों को सेवाएं प्रदान कर रहे थे। उनके पास तनाव, नींद संबंधी समस्या, चिंता और नशे की लत से परेशान मरीज नियमित रूप से उपचार और परामर्श के लिए पहुंचते रहे हैं। विशेष रूप से नशे के आदी युवक-युवतियों की काउंसलिंग कर उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

डॉ. अमित रंजन तलवार। अनंत ज्ञान

नशा मुक्ति में काउंसलिंग अहम:

सोलन में नशे की समस्या को देखते हुए मनोरोग विशेषज्ञ की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। नशे की लत से बाहर निकलने के लिए केवल दवाओं का सहारा पर्याप्त नहीं होता। मरीज की मानसिक स्थिति का आकलन, परिवार की काउंसलिंग, नियमित बातचीत और लगातार फॉलोअप भी उपचार का अहम हिस्सा हैं। विशेषज्ञ की अनुपलब्धता से ऐसे मरीजों को उपचार की निरंतरता बनाए रखने में परेशानी हो सकती है।

पहले ही विशेषज्ञों की कमी:

सोलन जिले में पहले से ही मनोरोग विशेषज्ञों की कमी बताई जा रही है। ऐसे में डॉ. तलवार का तबादला मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चुनौती माना जा रहा है। सामाजिक संस्थाओं का कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में समय पर विशेषज्ञ से बातचीत और काउंसलिंग बेहद जरूरी होती है। विशेषज्ञ उपलब्ध न होने पर मरीज उपचार में देरी कर सकते हैं या उन्हें दूसरे शहरों का रुख करना पड़ सकता है। स्थानीय सामाजिक संस्थाओं ने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि डॉ. अमित रंजन तलवार को सप्ताह में कम से कम तीन दिन क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मनोरोग सेवाएं देने की व्यवस्था की जाए। इससे नशा छोड़ने के इच्छुक युवाओं को समय पर परामर्श मिल सकेगा। साथ ही तनाव, अनिद्रा, चिंता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

चार चिकित्सकों के तबादले भी चर्चा में:

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से एक साथ चार चिकित्सकों के तबादले भी चर्चा का विषय बने हुए हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि चिकित्सकों के तबादले प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन मरीजों की सुविधा को देखते हुए विशेषज्ञ सेवाओं का वैकल्पिक प्रबंध भी किया जाना चाहिए।

नाहन-पांवटा मार्ग पर फंसे तीन ट्राले, थमी यातायात की रफ्तार

अनंत ज्ञान

नाहन। नाहन-पांवटा साहिब मार्ग पर शुक्रवार तड़के थापा हट के समीप तीन भारी वाहनों के फंसने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई। सुबह करीब चार से पांच बजे के बीच एक साथ तीन ट्राले सड़क पर ऐसी स्थिति में फंस गए कि मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, एक ट्राला दूसरे वाहन को पास देने के प्रयास में आगे बढ़ा, लेकिन सड़क पर फंस गया। इसी दौरान अन्य भारी वाहन सड़क के दूसरी ओर कच्चे हिस्से में उतर गए। देखते ही देखते तीनों ट्राले आपस में ऐसी स्थिति में फंस गए कि मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के प्रयास शुरू किए। पुलिस

ने सड़क के दोनों ओर से वाहनों को निकालने की कोशिश की। हालांकि, भारी वाहनों के फंसे होने के कारण यातायात सामान्य करने में समय लग रहा है।

दोपहर तक मार्ग पर यातायात पूरी तरह सुचारू होने की संभावना जताई गई गौरतलब है कि थापा हट के समीप इसी स्थान पर पहले भी एक ट्राला सड़क में फंस चुका है। उस समय पुलिस को यातायात दूसरी ओर से मोड़ना पड़ा था और संबंधित वाहन का 22 हजार रुपये का चालान किया गया था। लगातार भारी वाहनों के फंसने से वाहन चालकों और स्थानीय लोगों में रोष है।

न्यूज ब्रीफ

विधायक विवेक ने मनरेगा श्रमिकों को बांटे दस्ताने-मिठाई

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की हटली और जसाना पंचायतों में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे श्रमिकों के बीच विधायक विवेक शर्मा पहुंचे। उन्होंने बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य मजदूरों को दस्ताने व मिठाई वितरित की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों को घर-द्वार के नजदीक रोजगार उपलब्ध करवाने के साथ गांवों के विकास में भी अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों, नालियों, जल संरक्षण और भूमि सुधार जैसे कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि योजना को मजबूत किया जाना चाहिए। विधायक ने बताया कि कुटलैहड़ में जल्द विशाल मनरेगा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रमिकों और पंचायत प्रतिनिधियों को योजना के प्रावधानों व अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने श्रमिकों के योगदान को क्षेत्र के विकास की मजबूत कड़ी बताया।

ऊना कॉलेज में भूपिंद्र सिंह ठाकुर बने पीटीए अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। राजकीय महाविद्यालय ऊना में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की बैठक बीसीए सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एवं पीटीए अध्यक्ष डॉ. मीता शर्मा ने की। इस दौरान विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, छात्र कल्याण और महाविद्यालय के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शैक्षणिक सत्र के लिए नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें भूपिंदर सिंह ठाकुर को

अध्यक्ष, किरण बाला को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार को संयुक्त सचिव, डॉ. शाम सिंह बैंस को महासचिव तथा कुलदीप धीमान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी में प्रो. मनजीत सिंह, प्रो. विकास सैनी, डॉ. पवित्रा दुलारी, प्रो. प्रवीण सैनी, डॉ. अलका रानी और डॉ. मोनिका ठाकुर को सदस्य शामिल किया गया। वहीं अशोक कुमार को सलाहकार सदस्य तथा प्रो. पुनीत प्रेम को शिक्षक सलाहकार नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान पीटीए महासचिव डॉ. शाम सिंह बैंस ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने पीटीए की आय-व्यय का विवरण रखने के साथ-साथ विद्यार्थियों के हित में किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी भी सदस्यों के समक्ष रखी। प्राचार्य एवं पीटीए अध्यक्ष डॉ. मीता शर्मा ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अभिभावक और शिक्षक विद्यार्थियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों पक्षों के बीच बेहतर समन्वय और नियमित संवाद से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास को भी बेहतर दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि पीटीए महाविद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। नई कार्यकारिणी विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देगी।

48 घंटे में दूर हुई समलाड़ा में पानी की समस्या

विधायक के निर्देश पर हैंडपंप में लगी मोटर, तीन दर्जन परिवारों को राहत

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की जसाना पंचायत के वार्ड समलाड़ा में लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे करीब तीन दर्जन परिवारों को राहत मिली है। स्थानीय लोगों की मांग पर हैंडपंप में मोटर स्थापित कर पानी की समस्या का समाधान किया गया। खास बात यह रही कि शिकायत सामने आने के 48 घंटे के भीतर विभाग ने कार्रवाई पूरी कर दी।

दो दिन पहले समलाड़ा में आयोजित बैठक में युवा समाजसेवी एवं युवा कांग्रेस नेता सौरभ शर्मा ने ग्रामीणों की मौजूदगी में विधायक विवेक शर्मा के समक्ष पेयजल समस्या उठाई थी। उन्होंने बताया था कि पर्याप्त पानी न मिलने के कारण ग्रामीणों को खासकर गर्मियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद विभाग ने हैंडपंप में मोटर डालकर पानी की आपूर्ति बहाल कर दी। सौरभ शर्मा ने त्वरित कार्रवाई के लिए विधायक और संबंधित विभाग का आभार जताया। उन्होंने कहा कि समस्या उठाए जाने के बाद जिस तेजी से समाधान हुआ, उससे ग्रामीणों में खुशी है।

उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का समय पर समाधान होना बड़ी राहत है। ग्रामीणों ने भी हैंडपंप में मोटर लगाए जाने पर विधायक और विभाग का आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि गांव की अन्य समस्याओं का समाधान भी इसी तत्परता से किया जाएगा।

बंगाणा बाजार में प्रशासन की दबिश, 30 किलो प्लास्टिक जब्त

25 से ज्यादा बिना हेलमेट के चालान, फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने की भी तैयारी

अनंत ज्ञान

बंगाणा। बंगाणा बाजार को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए एसडीएम सोनू गोयल की अगुवाई में प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान में करीब 30 किलो प्लास्टिक लिफाफे जब्त किए गए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई।

पुलिस ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर भी शिकंजा कसा। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर 25 से अधिक चालान किए गए। वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई।

प्रशासन ने दुकानदारों को प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के साथ दुकानों के बाहर सामान न फैलाने की चेतावनी दी है। फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी जल्द कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि बंगाणा बाजार को स्वच्छ, सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त बनाना है। उन्होंने दुकानदारों और लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

नाली में जमा पानी बना आफत

अनंत ज्ञान, अंब। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के समीप नाली में लंबे समय से जमा पानी से परेशान स्थानीय दुकानदारों ने चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की। दुकानदारों ने बताया कि पानी की निकासी न होने से सड़क पर वाहन चालकों को परेशानी होती है और कई बार वाहन हादसे का शिकार भी हो चुके हैं। जमा पानी से बदबू फैलने के साथ मक्खी-मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। उन्होंने स्थायी समाधान होने तक नाली को अस्थायी रूप से बंद करने तथा बाद में निकासी व्यवस्था को दूसरी नाली से जोड़ने की मांग की। दुकानदारों ने रेस्ट हाउस के बाहर सड़क की ओर झुकी पेड़ों की टहनियों की कटाई का मुद्दा भी उठाया। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित कार्य जल्द करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार, वरिंदर कुमार, नरेश कुमार, जय श्री सहित अन्य दुकानदार मौजूद रहे।

◆ **दुकानदारों ने विधायक से लगाई गुहार, पेड़ों की झुकी टहनियां काटने की भी मांग**

रेडक्रॉस ड्रॉ में 37034 को निकला आईफोन

अनंत ज्ञान

ऊना। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के रेफरल ड्रॉ में पहले पुरस्कार के लिए टिकट नंबर 37034 विजेता रहा। विजेता को ऐपल आईफोन या एक लाख रुपए का विकल्प दिया गया है। दूसरे पुरस्कार में टिकट नंबर 03168 को इलेक्ट्रिक स्कूटर या 70 हजार रुपए मिले हैं।

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने पहले पांच ड्रॉ निकाले थे। शेष ड्रॉ उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय में निकाले। रेफरल ड्रॉ में कुल 10 पुरस्कारों के लिए 101 लक्की टिकट नंबर निकाले गए। तीसरे पुरस्कार में टिकट नंबर 49495 को लैपटॉप या 50 हजार रुपए मिले हैं। चौथे पुरस्कार में 39189 और 40816 को सैमसंग मोबाइल या 25-25 हजार रुपए, जबकि पांचवें पुरस्कार में 14888, 45255 और

05704 को टैबलेट या 20-20 हजार रुपए का विकल्प मिला है।

छठे पुरस्कार के 10 विजेताओं को मिक्सर ग्राइंडर या 2500 रुपए, सातवें पुरस्कार के 10 विजेताओं को प्रेशर कुकर या 2000 रुपए तथा आठवें पुरस्कार के 10 विजेताओं को सीलिंग फैन या 2000 रुपए मिलेंगे। नौवें पुरस्कार के 13 विजेताओं को प्रेस या 800 रुपए और दसवें पुरस्कार के 50 विजेताओं को दीवार घड़ी या 500 रुपए का विकल्प दिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि विजेता टिकट धारक 30 दिनों के भीतर स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय स्थित रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कार्यालय, कमरा नंबर 406 में दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

सिस इंडिया में भरे जाएंगे सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 80 पद

अनंत ज्ञान, ऊना। सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 80 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 25 अगस्त को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष और वेतन 18,000 से 24 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि एक महीने की ट्रेनिंग के उपरांत अभ्यर्थियों की नियुक्ति एटीएम, अस्पतालों, औद्योगिक क्षेत्र, मॉल सहित अन्य संस्थानों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। प्रमाण पत्र मूल रूप से प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर सम्पर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

बिलासपुर में बरसात से अब तक 46 .17 करोड़ का नुकसान : डीसी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि जिला में बरसात के कारण अब तक 46.17 करोड़ रूपये का नुकसान आंका गया है। जिसमें लोक निर्माण विभाग का लगभग 41 करोड, जलशक्ति विभाग का लगभग 5 करोड़ रूपये, स्कूल शिक्षा विभाग का लगभग 50 लाख रुपये, पशुपालन विभाग 3 लाख तथा विद्युत बोर्ड का लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान शामिल है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं के चलते 5 लोगों की मृत्यु हुई है तथा एक कच्चा मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है जबकि 6 भवनों को आंशिक रूप नुक्सान हुआ है, जिनमें 4 पक्के मकान तथा एक-एक कच्चा घर व रसोईघर शामिल है। इसके अतिरिक्त 18 गौशालाओं व एक भण्डारकक्ष को भी नुक्सान पंहुचा है।

उन्होंने बताया कि बरसात के कारण जिला में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 3 सड़क बंद हैं, जिसमें बद्धाघाट-कोटला-सोहणी देवी सड़क, कथ्यूण-गुजरेहड़ा-गोचर सड़क तथा पट्टा-मोरसिंघी-मसौर मोड़ सड़क शामिल है। उन्होंने बताया कि बंद सड़कों को शीघ्र खोलने के लिए सम्बन्धित विभाग को निर्देश जारी किए गए है। इसी तरह बरसात के कारण प्रभावित हुई जलशक्ति विभाग की विभिन्न पेयजल आपूर्ति योजनाओं की बहाली के लिए भी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर रखा है तथा उन स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने लोगों से भी आहवान किया है कि वह भारी बरसात के दौरान यदि बहुत आवश्यक न हो तो घर से बाहर न निकले तथा अपनी यात्राओं को स्थगित रहें। उपायुक्त ने कहा कि बरसात के मौसम के दौरान सर्पदंश के मामले भी सामने आते है। ऐसे में लोग घरों से बाहर निकलते समय विशेष एहतियात बरतें तथा सर्पदंश होने की स्थिति में इलाज के लिए तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य संस्थान पहुंचे।

इसके अतिरिक्त झील तथा नदी नालों के किनारे डूबने की घटनाएं भी सामने आती है। ऐसी स्थिति में भी लोग नदी नालों से दूरी बनाए रखें।

नयना देवी मेले में पास पर एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर। श्रावण अष्टमी मेला 2026 के दौरान फर्जी पास तैयार किए जाने का मामला सामने आया है। मंदिर ट्रस्ट श्री नयना देवी जी के सहायक नियंत्रक मुनीश कुमार सरीन की शिकायत पर पुलिस थाना कोट कहलूर में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार 16 अगस्त 2026 को जांच के दौरान श्रावण अष्टमी मेला 2026 के कुछ संदिग्ध/फर्जी पास बरामद किए गए। इन पासों पर श्री नयना देवी जी के एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि इन पासों पर दर्ज क्रमांक वर्ष 2025 की पास-बुक के क्रमांकों से मेल खाते हैं, जबकि उक्त क्रमांक कार्यालय रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना कोट कहलूर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 336(3), 338 तथा 340(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा फर्जी पास तैयार करने और उनके इस्तेमाल से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

विदेश में नौकरी पाने के लिए एजेंटों के पास जाने से बचें युवा : अश्वनी कुमार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। विदेश में नौकरी करने के इच्छुक युवाओं को अब रोजगार के लिए बार-बार एजेंटों के चक्कर लगाने या भारी भरकम फीस देने की जरूरत नहीं है। विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं को सुरक्षित और सही माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 2 सितंबर को बिलासपुर के किसान भवन में जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी इवान सिक्योरिटी फंक्शनज प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख अश्वनी कुमार ने बिलासपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। अश्वनी कुमार ने कहा कि विदेश में नौकरी का सपना देखने वाले कई युवा सही जानकारी के अभाव में अनधिकृत एजेंटों के झांसे में आ जाते हैं। कई मामलों में युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल ली जाती है और बाद में उन्हें रोजगार नहीं मिल पाता। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए युवाओं को विदेश में रोजगार के लिए उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में यह पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर को किसान भवन बिलासपुर में होने वाले जॉब फेयर में ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, जापान, कुवैत,

सऊदी अरब, ओमान, कतर, रोमानिया और यूएई सहित विभिन्न देशों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी युवाओं को दी जाएगी। अश्विनी कुमार ने कहा कि विदेश में रोजगार के लिए केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि संबंधित क्षेत्र में दक्षता और आवश्यक प्रशिक्षण भी महत्वपूर्ण है। आईएसएफ इंटरनेशनल के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसमें इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, कंस्ट्रक्शन, हेल्पर, क्लीनर, सिक्योरिटी गार्ड, होटल स्टाफ, पेशेंट केयर और ड्राइवर जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि संस्था का प्रशिक्षण केंद्र विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के तहत प्री डिपार्टचर ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रशिक्षण के लिए मान्यता प्राप्त है। इसका उद्देश्य विदेश जाने वाले युवाओं को रोजगार से जुड़ी आवश्यक जानकारी के साथ-साथ वहां की कार्य संस्कृति, नियमों और जरूरी प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना है। अश्विनी कुमार ने कहा कि जॉब फेयर से संबंधित जानकारी के लिए 0177-2838918, 94182-17918, 82218-62918 और 62309-90813 पर संपर्क किया जा सकता है।

◗ **इवान सिक्योरिटी फंक्शनज बिलासपुर में 2 सितंबर को लगा रही जॉब फेयर**

पेंशनर्स को 15 प्रतिशत एरियर अधिसूचना पर रोष

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में पेंशनर्स ने 18 अगस्त को जारी 15 प्रतिशत एरियर की अधिसूचना पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 40 प्रतिशत देने का वादा किया था, लेकिन मात्र 15 प्रतिशत देना न्यायसंगत नहीं है। बैठक में 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2027 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित डीसीआरजी राशि, 15 प्रतिशत डीए का भुगतान न करने तथा लंबित मेडिकल बिलों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। पेंशनर्स ने इसी माह जेसीसी (संयुक्त परामर्शदात्री समिति) की बैठक बुलाने तथा पेंशनर्स को अलग-अलग वर्गों में बांटने की नीति समाप्त करने की माँग की। बैठक में शहरी इकाई प्रधान हरि सिंह ठाकुर, खंड प्रधान सुनील दत्त शर्मा व जिला प्रधान जगदीश दिनेश कुमार सहित करीब पांच दर्जन पेंशनर्स उपस्थित रहे।

भाजपा के चारों मोर्चों की मासिक बैठकें संपन्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक मोर्चों की मासिक बैठकें परिधि गृह में आयोजित की गईं। बैठकों में संगठनात्मक गतिविधियों, सदस्यता, बूथ स्तर की समितियों को सक्रिय करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला प्रभारी रश्मिधर सूद, विस्तारक अमित शर्मा, जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग सहित वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। नेताओं ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठन की नींव बताते हुए सभी वर्गों से निरंतर संवाद बनाए रखने, निष्क्रिय कार्यकर्ताओं से संपर्क बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मोर्चा अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा सुझाव रखे। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत, सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

वरिष्ठजनों से संवाद करेगी संस्कार सोसायटी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। 'वरिष्ठ जनों के संग-चिट्टा के विरुद्ध जंग' अभियान के तहत संस्कार सोसायटी घुमारवीं वरिष्ठ नागरिकों व अनुभवी समाजसेवियों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी। संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बुज़ुर्गों के अनुभव व सुझावों से युवाओं को सिंथेटिक ड्रग 'चिट्टा' से बचाने के प्रभावी उपाय तलाशना है। संस्कार सोसायटी 2008 से सामाजिक सरोकारों पर काम कर रही है। 15 अक्टूबर 2023 से 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान चलाकर छात्रों, अभिभावकों व आमजन को जागरूक किया जा रहा है। धर्माणी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई समाज की सामूहिक ज़िम्मेदारी है और वरिष्ठजन अपने अनुभव से युवाओं को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। संस्था नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण, जल संरक्षण, भारतीय परंपराओं, पारंपरिक कला और प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती है। प्रेसवार्ता में अध्यक्ष कुंदन रतवान, पूर्व प्रधान अमृत लाल कतना, पंचायत प्रधान किशोरी लाल शर्मा, विजय, त्रिलोक शर्मा, बांके बिहारी, शशि गौतम आदि उपस्थित रहे।

मिशन दृष्टि की दूसरी पायलट जांच में 20 बच्चों में सामने आई दृष्टि संबंधी समस्या

डीएवी स्कूल चंगर में एल प्री-प्राइमरी के 100 बच्चों की हुई स्क्रीनिंग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और आवश्यक उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन बिलासपुर की पहल 'मिशन दृष्टि बिलासपुर' के तहत शुक्रवार को निजी विद्यालय डीएवी स्कूल चंगर में पायलट जांच का दूसरा चरण आयोजित किया गया। इस दौरान एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं के करीब 100 बच्चों की आंखों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें लगभग 20 बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं एवं रिफ्रैक्टिव एरर के संकेत सामने आए। इस अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने स्क्रीनिंग प्रक्रिया का जायजा लिया। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी शशि दत्त शर्मा, एनटीपीसी की कंसल्टेंट चिकित्सक ईशा, क्षेत्रीय अस्पताल के

चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

उपायुक्त ने कहा कि मिशन दृष्टि का उद्देश्य जिले के प्रत्येक बच्चे तक पहुंचना है, चाहे वह सरकारी विद्यालय में पढ़ता हो या निजी विद्यालय में। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे अक्सर यह समझ नहीं पाते कि उनकी दृष्टि सामान्य नहीं है और वे अपनी समस्या अभिभावकों या शिक्षकों को बता नहीं पाते। ऐसी स्थिति में नियमित स्क्रीनिंग के माध्यम से दृष्टि संबंधी समस्या की समय रहते पहचान करना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दृष्टि संबंधी समस्या का असर बच्चे की पढ़ाई, एकाग्रता और कक्षा में सक्रिय भागीदारी पर पड़ सकता है। इसलिए मिशन दृष्टि को केवल स्क्रीनिंग तक सीमित नहीं रखा जा रहा है, बल्कि चिन्हित बच्चों के फॉलोअप, आवश्यक चिकित्सकीय जांच और उपचार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जिन बच्चों में स्क्रीनिंग के दौरान दृष्टि संबंधी समस्या पाई जा रही है, उनके अभिभावकों को विद्यालय के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

ऋषव शर्मा का सावाते वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। मंडी जिला के तहत ग्राम पंचायत भदरवाड़ निवासी ऋषव शर्मा का चयन फ्रांस के बुलोन-सुर-मेर में 9 से 13 सितंबर तक आयोजित होने वाली सावाते वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। ऋषव इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में भारत और हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। ऋषव शर्मा के भारतीय टीम में चयन से भदरवाड़ क्षेत्र सहित पूरे मंडी जिला और प्रदेश में खुशी की लहर है। सावाते एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की महासचिव एवं भारतीय टीम की कोच संतोषी शर्मा ने बताया कि ऋषव ने कड़ी मेहनत, अनुशासित प्रशिक्षण और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में स्थान बनाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऋषव शर्मा फ्रांस में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। ऋषव के चयन पर सावाते एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों तथा भदरवाड़ क्षेत्र के लोगों ने उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी है।

डॉ. दीपक पुरी 'मोस्ट इनोवेटिव कार्डियोवैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जन ऑफ द डिकेड' अवार्ड से सम्मानित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल के डॉ. दीपक पुरी को नई दिल्ली में आयोजित 'नेशनल लीडर्स समिट एंड अवार्ड्स 2026' में 'मोस्ट इनोवेटिव कार्डियोवैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जन ऑफ द डिकेड' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश की राज्यसभा सांसद माया नरोलिया और बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। यह सम्मान कार्डियोवैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जरी के क्षेत्र में डॉ. पुरी के तीन दशकों के योगदान और वर्ष 2011 में 'कार्डियोमर्शन' की शुरुआत के बाद किए गए नवाचारों के लिए दिया गया।

उनका दृष्टिकोण जटिल रोगों के उपचार के साथ रोकथाम, प्रारंभिक निदान, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, उन्नत सर्जरी, पुनर्वास, पोषण, जीवनशैली बदलाव और दीर्घकालिक देखभाल को एकीकृत करने पर केंद्रित है। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद डॉ. पुरी ने कहा कि गंभीर हृदय एवं थोरेसिक रोगों के उपचार में विभिन्न विभागों और संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

उन्होंने कहा कि भविष्य की स्वास्थ्य सेवाएं ऐसी होनी चाहिए जो उपचार को केवल तकनीकी रूप से उन्नत ही नहीं, बल्कि अधिक सुरक्षित, सुलभ, किफायती और मरीज-केंद्रित बनाएं।

किसानों की आर्थिकी मजबूत करने के लिए समन्वय से काम करें अधिकारी : मीरा मोहंती

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की केन्द्र नोडल अधिकारी एवं भारत सरकार की संयुक्त सचिव मीरा मोहंती ने बिलासपुर में योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में योजना के तहत जिले में लागू 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने, कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और सीएसआर फंड का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उपायुक्त ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत जिले में करीब ₹2,276 लाख खर्च किए गए हैं, जबकि आगामी पांच वर्षों के लिए ₹54,863 लाख की जिला कार्ययोजना केन्द्र सरकार को भेजी गई है। मीरा मोहंती ने निहाल में कोल्ड स्टोरेज एवं बायोफ्लॉक यूनिट तथा चनालग-बंदला प्राकृतिक खेती क्लस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के उत्पादों की ब्रांडिंग और बेहतर बाजार उपलब्ध करवाने पर भी जोर दिया।

न्यू मेडिकल कॉलेज चंबा में तीन नई स्वास्थ्य सेवाएं शुरू

अनंत ज्ञान

चंबा। मुख्यमंत्री द्वारा सरोल में न्यू मेडिकल कॉलेज चंबा के उद्घाटन के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को गति मिलनी शुरू हो गई है। न्यू मेडिकल कॉलेज में अब गायनी, डायलिसिस और ट्रॉमेटोलॉजी जैसी तीन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। इन सेवाओं के शुरू होने से जिला चंबा सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को आधुनिक उपचार की सुविधा अपने ही जिले में उपलब्ध होगी।

मेडिकल कॉलेज चंबा के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया कि न्यू मेडिकल कॉलेज में इन सेवाओं को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य मरीजों को बेहतर, आधुनिक और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि ये सुविधाएं पुराने मेडिकल कॉलेज में पहले से संचालित सेवाओं के अतिरिक्त न्यू मेडिकल कॉलेज में भी शुरू की गई हैं।

उन्होंने बताया कि अब मरीजों को दोनों स्थानों पर उपचार की सुविधा उपलब्ध होने से पुराने मेडिकल कॉलेज में बढ़ने वाली मरीजों की भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इससे अस्पताल की व्यवस्थाओं पर दबाव घटेगा और मरीजों को अपनी सुविधा के अनुसार उपचार प्राप्त करने का विकल्प भी मिलेगा। डॉ. पंकज गुप्ता ने कहा कि न्यू मेडिकल कॉलेज चंबा में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। आने वाले समय में यहां अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को और मजबूत करने पर विशेष जोर रहेगा, ताकि गंभीर बीमारियों और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके।

तीन नई सेवाओं के शुरू होने से चंबा में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिली है। खासकर डायलिसिस और ट्रॉमेटोलॉजी जैसी सेवाओं का विस्तार मरीजों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे लोगों को उपचार के लिए जिला से बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी और स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद बढ़ी है।

अननैहर स्कूल के पास उफनता नाला नौनिहालों की सुरक्षा के लिए बना खतरा

जलस्तर बढ़ते ही बह जाती है पुलिया, ग्रामीणों ने स्थायी पुल निर्माण की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत राजकीय उच्च पाठशाला अननैहर के समीप बहने वाला नाला बरसात के मौसम में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। नाले पर बनाई गई अस्थायी पुलिया हल्की बारिश के बाद जलस्तर बढ़ते ही बह जाती है। इससे विद्यार्थियों समेत दर्जनों ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित होता है और उन्हें कई बार जान जोखिम में डालकर उफनते नाले को पार करना पड़ता है।

बरसात के दौरान नाले का जलस्तर अचानक बढ़ने से विद्यालय तक पहुंचना बच्चों के लिए जोखिम भरा हो जाता है। अभिभावकों को भी हर समय बच्चों की सुरक्षा की चिंता सताती रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्थायी पुलिया के सहारे लंबे समय तक आवागमन की व्यवस्था नहीं चल सकती। अब यहां स्थायी पुल का निर्माण बेहद जरूरी हो गया है। ग्राम पंचायत गांण प्रीणा के कई गांवों के लोग इसी मार्ग से होकर आवागमन करते हैं। पुलिया के बह जाने से स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों की आवाजाही भी प्रभावित हो जाती है। मानसून के दौरान कई बार गांवों का संपर्क बाहरी क्षेत्रों से कटने की स्थिति पैदा हो जाती है। सबसे गंभीर स्थिति आपातकाल के समय सामने आती है। बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। समय पर उपचार नहीं मिलने से मरीज की जान भी खतरे में पड़ सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से स्थायी पुल की मांग की जा रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

स्कूल के पास होने से इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी गुजरते हैं। अचानक बढ़ते जलस्तर के बीच बच्चों का नाला पार करना किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए अस्थायी व्यवस्था के बजाय स्थायी पुल का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाए।

विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुमित्रा देवी सहित ठाकुर राम, पवन कुमार, उमेश, बिट्टू ठाकुर, विक्रम कुमार, मखौली राम, प्रवीण कुमार, सरवो, शकुंतला देवी और आशा सहित अन्य ग्रामीणों ने जल्द कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि स्थायी पुल बनने से विद्यार्थियों और पंचायत के कई गांवों के लोगों को वर्षभर सुरक्षित और सुचारू आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

नियमित भर्तियों के बजाय आउटसोर्स से नियुक्तियां कर रही सरकार: जय

अनंत ज्ञान

चंबा। भाजपा कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने बेरोजगारी और आउटसोर्स भर्तियों के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को घेरा है। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नियमित भर्तियों के बजाय आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्तियां कर रही है और स्थानीय युवाओं की अनदेखी हो रही है।

जय सिंह ने दावा किया कि पर्यटन विभाग चंबा में करीब 30 लोगों की आउटसोर्स आधार पर नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें दूसरे जिलों के युवाओं को रोजगार दिया गया। उन्होंने सरकार से भर्ती प्रक्रिया और चयनित अभ्यर्थियों का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग की। भाजपा नेता ने चंबा जिले के पांचों विधायकों से आगामी विधानसभा सत्र में आउटसोर्स भर्तियों पर श्वेत पत्र जारी करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में कितने स्थानीय युवाओं को नियमित और कितनों को आउटसोर्स आधार पर रोजगार मिला, इसका आंकड़ा सार्वजनिक होना चाहिए।

जय सिंह ने कहा कि जल्द ही जिलेभर में 'भंडाफोड़ अभियान' चलाकर आउटसोर्स नियुक्तियों से जुड़े मामलों को जनता के सामने रखा जाएगा। प्रेस वार्ता में भाजयुमो प्रदेश सचिव नेक राज ठाकुर भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित

1.55 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल: डीसी

अनंत ज्ञान

चंबा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में 18 सितंबर को प्रस्तावित अभियान की तैयारियों और कार्य योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को अभियान के दौरान आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को पंचायत स्तर पर कृमि मुक्ति एवं विटामिन-ए की खुराक से संबंधित सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) सामग्री प्रदर्शित करवाने तथा अभिभावकों को अभियान की अग्रिम जानकारी उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं शिक्षा विभाग को 18 सितंबर को विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।

उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने बताया कि 18 सितंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य खंडों में 1,55,087 शिशुओं, बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी। इसके अलावा एक से पांच वर्ष तक की आयु के 39,534 शिशुओं एवं बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेएस भारद्वाज ने अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास कमल किशोर शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. हरित पुरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विटामिन-ए बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने के साथ आंखों की रोशनी, त्वचा, हड्डियों और शरीर के अन्य ऊतकों के लिए लाभकारी है। वहीं एल्बेंडाजोल आंतों के कृमियों को समाप्त कर पोषक तत्वों के बेहतर अवशोषण में मदद करती है, जिससे बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और कुपोषण कम करने में सहायता मिलती है।

उपभोक्ताओं को समय पर राशन उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता: कर्ण ठाकुर

अनंत ज्ञान, चंबा। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीडीएस को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने तथा पात्र उपभोक्ताओं को सरकारी योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से उपलब्ध करवाने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग कर्ण ठाकुर ने बताया कि बैठक में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को दिए जा रहे राशन की व्यवस्था, खाद्यान्न की उपलब्धता, वितरण प्रक्रिया और उपभोक्ताओं से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि पात्र उपभोक्ताओं को समय पर राशन उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता है।

उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों में पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध रखने और उपभोक्ताओं को राशन लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने, विभागीय नियमों की अनुपालना तथा उचित मूल्य की दुकानों की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया गया। कर्ण ठाकुर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी व्यवस्था है।

चिट्टे के बढ़ते प्रचलन पर प्रशासन सख्त नशा रोकने की रणनीति पर किया मंथन

अनंत ज्ञान

चंबा। एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज की अध्यक्षता में बनीखेत विश्राम गृह में उपमंडलीय नशा निवारण समिति बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अत्यंत घातक मादक पदार्थ चिट्टे के बढ़ते प्रचलन एवं इसके दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा नशे के प्रसार पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में युवाओं को नशे से दूर रखने, आमजन में जागरूकता बढ़ाने तथा विभिन्न माध्यमों से नशा विरोधी

◆ नशा निवारण समिति की बैठक आयोजित

अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने संबंधी रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नशे के विरुद्ध सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने तथा पुलिस, प्रशासन और स्थानीय स्तर पर कार्यरत विभिन्न संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारियों सहित समाज से भी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

एनालॉग पनीर पर विभाग हुआ सख्त, बाजारों में बढ़ाई निगरानी

अनंत ज्ञान, चंबा। जिले में एनालॉग पनीर की बिक्री और इस्तेमाल को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने निगरानी तेज कर दी है। उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से जुड़े इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने बाजारों में उपलब्ध पनीर और अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच शुरू कर दी है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरा न उतरने वाले उत्पादों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। असिस्टेंट कमिश्नर फूड एंड सेफ्टी विभाग चंबा दीपक आनंद ने बताया कि विभाग की ओर से बाजार में बिकने वाले पनीर एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर नजर रखी जा रही है। खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने वाले एनालॉग पनीर अथवा अन्य खाद्य पदार्थों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दुकानदारों, होटल संचालकों और अन्य खाद्य कारोबारियों को निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। कारोबारियों को चेताया गया है कि वे ऐसे किसी भी खाद्य पदार्थ की बिक्री अथवा इस्तेमाल न करें, जो निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता हो।

विभाग ने उपभोक्ताओं से भी सतर्क रहने की अपील की है। पनीर खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकिंग, लेबल और अन्य आवश्यक जानकारी की जांच करने को कहा गया है। विभाग का कहना है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दीपक आनंद ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग का प्राथमिक उद्देश्य लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना है।

ज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट में सुखमनी साहिब के पाठ के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

मोहाली। ज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फेज-2, मोहाली में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ पूरे उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ किया गया। संस्थान परिसर में श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ का आयोजन किया गया तथा भोग डाला गया। इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र की सफलता और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त करना था।

धार्मिक समारोह में विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पाठ के उपरांत सर्वजन के कल्याण और सुख-समृद्धि के लिए अरदास की गई तथा उपस्थित सभी लोगों को कड़ाह प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर परिसर को खूबसूरत फूलों और रोशनी से सजाया गया था, जिसने समारोह के आध्यात्मिक और उत्सवी वातावरण को और आकर्षक बना दिया। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को और अधिक रोचक एवं यादगार बनाने के लिए परिसर में कई विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों के लिए 'वेलकम कम हंट' खेल का आयोजन किया गया। युवा कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इसके अलावा, विशेष 'प्लांटर डिस्ट्रीब्यूशन' अभियान के तहत विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए और उन्हें हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नए विद्यार्थियों को परिसर के वातावरण में आसानी से घुलने-मिलने में मदद करने के लिए विशेष 'आइस-ब्रेकर' सत्र भी आयोजित किया गया। ज्ञान ज्योति ग्रुप के चेयरमैन श्री जे.एस. बेदी ने विद्यार्थियों और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई ऊर्जा, नए उत्साह और नए लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि परमात्मा की कृपा से विद्यार्थी हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे और संस्थान का नाम रोशन करेंगे।

सीजीसी लांडरां ने एफए सिस्टम डिवीजन के साथ किया एमओयू

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, सीजीसी लांडरां ने मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया फैक्ट्री ऑटोमेशन (एफए) सिस्टम्स डिवीजन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह डिवीजन विश्वप्रसिद्ध मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक कॉर्पोरेशन की एक सहायक कंपनी है, जो इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमेशन और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग तकनीकों के क्षेत्र में 100 से अधिक वर्षों की उत्कृष्ट विरासत के साथ वैश्विक स्तर पर अग्रणी है।

यह रणनीतिक साझेदारी सीजीसी लांडरां में अत्याधुनिक मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया (एमईआई) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करती है। यह सेंटर विद्यार्थियों, फैकल्टी, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत के पेशेवरों को फैक्ट्री ऑटोमेशन, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स, प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर्स (पीएलसी), स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स, एआई-सक्षम मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम्स, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 जैसी वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त तकनीकों से परिचित होने और उनका व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के अवसर प्रदान करेगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उद्योग-मान्य प्रमाणपत्रों, व्यावहारिक प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, लाइव प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप, विशेषज्ञ सत्रों और उद्योग-अनुरूप पाठ्यक्रम पहलों के माध्यम से नवाचार, अनुप्रयुक्त शिक्षण और कौशल विकास के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया एफए सिस्टम्स के उन्नत ई-फैक्ट्री और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग समाधानों से संचालित यह एमईआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शिक्षार्थियों को उभरती तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने बीएसई 500 मोमेंटम वैल्यू 50 इंडेक्स फंड किया लांच

अनंत ज्ञान

जालंधर/लुधियाना/अमृतसर। कंपनी ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम वैल्यू 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह 'वैल्यू और मोमेंटम' (मूल्य और रुझान) पर आधारित निवेश विकल्प है जो ग्राहकों को चुनिंदा यूनिट-लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के ज़रिए दीर्घकालिक स्तर पर इक्विटी में निवेश के अवसर का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी, श्री मनीष कुमार ने लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, 'बीएसई 500 मोमेंटम वैल्यू 50 इंडेक्स फंड को ग्राहकों को एक अनुशासित और पारदर्शी निवेश रणनीति प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जो निवेश के दो महत्वपूर्ण कारकों - वैल्यू और मोमेंटम - को जोड़ता है। ऐसे में जहां आकर्षक मूल्यांकन से बेहतर मूल्य पर खरीद का भरोसा मिल सकता है, वहीं सकारात्मक रुझान से बाज़ार का बढ़ता भरोसा ज़ाहिर हो सकता है। यह रणनीति इन दो तत्वों को मिलाकर उन कंपनियों की पहचान कर पाती है जो दोनों पैमानों पर मज़बूत दिखती हैं। इससे निवेशकों को मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए उभरते अवसरों में भाग लेने में मदद मिलती है। इस रणनीति के तहत व्यवस्थित दृष्टिकोण का पालन किया जाता है और तिमाही स्तर पर पोर्टफोलियो की समीक्षा की जाती है, जिससे यह बदलते बाज़ार मूल्यांकन और रुझान के साथ विकसित हो पाता है। हमारा मानना है कि इस दृष्टिकोण से ग्राहकों को निवेश अनुशासन बनाए रखते हुए दीर्घकालिक इक्विटी वृद्धि में भाग लेने का अलग तरीका मिल सकता है।' यह फंड ग्राहकों को बीएसई 500 खंड से चुनी गई 50 कंपनियों के विविधीकृत दायरे में निवेश का अवसर प्रदान करता है और आईसीआईसीआई प्रू बीएसई 500 मोमेंटम वैल्यू 50 कस्टमाइज़्ड इंडेक्स का अनुसरण करेगा। यदि नियामकीय दिशानिर्देश के कारण कोई स्टॉक नहीं चुना जा सकता है, तो 50 स्टॉक्स का समूह बनाए रखने के लिए अगले योग्य स्टॉक को चुना जाएगा। इसका नियम आधारित दृष्टिकोण समय-समय पर पोर्टफोलियो में बदलाव करने में मदद करता है क्योंकि बाज़ार मूल्यांकन और रुझान बदलते रहते हैं, जिससे ग्राहकों को पारदर्शी और व्यवस्थित निवेश ढांचा मिलता है। इसके अलावा, वित्त वर्ष '27 की पहली तिमाही के दौरान कंपनी का दावा निपटान अनुपात 99.3% रहा और बगैर जांच वाले व्यक्तिगत दावे के लिए औसतन एक दिन में निपटान कर दिया गया। इससे ग्राहकों और उनके परिवारों से किए गए वादे को पूरा करने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता ज़ाहिर होती है। 30 जून 2026 तक, कंपनी की प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) 3.34 लाख करोड़ रुपये थी और शुरुआत से ही कंपनी के पास कोई गैर निष्पादक परिसंपत्तियां (एनपीए) नहीं रही हैं, जिससे स्पष्ट है कि परिसंपत्ति खाता मज़बूत है।

वैध प्रमाणपत्र के बावजूद काउंसलिंग से बाहर रखने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस दाखिले की काउंसलिंग से दो ओबीसी-एनसीएल अभ्यर्थियों को बाहर किए जाने का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है। दोनों अभ्यर्थियों ने याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि उनके पास वैध प्रमाणपत्र होने के बावजूद दस्तावेजों में कमी बताकर उन्हें काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया।

याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन से जवाब मांगा है। दोनों अभ्यर्थियों ने नीट-यूजी परीक्षा में भी अच्छे अंक हासिल किए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एक अभ्यर्थी ने 545 अंक और दूसरे ने 541 अंक प्राप्त किए हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उनके पास ओबीसी-एनसीएल श्रेणी से संबंधित वैध प्रमाणपत्र मौजूद हैं। इसके बावजूद दस्तावेज संबंधी कमी का हवाला देकर उन्हें पात्र उम्मीदवारों की काउंसलिंग से बाहर कर दिया गया। इससे उनके एमबीबीएस में प्रवेश के अवसर पर असर पड़ रहा है। मामला हाईकोर्ट पहुंचने के बाद अब चंडीगढ़ प्रशासन को यह स्पष्ट करना होगा कि दोनों अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में शामिल क्यों नहीं किया गया और उनके दस्तावेजों में किस प्रकार की कमी पाई गई थी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत से राहत की मांग की गई है। उनका पक्ष है कि यदि उनके प्रमाणपत्र निर्धारित नियमों के अनुसार वैध हैं, तो उन्हें काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर दिया जाना चाहिए। अब प्रशासन के जवाब के बाद ही मामले की अगली दिशा स्पष्ट होगी।

धार्मिक कार्यक्रम में पहुंची डॉ. लक्ष्मी नारायण

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी आचार्य महामंडलेश्वर, इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा, आज जय माता किन्नर मंदिर, सेक्टर 26 में पहुंचीं। यहाँ परम पूज्यपाद पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर मां कमलीनन्द गिरी एवं श्री श्री किन्नर अखाड़ा के अन्य संतों ने उन्हें सम्मान अंगवस्त्र व पुष्पों से स्वागत किया। मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित 19वें वार्षिक महोत्सव में शहर के गणमान्य नागरिकों व श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ पुण्य नंदगिरी जी — बारडोली, गुजरात से महामंडलेश्वर और श्री महंत ऋषिकेश नंदगिरी जी — नासिक, महाराष्ट्र, इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा भी पहुंचे थे। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि किन्नरों का आशीर्वाद अत्यंत भाग्यशाली होता है।

उन्होंने कहा कि किसी का दिया आशीर्वाद बेकार हो सकता है। लेकिन किन्नर का दिया आशीर्वाद कभी बहु व्यर्थ नही जाता। किन्नर की दुआ हमेशा रंग लाती है। उन्होंने आगे कहा कि किन्नर कभी भी भेदभाव नही करते। किन्नर के सभी धर्म सभी जाति एक समान है। उनका मानना है कि किन्नर समाज को दया नहीं, बल्कि मुख्यधारा में बराबरी, आत्म-सम्मान और संवैधानिक अधिकार मिलने चाहिए। उनका कहना है कि समाज को उन्हें किसी अलग नजरिए से देखने के बजाय एक इंसान मानना चाहिए और उनके मानवीय अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलीनन्द गिरी को जो अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि समाज की सेवा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मां कमली ने बताया कि 19वें वार्षिक महोत्सव पर चर्चा करते हुए कहा कि किन्नर मंदिर में वैदिक रीति रिवाज और धार्मिक परंपराओं अनुसार पूजा अर्चना के साथ सभी अनुष्ठान किए जा रहे हैं। 15 अगस्त से शुरू होकर 25 अगस्त को सम्पन्न होने वाले 10 दिवसीय इस वार्षिक महोत्सव में रोजाना ही धार्मिक आयोजन किये जा रहे है।

गन्ने से इथेनॉल बनाने से 17 दिनों में चीनी 20 रुपए महंगी: केजरीवाल

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देश भर में चीनी की कीमतों में भारी वृद्धि के लिए मोदी सरकार के गलत फैसले को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि गन्ने से इथेनॉल बनाने से चीनी का उत्पादन गिर गया और 17 दिनों में चीनी 20 रुपए प्रति किलो महंगी हो गई। ये लोग इथेनॉल को पेट्रोल में मिलाकर तेल आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा बचाने की बात कर रहे थे। हालात ऐसे हो गए हैं कि अब वही विदेशी मुद्रा फूंक कर चीनी आयात करने की नौबत आ गई है। ये सरकार है या मज़ाक? पूरी की पूरी अनपढ़ों की सरकार है। किसी को कुछ नहीं ही पता कि क्या करने से क्या होगा? गुरुवार को एक वीडियो जारी कर 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे मोदी सरकार बिल्कुल अनपढ़ लोगों की सरकार है। उन्हें यही नहीं पता कि वे क्या निर्णय ले रहे हैं और उसका क्या असर होगा। इन्होंने गन्ने की खेती को इथेनॉल बनाने के लिए डाइवर्ट किया और इथेनॉल को पेट्रोल में मिलाना चालू कर दिया। कहा गया कि इससे पेट्रोल बचेगा और विदेशी मुद्रा की बचत होगी, जिसे हम विदेशों से तेल आयात करने के लिए खर्च करते हैं। गन्ने की खेती को इथेनॉल बनाने के लिए डाइवर्ट करने से देश में गन्ने और चीनी की भारी कमी हो गई। चीनी की किल्लत के कारण पिछले 17 दिनों में इसके दाम 20 रुपए प्रति किलो बढ़ गए हैं। 17 दिन पहले जो चीनी 46 रुपए किलो थी, वह अब 65 रुपए किलो हो गई है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारा देश चीनी एक्सपोर्ट करता था, लेकिन अब इंपोर्ट करने की प्लानिंग कर रहा है। तेल पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा बचाने के लिए इथेनॉल बनाया गया और अब उसी विदेशी मुद्रा को हम चीनी इंपोर्ट करने पर खर्च करेंगे। एक तरफ इथेनॉल वाले पेट्रोल से लोगों की गाड़ियां खराब हो रही हैं और माइलेज गिर रही है, वहीं दूसरी तरफ लोगों को अब महंगी चीनी खरीदनी पड़ रही है। सरकार डिसीजन लेती है, लेकिन इन्हें यही नहीं पता कि इसका क्या असर होने वाला है। जब गन्ने को इथेनॉल के लिए डाइवर्ट किया गया, तो इन्हें सोचना चाहिए था कि इतना गन्ना इथेनॉल में जाएगा तो चीनी कहां से आएगी? समझ नहीं आता कि मोदी सरकार में ऊपर से नीचे तक सारे अनपढ़ हैं क्या?

खूबसूरत अंदाज में स्मृति मंधाना

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट स्मृति मंधाना का नाम दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटर्स में लिया जाता है। स्मृति अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी एक से बढ़कर एक तस्वीरें फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं।

हॉकी विश्व कप : भारत के सामने आज नीदरलैंड की कड़ी चुनौती

आक्रामक टीम के खिलाफ भारतीय रक्षापंक्ति की होगी कड़ी परीक्षा

एजेंसी, एम्सटेलवीन

भारत शनिवार को यहां जब हॉकी विश्व कप के दूसरे दौर के अपने पहले मैच में सह-मेजबान और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी रक्षात्मक कमजोरियों की सबसे बड़ी परीक्षा तब होगी और हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम यह अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे सेमीफाइनल में जगह बनानी है तो अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। भारतीय टीम को न सिर्फ एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा बल्कि वैगनर स्टेडियम में नीदरलैंड के लिए बनने वाले माहौल की चुनौती से भी पार पाना होगा।

इस 10,000 दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में नीदरलैंड के समर्थकों के बड़ी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है। स्थानीय दर्शकों ने अभी तक अपनी टीम के प्रति पूरी प्रतिबद्धता दिखाई है और वह बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे हैं। ऐसे में स्टैंड में 'ओरेंज' रंग का विशाल जनसमूह, लगातार नारे लगाना और घरेलू टीम के लिए जोशीला समर्थन भारत के लिए माहौल को बेहद चुनौतीपूर्ण बना

सकता है। भारतीय टीम को हालांकि विचलित नहीं होना चाहिए। उसके लिए सबसे बड़ी चिंता अच्छी शुरुआत के बाद नियंत्रण खो देना है।

पाकिस्तान के खिलाफ 3-0 और 4-1 से बढ़त बनाने के बाद भारत ने पकड़ ढीली की, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ पहले हाफ में 2-1 की बढ़त तीसरे क्वार्टर में दो गोल खाने के बाद हाथ से निकल गई और आखिर में टीम 2-4 से हार गई। नीदरलैंड जैसी टीमों के खिलाफ इस तरह की गलती भारी पड़ सकती है। भारत ने पूल डी में वेल्स को 3-1 से और पाकिस्तान को 5-3 से हराया जबकि इंग्लैंड से हार उसे भारी पड़ सकती है। पहले चरण में इंग्लैंड से हारने के कारण भारतीय टीम दूसरे दौर में उसके खिलाफ नहीं खेलेगी जबकि इंग्लैंड पहले दौर के तीन अंक लेकर इस दौर में पहुंची है।

दूसरी तरफ नीदरलैंड की टीम ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने न्यूजीलैंड को 5-1, अर्जेंटीना को 3-1 और जापान को 4-1 से हराकर तीनों मैच में अपना दबदबा बनाया। ऐसे में दुनिया की सबसे आक्रामक टीम के खिलाफ भारतीय रक्षापंक्ति की कड़ी परीक्षा होगी। नए प्रारूप के तहत पूल डी की दोनों शीर्ष टीमें और पूल ए की दो शीर्ष टीमों से पूल ई बना है जिसमें से पहली दो टीमें सेमीफाइनल में जायेंगी। वहीं पूल बी और सी की शीर्ष दो टीमें पूल एफ में एक दूसरे से खेलेंगी और पहले दो स्थान की टीमें अंतिम चार में पहुंचेंगी। पूल ए में शीर्ष पर रही नीदरलैंड ने 1973 में इसी मैदान पर भारत को हराकर अपना पहला विश्व कप खिताब जीता था और 1990 और 1998 में भी ट्रॉफी अपने नाम की थी। शीर्ष स्तर पर उनकी निरंतरता उन्हें सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों में से एक बनाती है। तीन विश्व कप के अलावा तीन बार ओलंपिक स्वर्ण पदक जीत चुकी नीदरलैंड को उसके गढ में हराने की चुनौती भारत के लिये आसान नहीं होगी। अपनी मजबूत हॉकी संस्कृति के लिये मशहूर नीदरलैंड टीम दर्शकों के अपार समर्थन का भी पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी, लेकिन भारत ने यह साबित कर दिया है कि नीदरलैंड की टीम अजेय नहीं है। भारतीय टीम ने जून में रोटरडम में एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड को 3-2 से हराया था। (अनंत ज्ञान)

ट्रीसा-गायत्री बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने शुक्रवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप-2026 में शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। इंदिरा गांधी स्टेडियम में भारतीय जोड़ी ने विश्व की चौथी वरीयता प्राप्त चीन की जिया यी फान और झांग शू शियान को तीन गेम के कड़े मुकाबले में 16-21, 21-15, 21-13 से हराया।

ट्रीसा और गायत्री ने मुकाबले की शुरुआत 2-6 से पिछड़कर की, लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की। बेहतर स्मैश और मजबूत नेट प्ले के दम पर उन्होंने स्कोर बराबरी पर पहुंचाया और कुछ समय के लिए बढ़त भी हासिल की। हालांकि, निर्णायक क्षणों में चीनी जोड़ी ने बेहतर प्रदर्शन किया। लगातार आक्रामक खेल के दम पर जिया और झांग ने पहला गेम 21-16 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में ट्रीसा और गायत्री ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और चीन को बढ़त बनाने का मौका नहीं दिया। दोनों जोड़ियों के बीच लंबी रैलियों और शानदार शॉट्स का सिलसिला चलता रहा और स्कोर 10-10 तक बराबर रहा। इसके बाद चीन की एक गलती का फायदा उठाकर भारत ने बढ़त हासिल की और ब्रेक तक 11-10 से आगे रहा।

ट्रीसा की शानदार रक्षात्मक क्षमता और गायत्री के क्रॉस-कोर्ट स्मैश ने भारतीय जोड़ी को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। भारत ने दूसरा गेम 21-15 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। ट्रीसा और गायत्री ने निर्णायक गेम 21-13 से भी जीत लिया। इसके साथ ही उन्होंने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

अरचिगे और कामिल मिशारा दूसरे टेस्ट के लिए श्रीलंका की टीम में

एजेंसी, कोलंबो। श्रीलंका ने भारत के खिलाफ रविवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर साहन अरचिगे और बल्लेबाज कामिल मिशारा को टीम में शामिल किया है। भारत ने गॉल में पहला टेस्ट 165 रन से जीतकर दो मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना रखी है। अरचिगे ने रमेश मेंडिस की जगह टीम में लिया गया है। उन्होंने अब तक पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। अरचिगे ने पिछले महीने श्रीलंका ए की कप्तानी करते हुए भारत ए के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने कुल 209 रन बनाए थे और वह साई सुदर्शन (332 रन) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मिशारा ने टीम में निशान फर्नांडो की जगह ली, जिनका पहले टेस्ट मैच में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। पासिंडू सूरियाबंडारा चोटिल दिनेश चांदीमल की जगह टीम में बने रहेंगे।

भारतीय कप्तान गिल ने नेट में किया बाएं हाथ के स्पिनरों का अभ्यास

एजेंसी, कोलंबो। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बाएं हाथ के स्पिनरों के सामने अपने

निराशाजनक प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को यहां इस तरह की गेंदबाजों के सामने कड़ा अभ्यास किया। गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में गिल बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या के हाथों दो बार आउट हुए। इस मैच में उन्होंने 16 और आठ रन बनाए। भारत ने यह मैच 165 रन से जीता। दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से यहां शुरू होगा। गिल सही लाइन का अनुमान नहीं लगा पाने के कारण बाएं हाथ के परंपरागत गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आते हैं। पहले टेस्ट मैच में भी जयसूर्या को खेलने में उन्हें परेशानी हो रही थी। टेस्ट क्रिकेट में 42 मैचों में गिल को बाएं हाथ के स्पिनरों ने 11 बार आउट किया है। गिल ने सिंहली स्पोर्ट्स क्लब के नेट पर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। उन्होंने काफी समय तक मानव सुथार, रविंद्र जडेजा और कुछ स्थानीय गेंदबाजों का सामना किया।

डुप्लांटिस को पोल वॉल्ट का खिताब

एजेंसी, लुसाने। मोंडो डुप्लांटिस ने डायमंड लीग प्रतियोगिता में पोल वॉल्ट में स्वर्ण पदक जीता, लेकिन वह विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूक गए। ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 6.32 मीटर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए दो प्रयास किए, लेकिन इसमें नाकाम रहे। डुप्लांटिस ने 6.21 मीटर की ऊंचाई को पहली बार में ही पार कर लिया जो उनका मार्च के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में 6.25 मीटर की ऊंचाई पार करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था और स्वर्ण पदक जीता था। डुप्लांटिस के घनिष्ठ मित्र और प्रतिद्वंद्वी एम्मानौइल कारालिस ने 6.16 की ऊंचाई पार की और उन्होंने रजत पदक जीता।

यूएस ओपन से वापसी करेंगे कार्लोस

एजेंसी, न्यूयॉर्क। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज चार महीने बाद कोर्ट पर वापसी करेंगे। दाहिनी कलाई की चोट के कारण वे अप्रैल से टेनिस से दूर हैं। अल्काराज ने 30 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले यूएस ओपन में खेलने की पुष्टि की है। वे टूर्नामेंट के डिफेंडिंग चैंपियन हैं। चोट के कारण अल्काराज फ्रेंच ओपन, विंबलडन, टोरंटो और सिनसिनाटी ओपन में नहीं खेल सके। वे यूएस ओपन से पहले किसी भी वार्म-अप टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। अल्काराज ने अपनी वापसी की जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। अल्काराज ने भी एक्स पर अमेरिकी झंडे और प्लेन की इमोजी के साथ पोस्ट किया।

हैदराबाद में होगी टेनिस प्रीमियर लीग

एजेंसी, हैदराबाद। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का आठवां सत्र 8 से 13 दिसंबर 2026 तक हैदराबाद के एलबी टेनिस स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आठ फ्रेंचाइजी टीमों के बीच होने वाली इस लीग में रोमांचक 25 अंकों के प्रारूप में मुकाबले खेले जाएंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ के तत्वावधान और तेलंगाना सरकार के सहयोग से होने वाले टीपीएल के आठवें सत्र में देश-विदेश के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ भारत के प्रमुख टेनिस सितारे भी हिस्सा लेंगे। लीग के सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा। छह दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में जीएस दिल्ली एसेस, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, लखनऊ ब्लेजर्स, गुरुग्राम ग्रैंड स्लैमर्स, गुजरात पैंथर्स, राजस्थान रेंजर्स, कोलकाता थंडर ब्लेड्स और मुंबई रॉयल्स खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

जेवलिन थ्रोअर शिवपाल पर 10 वर्ष का बैन

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत के जेवलिन थ्रोअर और टोक्यो ओलिंपियन शिवपाल सिंह पर 10 साल का बैन लगाया गया है। वे दूसरी बार डोपिंग का दोषी पाए गए हैं। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी के डिसिप्लिनरी पैनल ने प्रतिबंधित पदार्थ मेथेंडिएनोन के पॉजिटिव पाए जाने के बाद यह सजा सुनाई। 31 साल के शिवपाल 2019 एशियन चैंपियनशिप में 86.23 मीटर के पर्सनल बेस्ट के साथ सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। वे टोक्यो ओलिंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। शिवपाल का सैंपल 2021 में हुए आउट-ऑफ-कंपटीशन टेस्ट में स्टेरॉयड के लिए पॉजिटिव आया था। (अनंत ज्ञान)

तेंदुलकर की बराबरी पर पहुंचे जो रूट, 68वां अर्धशतक लगाया

एजेंसी, लंदन। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने सचिन तेंदुलकर के टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा फिफ्टी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। 35 साल के रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ लीड्स में चल रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन 66 रन की पारी खेली। उन्होंने 68वां टेस्ट अर्धशतक लगाया। सबसे ज्यादा टेस्ट फिफ्टी के मामले में रूट और सचिन के बाद वेस्टइंडीज के शिवनारायण चंद्रपॉल का नाम आता है। उनके नाम 66 टेस्ट फिफ्टी हैं। राहुल द्रविड़ और ऑस्ट्रेलिया के एलन बॉर्डर 63-63 फिफ्टी के साथ संयुक्त चौथे नंबर पर हैं। (अनंत ज्ञान)

अंडर-20 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप : काजल धोचक ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब

एजेंसी, ब्रातिस्लावा

काजल धोचक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां अंडर-20 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार खिताब जीता, जबकि तनु शर्मा और सविता को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

काजल ने फाइनल में चीन की जिंगक्स सन को 7-0 से हराकर 76 किलोग्राम वर्ग का खिताब अपने नाम किया। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल 72 किलोग्राम वर्ग में अंडर-20 विश्व खिताब जीता था। काजल पहले ही सीनियर स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने इस साल जून में मंगोलिया में रैंकिंग सीरीज

प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने जुलाई में बुडापेस्ट प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने पटाया में अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप भी जीती। इस बीच तनु ने 72 किलोग्राम वर्ग में जापान की चिसातो योशिदा के खिलाफ स्वर्ण पदक के मैच में कड़ा मुकाबला किया, लेकिन आखिर में 3-5 से हार गईं। सविता 62 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जापान की साकुरा ओनीशी से तकनीकी श्रेष्ठता (2-12) से हार गईं।

मानसी लादर भी 68 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक की दावेदार हैं। फाइनल में उनका मुकाबला चीन की चेनलिंग सोंग से होगा, जबकि कोमल 59 किलोग्राम वर्ग के रेपचेज राउंड में स्पेन की रोजा मोलिना रोड्रिगेज से भिड़ेंगी। भारत के किसी भी ग्रीको रोमन पहलवान ने पदक नहीं जीता। (अनंत ज्ञान)

स्वियातेक ने सिनसिनाटी ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी, मेसन। एलेना रायबाकिना के टखने की चोट के कारण पहले सेट से हट जाने से इगा स्वियातेक ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जब दूसरे नंबर की खिलाड़ी रायबाकिना 1-4, 40-40 के स्कोर पर सर्व कर रही थीं, तब उन्होंने अपने बाएं टखने का इलाज कराने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया और कुछ ही क्षण बाद मैच से हट गईं। मौजूदा चैंपियन स्वियातेक ने सिनसिनाटी में अपने पिछले चार मुकाबलों में से प्रत्येक में कम से कम सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला ने अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा को 6-4, 2-6, 7-6 (4) से हराकर इस सत्र की अपनी 44वीं जीत दर्ज की, जो टूर में सबसे अधिक जीत है। पुरुष वर्ग में फ्लेवियो कोबोली ने टॉमी पॉल को 2-6, 6-3, 6-4 से हराया। कोबोली सेमीफाइनल में 22 वर्षीय आर्थर फिल्स का सामना करेंगे। फिल्स ने थियागो अगस्टिन तिराते को 6-3, 6-2 से पराजित किया। (अनंत ज्ञान)

सीमा सुरक्षा के बिना प. बंगाल सुरक्षित नहीं : शाह

गृहमंत्री ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी, सिलीगुड़ी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सिलीगुड़ी दौरे के दौरान देश की सीमा सुरक्षा और विशेष रूप से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा से जुड़ी जो भी आवश्यकताएं सामने आई हैं, उन्हें पूरा करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अमित शाह ने सिलीगुड़ी में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने एसएसबी के जवानों से मुलाकात की और उनसे बातचीत भी की। कार्यक्रम में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि यह पहला मौका था जब उन्हें एसएसबी के किसी कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने एसएसबी को देश की संप्रभुता और सुरक्षा का अटूट प्रहरी बताया।

कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा से जुड़े कार्यों के लिए जमीन उपलब्ध कराने में देरी को लेकर पूर्ववर्ती राज्य सरकार पर

निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार वर्ष 2024 से 1,129 एकड़ जमीन की मांग कर रही थी, लेकिन बार-बार अनुरोध के बावजूद जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री को आमंत्रित किए जाने के बावजूद उन्होंने कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। इसके विपरीत अमित शाह ने वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के कार्यकाल में प्रशासनिक स्तर पर सहयोग मिलने का दावा किया। उन्होंने कहा कि अब ऐसी व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें प्रशासनिक मंजूरी पहले मिलती है और पत्र बाद में आता है। कार्यक्रम में उन्होंने सिलीगुड़ी में करीब 80 एकड़ जमीन पर नए प्रशासनिक भवन के निर्माण की भी घोषणा की।

गृहमंत्री ने कहा कि देश की सीमा सुरक्षा के साथ बुनियादी ढांचे को मजबूत करना भी केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लाल किले पर आयोजित भव्य वंदे मातरम् समारोह का जिक्र करते हुए कहा कि देश की समग्र सुरक्षा, आधारभूत संरचना और सीमाओं को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार हर आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय के माध्यम से आने वाले दिनों में देश की सुरक्षा को और मजबूत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

दुनिया की सबसे मूल्यवान रियल एस्टेट कंपनी 'एवरग्रैंड' दिवालिया

एजेंसी, बीजिंग

2017 में दुनिया की सबसे मूल्यवान रियल एस्टेट कंपनी बनी चीन की एवरग्रैंड को कोर्ट ने शुक्रवार को दिवालिया घोषित कर दिया है। इससे पहले बीरवार को धोखाधड़ी के मामले में कंपनी के फाउंडर हुई का यान को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। कंपनी पर करीब 28 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था। एवरग्रैंड के फाउंडर हुई का यान की कहानी गांव के एक गरीब लड़के के शहरी सपनों का सौदागर बनकर चीन का सबसे अमीर आदमी बनने की

चीनी फाउंडर हुई का यान को उम्रकैद

है। उसने 'एवरग्रैंड' नाम का एक ऐसा विशाल साम्राज्य खड़ा किया, जो गगनचुंबी इमारतें बनाता था, फुटबॉल क्लब खरीदता था। मॉडल सरल था- जमीन खरीदो, नींव डालने से पहले ही कागजों पर पूरे फ्लैट बेच दो और ग्राहकों से मिले उस एडवांस पैसे से अगला प्रोजेक्ट शुरू कर दो। लेकिन ताश के पत्तों से बने इस महल की बुनियाद बेतहाशा कर्ज पर टिकी थी। जब सरकार ने कर्ज के नल बंद किए, तो साम्राज्य भरभराकर ढह गया। (अनंत ज्ञान)

सेंसेक्स-निफ्टी मामूली बढ़त के साथ हुए बंद

एजेंसी, मुंबई। शेयर बाजार 21 अगस्त को फ्लैट बंद हुआ। सेंसेक्स सिर्फ 3 अंक चढ़कर 77,540 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 20 अंक की तेजी रही, ये 24,252 के स्तर पर बंद हुआ। मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई है। बाजार में शुक्रवार का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहा। हालांकि, अंततः बाजार ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबार समाप्त किया। मध्य पूर्व में जारी भू-राजनीतिक तनाव ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। इस कारण बाजार में बड़ी तेजी देखने को नहीं मिली। (अनंत ज्ञान)

सोना 2,419 और चांदी 6,623 रुपए हुई महंगी

एजेंसी, मुंबई। सोने-चांदी की कीमतों में 21 अगस्त को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी की कीमत 6,623 रुपए बढ़कर 2.44 लाख रुपए पहुंच गई। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,419 रुपए बढ़कर करीब 1.60 लाख रुपए हो गया है। इस महीने यानी अगस्त में 21 दिन में सोना 16,639 और चांदी 26,094 रुपए महंगी हो चुकी है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, सोना इस साल के आखिर तक 1 लाख 70 हजार रुपए तक जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

इमरान खान को अस्पताल से फिर अडियाला जेल भेजा

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मेडिकल जांच के बाद शुक्रवार को इस्लामाबाद के शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल से वापस अडियाला जेल भेज दिया गया।

जियो न्यूज के मुताबिक, अस्पताल पहुंचने के बाद 6 डॉक्टरों की टीम ने उनकी मेडिकल जांच की। जांच के बाद डॉक्टरों ने कहा कि इमरान खान को अस्पताल में भर्ती रखने की जरूरत नहीं है और उन्हें जेल में ही रखा जा सकता है। इसके बाद इमरान खान को कड़ी सुरक्षा के बीच वापस रावलपिंडी की अडियाला जेल ले जाया गया।

अस्पताल लाए जाने के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। गुरुवार देर रात उन्हें अडियाला जेल से शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल लाया गया था। इमरान के अस्पताल पहुंचने के बाद सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गई थी। अस्पताल की सभी लाइटें बंद कर दी गईं। स्टाफ के मोबाइल फोन भी जमा करा लिए गए और अस्पताल के बाहर मौजूद मीडिया को वहां से हटा दिया गया। मेडिकल जांच पूरी होने के बाद इमरान को वापस जेल भेज दिया गया। (अनंत ज्ञान)

असर भारतीय हवाई सेवाओं पर भी नजर आ रहा अमेरिका-ईरान युद्ध का असर

देसी एयरलाइंस की इंटरनेशनल उड़ानों में आई गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध का असर भारत की हवाई सेवाओं पर भी नजर आ रहा है। अप्रैल-जून की पहली तिमाही में भारतीय एयरलाइंस की अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में 26 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके उलट विदेशी एयरलाइंस ने 7 प्रतिशत ज्यादा यात्री ढोए। डीजीसीए के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान भारत से आने-जाने वाले कुल यात्रियों की संख्या भी 10.5 प्रतिशत घटकर 1.9 करोड़ से करीब 1.7 करोड़ रह गई है।

दुबई की एयरलाइन एमिरेट्स को इस दौरान फायदा हुआ। यूएई ने लंबे समय तक विदेशी एयरलाइंस की उड़ानों पर पाबंदियां रखीं। इसका फायदा एमिरेट्स को मिला और भारत आने-जाने वाले उसके यात्रियों की संख्या 7 प्रतिशत बढ़कर करीब 14.8 लाख हो गई। पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 13.8 लाख थी। वहीं, अबू धाबी की

एयर इंडिया के यात्रियों में 36 प्रतिशत की कमी

एयर इंडिया ग्रुप (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) की अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में भी बड़ी गिरावट आई है। अप्रैल-जून 2026 में ग्रुप ने 27.6 लाख यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में सफर कराया। पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 43.3 लाख थी। यानी करीब 36 प्रतिशत की कमी आई। एयर इंडिया ने पिछले साल जून में अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भी कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें कम की थीं।

अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में विदेशी कंपनियों का दबदबा बढ़ा

एतिहाद पर इसका असर काफी कम रहा। अप्रैल-जून में भारत आने-जाने वाले उसके यात्रियों की संख्या पिछले साल की करीब 8.5 लाख से सिर्फ 1,939 कम रही।

अमेरिका-ईरान संघर्ष से पहले से दबाव झेल रही भारतीय एयरलाइंस की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पिछले साल अप्रैल से पाकिस्तान के एयरस्पेस बंद होने के कारण भारतीय एयरलाइंस की उत्तर भारत और पश्चिमी देशों के बीच भी उड़ानें प्रभावित हैं। दिल्ली इस नेटवर्क का बड़ा केंद्र है, जहां एयर इंडिया और इंडिगो की कई उड़ानें संचालित होती हैं। (अनंत ज्ञान)